हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 7 अगस्त 2026

अब न देरी, न दूरी

नामांतरण, सीमांकन व फाइलें अब अटकेंगी नहीं, होगा ऑन-द-स्पॉट क्लीयरेंस!

हर योग्य किसान को फार्मर ID और टॉप-क्वालिटी खाद-बीज की इंस्टेंट डिलीवरी

आयुष्मान कार्ड का 100% कवरेज + हॉस्पिटल्स का ऑन-ग्राउंड सरप्राइज ऑडिट

e-KYC और आधार कार्ड अपडेशन बिना किसी झंझट के तुरंत डन!

कुटीर व लोकल बिजनेस को N.O.C. और स्वीकृतियों का सुपरफ़ास्ट अप्रूवल

PM आवास, नल से जल, राशन और लॉ एंड ऑर्डर का स्ट्रिक्ट ऑन-स्पॉट चेक

लोक सेवा गारंटी प्रकरणों का शत-प्रतिशत समाधान, सरकारी कार्यप्रणाली का इवैल्यूएशन और जनसमस्याओं का क्विक सॉल्यूशन

आंगनवाड़ी सेवाओं व बच्चों के पोषण की निगरानी और स्कूल-कॉलेजों की शिक्षा का मूल्यांकन

सड़क, तालाब, अमृत सरोवर और अन्य विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

अब सरकार हमारे द्वार

शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा

छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश

D-11073/26

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027

हर शुक्रवार, सरकार जनता के द्वार

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026

बलराम कृषि महोत्सव

15 जुलाई से 13 नवंबर 2026

अन्नदाता का सम्मान, आधुनिक कृषि के नवाचार और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक ही मंच पर समागम

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

भोपाल संभाग में महोत्सव

सीहोर	राजगढ़	भोपाल	रायसेन	विदिशा
7 अगस्त	9 अगस्त	11 अगस्त	13 अगस्त	16 अगस्त

मुख्य अतिथि

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

- किसान और संवाद
- सम्मान का गौरवपूर्ण मंच
- आधुनिक कृषि का प्रदर्शन
- कृषि और संस्कृति का संगम

D-11072/26

किसानों के हित में विभागों द्वारा कार्य

- 490 लाख मीट्रिक टन उद्यानिकी उत्पादन का लक्ष्य
- 4 गुना मुआवजा कृषि भूमि अर्जन पर
  ₹12 हजार पीएम किसान सम्मान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण में सालाना
- 10 हॉर्सपावर तक ऊर्जा प्रभार में सब्सिडी
  ₹5 में बिजली का स्थाई कनेक्शन
- 60% खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहन

- 50 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संकलन का लक्ष्य
- 5,562 दुग्ध समितियों के माध्यम से
  83 हजार सदस्यों का वित्तीय समावेशन
- 0% ब्याज दर पर फसल ऋण, भुगतान हेतु साल भर की सुविधा
- 32 लाख किसानों को पीएम कुसुम योजना सोलर पंप का लक्ष्य

- स्वरोज़गार को बढ़ावा महिला एवं ग्रामीण युवा जुड़ेंगे कुटीर उद्योगों से
- 1000 होम-स्टे बनाने का लक्ष्य ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन
- जागरुकता का प्रसार कृषक कल्याणकारी कार्यक्रमों का
- 100 लाख हेक्टेयर सिंचाई को वर्ष 2028-29 तक करने का लक्ष्य

- वित्त पोषण नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स से सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार
- संस्कृति को प्रोत्साहन श्री अन्न, ग्रामीण व्यंजन एवं स्थानीय परम्पराओं को प्रोत्साहन
- 50% तक सब्सिडी कृषि आधारित उद्योगों को
- ₹6000 करोड़ के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य
- ₹12,400 करोड़+ का संभावित निवेश

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

भोपाल

शुक्रवार, 7 अगस्त 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष- 9
वर्ष : 13, अंक : 127
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

उनसे सवाल था
आपकी जीत ने भाजपा की जिला कार्यकारिणी को भंग करवा दिया, कितना दुखी हैं आप?

दतिया से नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास मुलाकात

वे एकतरफा जीत की उम्मीद कर रहे थे... हालांकि ये छोटी हार है पर उनको लगता है कि हमारी छोटी नहीं बल्कि करारी हार हुई है, इसलिए वो लड़ रहे हैं

यह भी बोले घनश्याम सिंह

भाजपा के असंतुष्ट लोगों ने मेरी मदद की

राजेंद्र भारती ने मेरे लिए जीत की अपील तक नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह का का कहना है कि 6000 की मार्जिन बड़ी नहीं है। लेकिन भाजपा छोटी सी हार से बहुत बौखलाई हुई है। उन्हें लगता था हम पैसे के दम पर पूरी जनता, वोटर और कांग्रेस के एजेंट्स को खरीद लेंगे। एक तरफा वोटिंग करवाएंगे। जहां होगा वहां बूथ कैप्चरिंग करवाएंगे। 10, 20, 50 हजार से एक तरफा जीतेंगे। जिस तरह की भाजपा राजनीति करती है उनकी यह सब योजना थी। उनको (भाजपा) को लगता है कि हमारी छोटी सी नहीं बल्कि बहुत करारी हार हुई है।

इसलिए वो लड़ रहे हैं। घनश्याम सिंह ने यह बात दतिया उप चुनाव जीतने के बाद 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में कही।

उनसे पूरी बातचीत

■ **प्रश्न: कितने अचंभित हैं चुनाव में अपनी जीत को लेकर?**
उत्तर: चुनाव की जीत से तो अचंभित नहीं हूं, ये तो होना ही था। हालांकि, ज्यादा बड़े मार्जिन से जीत होनी थी। हमारी लड़ाई आशुतोष तिवारी से नहीं थी बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मध्यप्रदेश शासन से थी। इस चुनाव में शासन ने हर तरह के हथकंडे अपनाए। पूरा मंत्रिमंडल यहां पड़ा रहा, सीएम, दोनों डिप्टी सीएम, 15 मंत्री, एक-एक बूथ गए, गांव-गांव गए। तरह-तरह के आश्वासन दिए, लोक-लालच दिए, कहीं-कहीं धमकी भी दी।

■ **प्रश्न: आप और आशुतोष तिवारी दोनों ही भितरघात की बात कह रहें हैं, क्या कहना चाहेंगे?**
उत्तर: हर पार्टी में मनमुटाव तो होता ही है लेकिन अक्सर उसे थाम लिया जाता है। मान-मनौव्वल करते हैं। वरिष्ठ नेता आश्वासन देते हैं और चुनाव आने तक अधिकतर स्थिति ठीक हो जाती है। फिर भी कई बार लोग नहीं मानते हैं, चुपचाप विरोध करते हैं। इस चुनाव में थोड़ा ज्यादा हुआ। हमारे कांग्रेस पार्टी में खुलकर भीतरघात हुआ। अब दूसरी पार्टी में क्या हुआ ये तो वो जानें।

■ **प्रश्न: भाजपा में जो हुआ क्या वो आपके बिना संपर्क के हुआ?**
उत्तर: भाजपा के लोगों से मेरा कोई संपर्क नहीं था। हां, घर ▶▶ शेष पेज 6 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

एमईए की अब सोशल मीडिया स्नैपचैट पर एंट्री

नई दिल्ली। युवाओं और जेन-जी से संवाद बढ़ाने के उद्देश्य से भारत का विदेश मंत्रालय अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट पर भी शामिल हो गया है। मंत्रालय ने यह जानकारी एक्स पर दी है। अब युवाओं की पहुंच आसान होगी।

नौकरी का झांसा देकर होटल में रेप, 3 अरेस्ट

मुरैना। ग्वालियर की 26 वर्षीय युवती आरोप है कि मुरैना निवासी शिवा परमार ने उसे नौकरी का झांसा देकर एक होटल में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा है।

कलेक्ट्रेट में सरपंच ने की आत्महत्या की कोशिश

बुरहानपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में सीतापुर गांव के सरपंच अमर सिंह मंडलोई ने ज़हर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। प्रशासनिक उदासीनता से परेशान होकर सरपंच ने ये कदम उठाया। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

आज से प्रदेश भर में शुरू होगा 'जनविश्वास अभियान'

सीएम डॉ. यादव का नवाचार

आज मैदान में उतरेगी सरकार, मौके पर ही होगा समस्याओं का समाधान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अभियान का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव, फील्ड की वास्तविक स्थितियों का फीडबैक प्राप्त करना, प्रशासन के पर्यवेक्षण तंत्र को सुदृढ़ करना और प्रशासन की पारदर्शी और संवेदनशील छवि का निर्माण करना है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का एक विशेष जनोन्मुखी नवाचार शुक्रवार 7 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। इसे जनविश्वास अभियान नाम दिया गया है। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को मंत्रालय से लेकर संभाग, जिलों तक के सभी अफसर फील्ड में जनता के सामने होंगे और उनकी समस्याओं, शिकायतों का समाधान करेंगे। सीएम सहित सभी मंत्री कहीं न कहीं इस अभियान में शामिल होंगे। डॉ. यादव छिंदवाड़ा जिले में शामिल होकर अभियान का शुभारंभ करेंगे। सरकार ने अफसरों को पहले ही इसे लेकर मुस्तैद कर दिया था। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। अभियान का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव, शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण करना, फील्ड की वास्तविक स्थितियों का फीडबैक प्राप्त करना, पर्यवेक्षण तंत्र को सुदृढ़ करना और प्रशासन की पारदर्शी और संवेदनशील छवि का निर्माण करना है।

डॉ. मोहन यादव

दफ्तर छोड़ फील्ड में जनता के सामने होंगे मंत्रालय से लेकर जिले तक के अधिकारी

दो प्रकार के कार्यक्रम जन-संवाद और उद्योग संवाद आयोजित किए जाएंगे

मुख्यमंत्री और मंत्री भी होंगे शामिल, शासन और प्रशासन ने पूरी कर ली तैयारी

डॉ. यादव छिंदवाड़ा जिले में शामिल होकर अभियान का शुभारंभ करेंगे

आज किसी भी स्तर पर नहीं होगी कोई बैठक

अभियान के दौरान प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार के दिन पूरे प्रदेश में अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर किसी भी स्तर पर कोई बैठक आयोजित नहीं की जाएगी। यह दिन केवल फील्ड भ्रमण को समर्पित रहेगा। जिला कलेक्टर एक सप्ताह पूर्व भ्रमण का क्षेत्र चिन्हित करेंगे और जन-प्रतिनिधियों को अवगत कराएंगे। एक सप्ताह पूर्व ही संबंधित क्षेत्र के सीएम हेल्पलाइन, जन-सुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण ▶▶ शेष पेज 6 पर

सादगी और मितव्ययिता से संचालित होगा अभियान

संपूर्ण अभियान सादगी और मितव्ययिता से संचालित होगा। साज-सज्जा आदि गैर जरुरी व्ययों से परहेज किया जाएगा। साथ ही वाहनों की पूलिंग होगी और शासकीय संस्थाओं, सार्वजनिक स्थान पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

जन-विश्वास अभियान के सबसे अहम बिंदु

अभियान के दौरान खासकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल की उपलब्धता तथा टंकी निर्माण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। आंगनबाड़ी का निरीक्षण एवं कुपोषण से मुक्ति के लिए आंगनवाड़ी में बच्चों के वजन और ऊंचाई के मापन की स्थिति जानी जाएगी। स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण एवं डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ, दवाएं, उपकरण आदि की उपलब्धता एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के प्रदाय की स्थिति की जांच की ▶▶ शेष पेज 6 पर

हैंडलूम डे पर पीएम मोदी की अपील

बोले-हैंडलूम अपनाएं, बुनकरों की आजीविका बनाएं मजबूत

7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस उत्साह से मनाने का आह्वान

सोशल मीडिया पर हैंडलूम उत्पादों को बढ़ावा देने की भी अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (7 अगस्त) से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर दो मिनट का वीडियो जारी कर देशवासियों से भारतीय हस्तकरघा उत्पादों को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हथकरघे से बुने कपड़े खरीदना केवल वस्त्र खरीदना नहीं, बल्कि देश के लाखों बुनकरों और गरीब परिवारों की आजीविका को मजबूत करने में योगदान देना है। पीएम ने कहा कि 7 अगस्त का दिन भारतीय इतिहास में विशेष महत्व रखता है। इसी दिन वर्ष 1905 में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी, जिसने देश को आत्मनिर्भरता और स्वदेशी ▶▶ शेष पेज 6 पर

हैंडलूम उत्पाद खरीदें फोटो, वीडियो या रील साझा करें

पीएम मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि वे हैंडलूम उत्पाद खरीदें, उन्हें पहनें और सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो या रील साझा कर दूसरों को भी भारतीय हस्तकरघा अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक इस अभियान का ब्रांड एंबेसडर बन सकता है और अपने छोटे-से प्रयास से बुनकरों की आय बढ़ाने में भागीदार बन सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब समाज के अंतिम पंक्ति के परिवार भी आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से 7 अगस्त को पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की।

यौन उत्पीड़न मामला

तेजपाल को 10 साल की सजा, लाखों का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ पणजी

■ बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने दोषी करार दिया

'तहलका' के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने दोषी करार देते हुए 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने उन पर 10 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। हाई कोर्ट ने मई 2021 में गोवा की निचली (ट्रायल) अदालत द्वारा ▶▶ शेष पेज 6 पर

आंगनबाड़ी भर्ती में रिश्वतखोरी

डीपीओ दीक्षित सस्पेंड कमिश्नर ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

■ कलेक्टर की रिपोर्ट पर कार्रवाई

आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में कथित रिश्वतखोरी और पैसों के लेन-देन के मामले में छतरपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) दिनेश कुमार दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर मृणाल मीणा की रिपोर्ट के आधार पर सागर संभाग के आयुक्त अनिल सुचारी ने यह सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की है। निलंबन आदेश ▶▶ शेष पेज 6 पर

ड्रेसर न मिलने पर स्वयं लगाए 7 टांके

डॉ. विक्रांत ने घायल महिला की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ

■ अस्पताल पहुंचाया, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

झाबुआ से कांग्रेस विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने एक बार फिर एक चिकित्सक के रूप में अपनी मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। कल्याणपुर क्षेत्र के दौरे के दौरान बावड़िया गांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल महिला शांति मेड़ा को देखकर उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई। महिला के सिर से भारी मात्रा में खून बह रहा ▶▶ शेष पेज 6 पर

पूर्व गृहमंत्री से मुलाकात पर कहा- ये केवल शिष्टाचार भेंट

आशुतोष बोले-हार में नरोत्तम कितने जिम्मेदार, जांच समिति तय करेगी

हार का दुःख नहीं अपनों की गतिविधियों से ज्यादा पीड़ा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आशुतोष तिवारी

नरोत्तम मिश्रा

दतिया उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे आशुतोष तिवारी ने कहा है कि हार के लिए पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा सहित कौन जवाबदार है कौन नहीं? इसका निर्णय जांच समिति करेगी। वही समीक्षा करेगी कि किस व्यक्ति के बारे में क्या मत है और जो भी विषय सामने आएंगे, उन्हें संज्ञान में लिया जाएगा। गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचे तिवारी ने कहा कि उन्हें चुनाव हारने का उतना ▶▶ शेष पेज 6 पर

नरोत्तम दिल्ली होते हुए पहुंचे हरिद्वार

आशुतोष इधर भोपाल में प्रदेश भाजपा के नेताओं से मेल-मुलाकात कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ नरोत्तम मिश्रा भोपाल से बुधवार रात को ट्रेन से अचानक दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि मैं हरिद्वार आया हूं। राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली तक आया था।

कुआलालंपुर से कोच्चि आ रहे विमान में हवा में बवाल

यात्री ने विंडो पैनल तोड़ा, इमरजेंसी एग्जिट खोलने की कोशिश, क्रू-यात्रियों को धमकी

केरल पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से कोच्चि आ रही बाटिक एयर की फ्लाइट (ओडी231) में बुधवार रात एक यात्री की खतरनाक करतूत से बड़ा हादसा टल गया। सीट नंबर 12ए पर बैठे 36 वर्षीय यात्री जमशीर अथानिक्कल ने हवा में उड़ते बोइंग 737 विमान के आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) द्वार की खिड़की के पैनल को लात मारकर तोड़ दिया और दरवाजा जबरन खोलने का प्रयास किया। पुलिस की एफआईआर के अनुसार यह घटना रात लगभग 9:30 बजे से 11:05 बजे के बीच घटी। आरोपी को ऐसा करने से रोकने की कोशिश करने पर उसने केबिन क्रू और सह-यात्रियों के ▶▶ शेष पेज 6 पर



बोइंग 737 विमान की खिड़की का पैनल टूटा हुआ

जेन-जी के समर्थन में बोले आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत

संघ प्रमुख ने कहा आज का युवा अधिक देशभक्त और तार्किक

आंदोलन करना राष्ट्रविरोधी नहीं, ये लोकतंत्र का हिस्सा...उनकी शिकायतें 'वास्तविक'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में आयोजित 'इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस' सम्मेलन में युवाओं को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी जायज मांगों के लिए आंदोलन करने वाले युवाओं को 'राष्ट्रविरोधी' कहना गलत है। लोकतंत्र में आंदोलन अपनी बात रखने और संवाद शुरू करने का एक वैध माध्यम है, और इसका समाधान संविधान के ▶▶ शेष पेज 6 पर



सम्मेलन में युवाओं से बात करते संघ प्रमुख

जेन-जी और जेन-अल्फा की सोच को बताया सकारात्मक

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी बिना समझे किसी बात को स्वीकार नहीं करती। वे हर विषय पर तार्किक और तथ्य-आधारित जवाब चाहते हैं। भागवत ने कहा कि आज का युवा हमारी पीढ़ी से अधिक ईमानदार, जिम्मेदार और देशभक्त है। भारतीय संस्कृति में 'शास्त्रार्थ' की परंपरा रही है, इसलिए युवाओं के सवालों का तार्किक जवाब दिया जाना चाहिए।

शिक्षा और रोजगार पर दिया विशेष जोर

शिक्षा व्यवस्था पर बात करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि शिक्षा को व्यापार नहीं बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनाना होगा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने, शिक्षकों के खाली पदों को भरने और शिक्षा बजट को 6 प्रतिशत तक बढ़ाने की मांग का समर्थन किया। रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केवल सरकारी या निजी नौकरी ही एकमात्र विकल्प नहीं है। युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाना चाहिए ताकि वे नए अवसर पैदा कर सकें।

निर्वाचन कार्यों में अविश्वास का कारण बन जाती है छोटी सी लापरवाही: राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निर्वाचन कार्यों में छोटी सी लापरवाही अविश्वास का कारण बन जाती है। अतः प्रशिक्षण कार्यशाला में अपनी सभी शंकाओं का समुचित समाधान करें और अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दें। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने यह बातें उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स की राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में कही। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि स्थानीय निकायों के निर्वाचन तुलनात्मक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। निर्वाचन प्रक्रियाओं की नवीनतम तकनीकों को अपनाने के साथ ही इस बात पर विशेष ध्यान दें कि इन तकनीकों पर मतदाताओं का पूरा विश्वास कायम रहे। मतदान की पवित्रता को मतदाता हमेशा याद रखता है।

निर्वाचन अधिकारियों–मास्टर ट्रेनर्स की कार्यशाला में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव।

राज्य निर्वाचन आयोग नवाचारों में अग्रणी

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग नवाचारों में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन में छोटी सी त्रुटि भी क्षम्य नहीं है। प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। कार्यशाला में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स पीएन सनेसर ने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, समीरा नईम ने इलेक्शन रिजल्ट, डॉ संजय गाडगे ने ईव्हीएम रेण्डमाइजेशन, डॉ. महेश अग्रवाल ने आईपी बीएमएस और आयोग के विधिक सलाहकार डॉ. प्रदीप शुक्ला ने व्यय लेखा एवं आदर्श आचरण संहिता के बारे में जानकारी दी। उप सचिव संजू कुमारी ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव मनोज मालवीय, सतीश शाक्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

वेबकास्टिंग करने पर विचार

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदान की प्रक्रिया की वेबकास्टिंग करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईव्हीएम के माध्यम से मतदान एक साथ कराने पर भी गहन विचार-विमर्श किया जा रहा है। श्रीवास्तव ने बताया कि सहयोगात्मक संघवाद की भावना के अनुरूप किराये पर मध्यप्रदेश, त्रिपुरा, सिक्किम, महाराष्ट्र और राजस्थान में स्थानीय निकायों के निर्वाचन के लिए ईव्हीएम उपलब्ध कराई गई हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि स्थानीय निर्वाचन लोकतंत्र की प्रयोगशाला हैं। मध्यप्रदेश में स्थानीय निकायों के निर्वाचन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही अन्य कई प्रयोग किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कॉन्फिडेंस नीचे तक पहुंचना चाहिए। इससे कार्य में सुगमता आती है। मतदान के दौरान ऐप के माध्यम से रियल टाइम रिपोर्टिंग करें।

दिल्ली में 7वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, प्रदेश के हरित ऊर्जा मॉडल का हुआ प्रेजेंटेशन

नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र ने बनाई अग्रणी राज्यों में विशेष पहचान: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली मेट्रो से किया सफर

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश वर्ष 2030 तक देश के 500 गीगा वॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। राज्य नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तथा हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मप्र इस क्षेत्र में आज देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

डॉ यादव दिल्ली में आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में शामिल होने के लिए एयरपोर्ट से दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के माध्यम से शिवाजी स्टेडियम तक यात्रा कर स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। सम्मेलन में मध्यप्रदेश ने स्वच्छ एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों और भविष्य की कार्य योजना का प्रभावी प्रेजेंटेशन दिया।

दिल्ली में आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवकरणीय ऊर्जा के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए एयरपोर्ट से दिल्ली मेट्रो की सवारी की और उसके परिचालन को समझा।

अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब के रूप में उभर रहा मप्र

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य में निवेश-अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और पर्याप्त प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता से मध्यप्रदेश देश के अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब के रूप में तेजी से उभर रहा है। सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा, हरित प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। यह आयोजन स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने तथा सतत विकास के लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

कहा, मध्यप्रदेश 8 राज्यों को कर रहा ऊर्जा की आपूर्ति

नवकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में कई राज्यों का योगदान

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि देश जल्द ही 300 गीगावाट स्थापित गैर-जीवाश्म विद्युत क्षमता का आंकड़ा पार करेगा तथा प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना से 50 लाख से अधिक परिवार रूफटॉप सोलर का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों ने नवकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और सभी राज्यों से सस्टेनेबल डेवलपमेंट, ऊर्जा दक्षता, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ ऊर्जा के व्यापक उपयोग पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

निवेश और नवाचार को दी नई दिशा

सीएम ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में मध्यप्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 438 मेगावॉट से बढ़कर 11,000 मेगावाट हो गई है, जो लगभग 25 गुना वृद्धि है। पिछले 2 वर्षों में राज्य सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण तथा बायोमास नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को नई दिशा दी है। डॉ यादव ने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मध्यप्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों, हरित ऊर्जा की अपार संभावनाओं और औद्योगिक क्षमताओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश आने वाले वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनेगा।

डॉ यादव ने नई दिल्ली में मीडिया प्रतिनिधियों से की चर्चा

हरित ऊर्जा के लिए मप्र द्वारा किए जा रहे कार्य की विश्वभर में चर्चा: मुख्यमंत्री डॉ यादव

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे तेज गति से कार्य कर रहा है। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के उत्पादन के प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं। इस तरह का ऊर्जा उत्पादन 24 घंटे होगा। इस पर कार्य जारी है और मध्यप्रदेश द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की विश्वभर में चर्चा होगी।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया में एक संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश भारतीय रेलवे सहित 8 राज्यों में ऊर्जा की आपूर्ति का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनेगा। नई दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ सातवें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन और प्रदर्शनी में सम्मिलित होकर मध्यप्रदेश के हरित ऊर्जा मॉडल, निवेश अनुकूल नीतियों और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति से सभी को अवगत करवाया गया है। डॉ यादव ने कहा कि गत 2 वर्ष में राज्य सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण और बायोमास नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना में 2.14 रुपए प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर टैरिफ प्राप्त हुआ है। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ऐसे प्रयासों के कारण ही मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय रेलवे सहित 8 राज्यों में हरित ऊर्जा उपलब्ध करवाया जाना संभव हो सका है। यह गर्व करने योग्य उपलब्धि है।

लोकतांत्रिक परंपराओं के मुद्दों पर हुई सार्थक चर्चा

लोकसभा अध्यक्ष बिरला और केंद्रीय मंत्री पाटिल से मिले सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में गुरूवार को ओम बिरला से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने, संसदीय परंपराओं तथा जनहित एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने देश एवं मध्यप्रदेश के विकास, सुशासन तथा जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल से पेयजल उपलब्धता पर चर्चा

इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से सौजन्य भेंट की।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मिले मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच प्रदेश के विकास, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार संवर्धन तथा जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

पार्टी अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात....

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से सौजन्य मुलाकात की।

खबर संक्षेप

पदोन्नति के आदेश पर कर्मचारी नेता सुशील पांडेय का सम्मान

भोपाल। कर्मियों की लंबित मांगों के निराकरण व सरकार का ध्यान आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारी नेता शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय का जल संसाधन के कर्मचारियों ने स्वागत किया। परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गहरवार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महेश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि पाण्डेय का सहायक ग्रेड 2 की पदोन्नति एवं मंडल अधीक्षक के पद का उच्च समयमान वेतनमान मिलने पर और डिवीजन का स्थापना प्रभारी बनाए जाने पर विभाग के कर्मचारियों द्वारा सुशील पांडेय का माला पहनाकर सम्मान किया गया है।

पूर्व मंत्री जैन के निवास पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्वर्गीय पारस जैन के उज्जैन स्थित निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, मध्यप्रदेश तीर्थ एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोटिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित पार्टी के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सहकारी आंदोलन को भाजपा सरकार ने किया कमजोर

कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक 11 अगस्त को, जनआंदोलन की बनेगी रणनीति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 11 अगस्त को भोपाल में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है।

बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी,पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रदेश में विपक्ष की भूमिका को और अधिक जनोन्मुखी, प्रभावी तथा जमीनी स्तर तक ले जाने की रणनीति तय की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं विधानसभा प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के स्थानीय जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को चिन्हित कर उन्हें संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाएं। कांग्रेस अब राष्ट्रीय और प्रांतीय मुद्दों के साथ-साथ गांव से लेकर राजधानी तक के स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता से जनता के बीच ले जाएगी।

नायक गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। नायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश की नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, सहकारी बैंक, मंडी समितियां, उपभोक्ता भंडार एवं अधिकांश स्वायत्त संस्थाओं पर भाजपा का राजनीतिक कब्जा हो चुका है। विशेष रूप से सहकारी आंदोलन को भाजपा सरकार ने गंभीर रूप से कमजोर किया है। सरकार ने कानून में संशोधन कर सहकारी बैंकों में निर्वाचित व्यवस्था को समाप्त करते हुए अध्यक्षों को अनिश्चितकाल तक नामित रखने का प्रावधान कर दिया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और सहकारिता की मूल भावना पर आघात पहुंचा है तथा इन संस्थाओं का राजनीतिक उपयोग किया जा रहा है। नायक ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश के हर जनहित के मुद्दे को पूरी मजबूती से उठाती रहेगी तथा पीएसी की बैठक के बाद संगठनात्मक और जनआंदोलन की आगामी रूपरेखा भी तय की जाएगी।

कामले कांग्रेस परिसंपत्ति विभाग के चेयरमैन नियुक्त

भोपाल। कांग्रेस द्वारा संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत, कल प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों की कार्यकारिणियों को भंग कर दिया गया था। गुरुवार को पुनर्गठन की शुरुआत करते हुए संगठन महामंत्री डॉ संजय कामले को प्रदेश कांग्रेस परिसंपत्ति एवं संपत्ति विभाग का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी की गई है। इसी क्रम में आगामी दिनों में प्रदेश कांग्रेस के सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों की नई कार्यकारिणियों की भी चरणबद्ध घोषणा की जाएगी। संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह पुनर्गठन किया जा रहा है।

दतिया उपचुनाव के मद्देनजर जीत का इनाम

कांग्रेस ने अवधेश नायक को बनाया प्रदेश महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस ने जिले के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की सहमति से अवधेश नायक को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। पार्टी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में उनसे संगठन के सिद्धांतों व अनुशासन के अनुरूप पार्टी को मजबूत करने की अपेक्षा जताई गई है।

■ पटवारी ने जारी किया नियुक्ति आदेश

उल्लेखनीय है कि 2023 के विधानसभा चुनाव और हाल ही में संपन्न हुए 2026 के दतिया उपचुनाव में अवधेश नायक का नाम टिकट की रेस में सबसे आगे चल रहा था।

दोनों बार टिकट न मिलने के बावजूद उन्होंने पार्टी से नाराजगी दूर कर कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह के समर्थन में पूरी ताकत झोंक दी थी।

अपनी नियुक्ति पर आभार जताते हुए अवधेश नायक ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और आगामी 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए समर्पित होकर काम करेंगे।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने किशन बंजारे

भोपाल। भाजपा ने संगठनात्मक विस्तार के तहत किसान मोर्चा में नई नियुक्तियां की हैं। पार्टी ने किशन बंजारे को किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। किशन बंजारे की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उनके नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय कार्यशैली का लाभ किसान मोर्चा को मिलेगा तथा जिले में संगठन और अधिक मजबूत होगा। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष किशन बंजारे को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

हाईकोर्ट के फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की कार्यप्रणाली पर सवाल

मुख्य सचिव को कहा – 7 दिन में प्रदेश के बाहर के तीन वैज्ञानिक अधिकारियों की स्वतंत्र समिति गठित करें, जो इन रिपोर्टों की जांच करेगी

5 वर्षों तक की 20% डीएनए रिपोर्टों की रैंडम जांच कराने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल स्थित राज्य फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पिछले पांच वर्षों में तैयार हुई डीएनए और अन्य वैज्ञानिक रिपोर्टों में से 20 प्रतिशत रिपोर्टों की रैंडम जांच कराने का आदेश दिया है।

जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विवेक जैन की विशेष डिवीजन बेंच ने राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 7 दिनों के भीतर प्रदेश के बाहर के तीन विशेषज्ञ वैज्ञानिक अधिकारियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करें। यह समिति 6 महीने के भीतर चयनित रिपोर्टों की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को नियत की गई है।यह सख्त रुख अदालत ने नर्मदापुरम जिले के इटारसी निवासी पंकज कुमार बिंदोलिया द्वारा पॉक्सो मामले में सुनाई गई उम्रकैद की सजा के खिलाफ दायर आपराधिक अपील पर सुनवाई के दौरान अपनाया। सुनवाई के दौरान जब 31 दिसंबर 2024 की डीएनए रिपोर्ट सामने आई, तो उसमें गलत व्यक्ति का नाम दर्ज पाया गया। अदालत द्वारा तलब किए जाने पर एफएसएल की प्रभारी निदेशक डॉ. हर्षा सिंह ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्वीकार किया कि रिपोर्ट में नाम की यह त्रुटि कट-पेस्ट की वजह से हुई हो सकती है। इस घोर लापरवाही पर कड़ी टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि यदि डीएनए क्रोमोसोम के मिलान जैसे अत्यंत संवेदनशील आंकड़ों में ऐसी कट-पेस्ट की गलतियां स्वीकार की जाएंगी।

वैज्ञानिक साक्ष्यों का भरोसा हो जाएगा पूरी तरह खत्म?

न्याय प्रणाली में प्रस्तुत वैज्ञानिक साक्ष्यों की विश्वसनीयता ही पूरी तरह खत्म हो जाएगी। अदालत ने हाल ही में सामने आए आशीष गोंड बनाम मध्य प्रदेश राज्य मामले का हवाला देते हुए दोहराया कि वैज्ञानिक रिपोर्ट में एक छोटी सी त्रुटि भी किसी निर्दोष व्यक्ति के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को हमेशा के लिए प्रभावित कर सकती है। सुनवाई के दौरान प्रभारी निदेशक डॉ. हर्षा सिंह द्वारा अपनी शैक्षणिक पृष्ठभूमि बायोलॉजी या बायोकैमिस्ट्री न होने की बात स्वीकार करने पर, कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए।

मप्र कैडर 2005 के हैं आईएएस अफसर

राहुल सीनियर एडवाइजर नियुक्त तीन साल तक रहेगी प्रतिनियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी राहुल जैन को केंद्र सरकार की नियुक्ति समिति ने उन्हें अमेरिका के वाशिंगटन डीसी स्थित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत के कार्यकारी निदेशक के कार्यालय में सीनियर एडवाइजर नियुक्त करने की मंजूरी दी है। यह प्रतिनियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी। राहुल जैन फिलहाल कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

नई नियुक्ति के साथ उनकी मौजूदा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति समय से पहले समाप्त कर दी जाएगी। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अखिल भारतीय सेवाओं के 11 अधिकारियों को विभिन्न विदेशी और कैप्टिव पदों पर नियुक्त किया गया है।

रिकार्ड में 1566 कॉलोनियां, हर कॉलोनी में कई दुकानें, प्रतिष्ठान

शहर में 30 हजार चिन्हित संपत्तियां सीलिंग के दायरे में, निगम बना रहा एक्शन प्लान

संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति के जिम्मेदार बोले- सुप्रीम कोर्ट ने कोई रियायत नहीं दी, 15 सितंबर को अगली सुनवाई होगी, 5 हफ्ते में नगर निगम को अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करना है

- *मास्टर प्लान को लेकर एक्सपर्ट बोले- किसी भी शहर का मास्टर प्लान मूल संरचना के आधार पर बनता है*
- *निगम आयुक्त बोलीं- नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई*
- *रहवासियों के आरोप- रिहायशी इलाकों में चल रहे अवैध होटल, होस्टल और चाय-पान की दुकानें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में रिहायशी क्षेत्रों में व्यावसायिक उपयोग करने के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद राजधानी के 30 हजार से ज्यादा संपत्तियों को लेकर हड़कंप है। इससे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है कि उनका रोजगार बंद हो जाएगा और एक लाख से ज्यादा लोग बेरोजगार हो जाएंगे। लिहाजा मिक्स लैंड यूज किया जाए। जबकि सुप्रीम कोर्ट के अनुसार नगर निगम को 5 सप्ताह में अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करना है। संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति से जुड़े पदाधिकारियों का तर्क है कि निगम ने जितनी संपत्ति चिन्हित की है, उन्हें सीलिंग की कार्रवाई करना होगी। मिक्स लैंड यूज नहीं किया जा सकता। इधर नगर निगम ने अपना एक्शन प्लान बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि निगम प्रशासन इस मामले को लेकर खुलकर कुछ भी कहने से बच रहा है, लेकिन निगम आयुक्त संस्कृति जैन की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की बात जरूर कही गई है।

शहर के कई क्षेत्रों में रिहायशी मंजूरी और व्यवसायिक उपयोग लंबे समय से हो रहा है। नगर निगम बाकायदा व्यावसायिक टैक्स भी वसूल रहा है। पुराने शहर के चौक बाजार, बाग उमराव दूल्हा, इब्राहिमपुरा, लखेरापुरा, नदीम रोड, घोडा नक्कास, नादरा बस स्टैंड, शाहजहांनाबाद, काजीकैंप, डीआईजी बंगला चौराहा जैसे बड़े व्यापारिक केंद्र भी रिहायशी क्षेत्र में हैं। हजारों की संख्या में इन इलाकों में दुकानें, प्रष्ठिान, कोचिंग सेंटर, विभिन्न कार्यालय हैं। जहां लाखों लोग इन व्यवसाय से जुड़े हैं। ऐसे में अब उनकी बैचेनी भी बढ़ गई है। इसी तरह संत नगर, भेल, होशंगाबाद रोड, अयोध्या बायपास, बैरसिया रोड, भानपुर रोड, कोलार, सीहोर रोड जैसे क्षेत्रों में रिहायशी इलाकों की कॉलोनियों में व्यावसायिक संचालन हो रहा है। अवैध निर्माण की भरमार है।

रहवासी समिति ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का किया स्वागत, कहा- जल्द हो आदेश का पालन

दस नंबर मार्केट में नियम विरुद्ध बने बड़े बड़े शोरूम।

बीते दिनों संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति के बैनर तले निकाले गए पैदल मार्च में रचना नगर, शांति निकेतन, शाहपुरा, गुलमोहर और अरेरा कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों के नागरिक शामिल हुए। पैदल मार्च में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हुए। पैदल मार्च में महिलाएं, पुरुष और बच्चे विभिन्न स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर हाथ में लिए थे, जिन पर लिखा था कि सर्वोच्च न्यायालय का सम्मान हो और आदेश का पालन हो। कस्तूरबा नगर कल्याण समिति के बैनर पर अवैध निर्माण हटाओ-अवैध व्यवसाय बंद करो का स्लोगन लिखा था। इन क्षेत्रों के रहवासियों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर खुशी जाहिर करते हुए तत्काल कार्रवाई की बात कही है। अब जो आवासीय भूखंडो पर निर्माणाधीन भवन हैं, उन पर तत्काल रोक लगाई जाए।

प्रभावित क्षेत्रों के दुकानदार बोले- हमारा क्या कुसूर?

बावड़िया कलां में किराना दुकान संचालक दीपक कुमार का कहना है कि हम तो बीते 15 साल से दुकान चला रहे हैं। हमें पता ही नहीं है कि नियम क्या हैं। निगम से नोटिस मिला तो बैचेनी बढ़ गई। इसमें हमारा कुसूर क्या है। दुकान बंद हुई तो हम तो बेरोजगार हो जाएंगे।

...कहां जाएंगे लोग

रोहित नगर निवासी संदीप सिंह ने बताया कि बीते दिनों क्षेत्र में दुकानों की सीलिंग की कार्रवाई से चिंता बढ़ गई। अब सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ गया है। बड़ा सवाल यह उठता है कि व्यवसाय बंद हो जाएगा तो लोग कहां जाएंगे। रोजगार तो है नहीं और दुकानें कहीं और नहीं मिलेंगी।

क्या कहते हैं रहवासी समितियों के जिम्मेदार

तत्काल गतिविधियों पर लगे रोक

गौतम नगर में अवैध रूप से बड़ी संख्या में होटल, होस्टल और चाय-सुट्टा बार संचालित किया जाता है। घरों के सामने दिनभर युवा सिगरेट पीते हैं। हालात यह तक हो जाते हैं कि हमारे परिवार के सदस्यों के फेफड़े संक्रमित हो गए हैं। रिहायशी क्षेत्र में इस तरह की गतिविधि तत्काल बंद होना चाहिए।

मोहन खरपते, अध्यक्ष, गौतम नगर रहवासी समिति

स्वेच्छा से बंद करना कार्रवाई के दायरे में नहीं

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद नगर निगम ने जिन दुकानों को सील करने का नोटिस जारी किया था, उनके विरुद्ध अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। अनेक दुकानों के बाहर एक समान प्रारूप के पोस्टर चस्पा कर दिए गए। यह कार्रवाई के दायरे में नहीं आती। निगम को सीलिंग करना चाहिए।

अपर्णा वाशिष्ठ, अध्यक्ष, प्रयास संस्था

अरेरा कॉलोनी के लोगों का घरों में रहना दुश्वार

अवैध निर्माण के चलते अरेरा कॉलोनी के रहवासियों का जीवन दुश्वार हो गया है। यहां भू-माफियाओ के लालच के चलते आम आदमी का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। अवैध इमारतों ने सड़को के फुटपाथ तक निगल लिए हैं। इनके पास खुद की कोई पार्किंग न होने के कारण कॉलोनी के अन्दर तक जाम की हालत निर्मित होती है।

विवेक त्रिपाठी, याचिकाकर्ता

बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो जाएंगे

सरकार ने हमारा पक्ष अच्छे से नहीं रखा। सरकार यदि अच्छे से पक्ष रखती तो सुप्रीम कोर्ट हमें समय देता। सरकार ने यह नहीं बताया कि 21 सालों से हमारे यहां मास्टर प्लान नहीं है। जिस वजह से यह परेशानी खड़ी हुई। सरकार को कार्रवाई से पहले मास्टर प्लान या गुजरात मॉडल को लागू करना चाहिए।

आनंद सोनी, अध्यक्ष, 10 नंबर व्यापारी महासंघ

रिहायशी क्षेत्र में कमर्शियल गतिविधियां नहीं होंगी

रिहायशी क्षेत्रों में व्यवसायिक उपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त है और कोर्ट ने रहवासी क्षेत्र में व्यावसायिक ठिकाने हटाने की दिशा में आगे बात बढ़ाई है। यह तय हो गया है कि रिहायशी क्षेत्र में कमर्शियल गतिविधियां नहीं होंगी। निगम को इसका जवाब देना चाहिए।

पूर्णेंदु शुक्ला, याचिकाकर्ता

यातायात, शोरगुल और वातावरण भी होता है बाधित

रिहायशी कॉलोनियों में व्यवसायिक उपयोग बीते कुछ सालों में बहुत बढ गया है। इससे सबसे बडी समस्या यातायात बाधित होता है। शोरगुल होता है। वातावरण प्रभावित हो रहा है। ऐसे क्षेत्रों में निगम को तत्काल सीलिंग की कार्रवाई करना चाहिए।

आदित्य, रहवासी, गौतम नगर

निगम ने आंखें मूंदी

शाहपुरा में अवैध निर्माण जगह-जगह हैं। नगर निगम ने आंखे मूंद रखी हैं। बेरोकटोक नियमों को दरकिनार कर निर्माण चल रहे हैं। अवैध निर्माण पर रोक तत्काल लगाई जाए। हम लगातार ऐसे निर्माण उजागर करेंगे।

शुभ्रा गोयल, रहवासी समिति, शाहपुरा

5 सप्ताह में सीलिंग की कार्रवाई बताना है

सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार के पक्ष को नकार दिया है। निगम ने सुप्रीम कोर्ट में गलत ज[illegible]री दी। नगर निगम को 5 सप्ताह में सीलिंग की कार्रवाई करके सुप्रीम कोर्ट को बताना है।

लवनीश भाटी, याचिकाकर्ता

शहर में 1566 कॉलोनियां

नगर निगम के रिकार्ड में शहर में 1566 कॉलोनियां हैं। अधिकांश में रिहायशी क्षेत्र होने के बावजूद व्यवसायिक संचालन हो रहा है। बड़े-बड़े मार्केट बन गए हैं। यही नहीं, कॉलोनियों के हर-गली मोहल्ले में दुकानें या प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं, जबकि जो कॉलोनियां मेन रोड पर हैं, वहां बड़े भवनों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हैं। पार्किंग तक नहीं है।

निगम प्रशासन मौन

बीते 20 से 25 साल में शहर में कॉलोनियां तेजी से विकसित हुईं। नगर निगम रिहायशी क्षेत्रों में व्यवसायिक संचालन को लेकर कमर्शियल टैक्स वसूल रहा है। यह यह नियमों के दायरे में है या नहीं इसे लेकर भी कोई स्पष्टता नहीं है। क्या जिन इलाकों से निगम कामिर्शयल टैक्स वसूल रहा है क्या उसे लौटाया जाएगा।

रहवासी बोले- दुकानें, प्रतिष्ठान खुलने से दिक्कत तो बढ़ी है

इंद्रपुरी निवासी अनिल तिवारी का कहना है कि अधिकांश कॉलोनियों में जो रिहायशी हैं लोगों ने मार्केट, दुकानें, प्रतिष्ठान बना लिए हैं। पार्किंग की दिक्कत है। निगम व्यावसायिक टैक्स तो लेता है, लेकिन समस्याओं के निराकरण को लेकर कोई पहल तक नहीं की। ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोग वास्तव में परेशान हैं। इस तरह की गतिविधि पर रोक लगना ही चाहिए।

एक्सपर्ट का तर्क... मास्टर प्लान से सपोर्ट तो मिलेगा

नगर निगम में मुख्य सिटी प्लानर नीरज आनंद लिखार का कहना है कि मास्टर प्लान से सपोर्ट तो मिलेगा, लेकिन यह जरूरी नहीं कि सभी लाभान्वित हों। बेसिक पैरामीटर, टेक्निकल और लीगल पहलू भी देखे जाते हैं। किस रोड वाले को लाभ मिलेगा या नहीं यह सर्वे के बाद तय होता है। टर्म एंड कंडीशन पर चीजें डिपेंड करती हैं। इसी तरह लैंड यूज को लेकर माइक्रो पेर्टन होता है।

निगम ने क्यों वसूला कमर्शियल टैक्स?

शहर में मास्टर प्लॉन लागू करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को निगम मुख्यालय का घेराव कर दिया और निगम का पुतला दहन किया। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि शहर 25 साल से बिना मास्टर प्लान के है। सरकार तुरंत मास्टर प्लान लागू करे और व्यापारियों को राहत दें। पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान ने निगम प्रशासन से सवाल किया कि जब अरेरा कॉलोनी, 10 नंबर, बावड़ियाकलां समेत पूरे शहर में आवासीय भवनों में व्यवसायिक एक्टिविटी नहीं हो सकती तो फिर नगर निगम सालों से कमर्शियल टैक्स क्यों वसूल रहा है?

पेज एक का शेष...

उनसे पूरी बातचीत...

में लड़ाई हुई, सड़कों पर उजागर हुई। और जब घर की लड़ाई सड़कों पर आती है तो स्वाभाविक रूप से सामने वाली पार्टी को फायदा होता ही है। इसका फायदा मुझे हुआ होगा।

■ **प्रश्नः भाजपा के लोगों ने आपकी मदद की होगी, क्या कहेंगे आप?**

उत्तरः थोड़े से लोगों ने जो मदद की वो अपने आप ही सामने से आए और कहलवाया कि हम मदद कर रहे हैं। किसी ने कहा हम दोस्ती कर रहे हैं, बहुत कम लोग खुलकर मदद करने के लिए आए। बाकी किसी के साथ बातचीत नहीं हुई। जो लोग असंतुष्ट थे वो कहां जाते, मेरे पास आए।

■ **प्रश्नः क्या आपके लिए राजेंद्र भारती ने उतनी ही मेहनत की जितनी की नरोत्तम मिश्रा ने आशुतोष तिवारी के लिए की?**

उत्तरः मुझे लगता है राजेंद्र भारती की तुलना में नरोत्तम मिश्रा ने आशुतोष तिवारी के लिए ज्यादा मेहनत की। वो उनके साथ मंच पर थे। लोगों से आग्रह कर रहे थे कि भाजपा को वोट दो। उन्होंने कसमें भी खाईं। ऐसा हमारे यहां नहीं हुआ। राजेंद्र भारती तो चुनाव से गायब रहे। एक दो बार मंच पर आए तो अपनी गाथा सुनाते रहे उन्होंने स्पष्ट अपील नहीं की।

■ **प्रश्नः राजेंद्र भारती का कहना है कि घनश्याम सिंह को मेरा नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ बोलना भाया नहीं, इस बात में कितनी सच्चाई है?**

उत्तरः राजेंद्र भारती आशुतोष तिवारी के खिलाफ नहीं बोले बल्कि उनकी तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा ने बहुत अच्छा प्रत्याशी दिया है, क्या मतलब है इसका। सीएम मोहन यादव और भाजपा के खिलाफ एक शब्द नहीं बोले। ये कैसा प्रचार किया। दो बार मंच पर आए पर स्पष्ट रूप से यह कभी नहीं कहा कि घनश्याम सिंह को जिताओ। उन्होंने तो खुला घात किया।

■ **प्रश्नः आप 15 साल से सेवढ़ा में पसीना बहा रहे थे, फिर आप कैसे चुनाव जीत गए?**

उत्तरः बीते 15 वर्षों से मैं सेवढ़ा में था लेकिन दतिया के लोगों से मेरे व्यक्तिगत संपर्क रहे हैं, हालांकि राजनीतिक रूप से दूर था। मेरे दो कार्यकाल दतिया में विधायक के रूप में जनता के बीच रहे थे। बीते 15 वर्षों में लोगों ने अन्य विधायकों के कामकाज को देखा तो उन्हें लगा कि इससे तो घनश्याम सिंह के कार्यकाल का काम ज्यादा अच्छा था। यह फायदा मिला। दूसरा, पूरे देश में भाजपा के खिलाफ लहर चल रही है। चाहे केंद्र में पीएम मोदी हों या राज्य में सीएम मोहन यादव जनता भाजपा की नीतियों से नाराज है निराश है। नीचे तक सबके दिमाग में यह मैसेज पहुंच चुका है कि दो चार पूंजीपतियों के लिए सरकार है। न किसान का हित कर रही, न युवाओं का हित कर रही, न कोई सार्थक काम आम आदमी या गरीब के लिए किया जा रहा है। तो ये नाराजगी है।

■ **प्रश्नः नरोत्तम मिश्रा को टिकट न मिलना भी क्या आपकी जीत का कारण है?**

उत्तरः भाजपा में ज्यादा कलह हो गई तो स्वाभाविक है कि सामने वाली पार्टी को फायदा होगा ही। वो फायदा भी मुझे मिला। उनको टिकट न देने से उनके कार्यकर्ताओं में रोष था, थोड़ा बहुत रोष उनके कार्यकर्ताओं से जुड़ी जनता में भी था।

■ **प्रश्नः आप कई बातों में कह देते हैं पता नहीं, आप हमें इतना बहला क्यों रहे हैं?**

उत्तरः जितना पता है उतना बता देता हूं। भाजपा की अंदरूनी राजनीति क्या है कैसे बता सकता हूं।

■ **प्रश्नः आपने मतगणना से पहले ही राजेंद्र भारती का निलंबन करवा दिया, क्या कहेंगे?**

उत्तरः इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है। चुनाव से पहले हमारी पार्टी के लोग यहां घूम रहे थे। चप्पे-चप्पे की जानकारी ले रहे थे। उनको जो सूचनाएं मिली उन्होंने वे ऊपर पदाधिकारियों को भेजीं। वरिष्ठ नेतागण कहते थे कि हमारे पास एक-एक गांव से सूचना आ रही है। हमारे पास राजेंद्र भारती की मीटिंग में क्या हुआ इसकी सब सूचना है।

■ **प्रश्नः राजेंद्र भारती के निलंबन से आप कितने हैरत में आए?**

उत्तरः राजेंद्र भारती जो कर रहे थे वो पूरी पार्टी देख रही थी। उनके खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्रवाई हुई। वो हैरत की बात नहीं थी। ये महत्वपूर्ण चुनाव था। पूरे देश-प्रदेश में एक मैसेज जाने वाला था। इसलिए सारे वरिष्ठ नेता इस चुनाव में थे। इसलिए यह अलग चुनाव था। सबने देखा था। इसलिए जो कार्रवाई हुई है वो हैरत में डालने वाली नहीं है।

■ **प्रश्नः इस चुनाव में प्रचार के लिए कमलनाथ क्यों नहीं आए?**

उत्तरः कमलनाथ जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। चुनाव के दौरान बीच में वो अस्पताल में दो-तीन दिन भर्ती भी रहे थे। बाद में भी उनको वाइरल फीवर हो गया था। इसलिए वो नहीं आ सके।

■ **प्रश्नः 2028 में क्या सेवढ़ा लौटने की इच्छा है या दतिया में बने रहना चाहते हैं?**

उत्तरः जब तक दतिया का विधायक हूं, क्षेत्र की जनता के लिए काम करता रहूंगा। अगली बार पार्टी ने कहीं और भेज दिया तो पार्टी का आदेश मानूंगा। मैं हर जगह के लिए तैयार हूं।

■ **प्रश्नः मतलब आपको पार्टी पसंद है क्या जनता से कोई फर्क नहीं पड़ता?**

उत्तरः पार्टी में हैं तो अनुशासन तो रखना ही पड़ेगा। मैं हमेशा अनुशासित रहा हूं।

■ **प्रश्नः आपकी इच्छा क्या है?**

उत्तरः वर्तमान में मेरी लोकप्रियता सेवढ़ा और दतिया दोनों जगह पर बराबर है। अब ढाई साल बात क्या होगा, ये पता नहीं। मुझे दतिया और सेवढ़ा दोनों पर पूरा भरोसा है। इसलिए जब पार्टी ने दतिया का कहा तो मैंने तुरंत मान लिया क्योंकि मुझे दोनों पर भरोसा है।

■ **प्रश्नः फिर 2013 में आप सेवढ़ा क्यों चले गए?**

उत्तरः दतिया मैं इसलिए गया था क्योंकि राजेंद्र भारती विभिन्न पार्टियों में होकर दतिया आ गए थे। और वो हमेश दतिया से चुनाव लड़ने को बहुत उत्सुक रहते थे। वो मेरे खिलाफ बीएसपी से टिकट लेकर लड़े, एनसीपी से टिकट लेकर लड़े। जब मुझे टिकट नहीं मिला था तो अन्य प्रत्याशी के सामने सपा से टिकट लेकर लड़े थे। परिसीमन के बाद जब दतिया सीट सामान्य हो गई थी तब आपस में विवाद न हो इसलिए पार्टी ने मुझे सेवढ़ा भेज दिया था।

■ **प्रश्नः क्या आप राजेंद्र भारती की दहशत से या मोहब्बत से सेवढ़ा गए?**

उत्तरः राजनीति में व्यवहारिक निर्णय भी लेने पड़ते हैं। 2008 में मैं कांग्रेस से और वह बसपा के टिकट से लड़े, वोट बंट गए और नरोत्तम मिश्रा चुनाव जीत गए। इस बात की पुनरावृत्ति न हो इसलिए व्यवहारिक होना पड़ता है।

■ **प्रश्नः दामोदर यादव ने दोनों जगह वोट पाए हैं। क्या अब दामोदर यादव के लिए दतिया छोड़ेंगे या सेवढ़ा छोड़ेंगे?**

उत्तरः दामोदर यादव ने जितने वोट पाए हैं उससे वे मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर पाएंगे। उनके वोट कम होते जा रहे हैं। सेवढ़ा में जो वोट मिले थे उससे कम दतिया में मिले। अगला चुनाव लड़ेंगे तो पीछे ही होते जाएंगे। इसलिए उनसे मुझे कोई खतरा नहीं है। आगे उनके वोट घटेंगे, मुझे भरोसा है।

■ **प्रश्नः इस चुनाव में नीट परीक्षा आंदोलन का फायदा मिला या राज्य सरकार की नाराजगी का?**

उत्तरः राज्य सरकार के खिलाफ लोगों में बिलकुल नाराजगी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। किसी का कोई काम नहीं हो रहा। किसानों को खाद नहीं मिल रही। किसान परेशान है। धान का सीजन है। तरह-तरह के नए नियम बना दिए गए हैं। एंड्राइड फोन के बिना किसान खाद बुक नहीं कर सकता। गांव में आम किसान के पास एंड्राइड फोन नहीं है। सर्वर डाउन हो रहे हैं। खाद 100 किमी दूर से मिल रही है। 5 बोरी, 10 बोरी के लिए क्या किसान 100 किमी दूर जाएगा?

■ **प्रश्नः आजाद समाज पार्टी के दामोदर यादव इस चुनाव में 22 हजार वोट ले गए क्या यह अचंभा नहीं है?**

उत्तरः आजाद समाज पार्टी को भाजपा पोषित और पल्लवित कर रही है। उसे फायनेंस कर रही है। जैसे मायावती की बसपा बी टीम वैसे ही आजाद समाज पार्टी भाजपा की बी टीम है। लेकिन उनका वोट बैंक अटका हुआ है।

■ **प्रश्नः क्या अब दामोदर यादव से बात करेंगे कि तुम सेवढ़ा से लड़ो और मैं दतिया से लड़ूंगा या आपस में सीट बदल लेंगे?**

उत्तरः दामोदर यादव किसी की मानने वाले नहीं है उनको जो करना होगा वे करेंगे। वो परिस्थिति देखते हैं। उनके कोई सिद्धांत नहीं है। जो भाजपा कहेगी, वो ही करेंगे। इसलिए उनसे बातचीत करना बेकार है।

■ **प्रश्नः आप वरिष्ठ नेता है इस संबंध में पार्टी आपसे पूछकर भी तो निर्णय करेगी?**

उत्तरः मैं इतना वरिष्ठ नहीं हूं कि किसी का निलंबन या निष्कासन करा सकूं। या जो मैं चाहता हूं वो पार्टी से करा लूं। पार्टी में वरिष्ठ लोग हैं उन्होंने सोचसमझकर निर्णय किया है और आगे भी वे निर्णय लेंगे।

■ **प्रश्नः राजेंद्र भारती ने कहा है कि नरोत्तम मिश्रा और घनश्याम सिंह ने मिलकर मेरा निलंबन करवा दिया, क्या कहेंगे?**

उत्तरः पिछले कई साल से राजेंद्र भारती, नरोत्तम मिश्रा के नाम से राजनीति करते आ रहे थे। उनको जनता और कार्यकर्ताओं से मतलब नहीं था। नरोत्तम का हौव्वा दिखाते आ रहे थे। नरोत्तम मिश्रा न भाजपा और कांग्रेस में इतने ताकतवर हैं कि वे राजेंद्र भारती का निलंबन करवा देंगे। ऐसा होने का सवाल ही नहीं है।

■ **प्रश्नः आपकी जीत के चलते नरोत्तम मिश्रा के राजनैतिक भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ा?**

उत्तरः अब ये तो कह नहीं सकते कि आगे क्या होगा।

■ **प्रश्नः सीएम डॉ. यादव का कहना है कि सीट तो पहले भी कांग्रेस के पास ही थी, इस बार कम वोट से हारे क्या कहेंगे आप?**

उत्तरः यह तो मन को समझाने की बात है। वो तो कांग्रेस के 25000 से अधिक वोटों की जीत को कम करके 6 हजार पर ले आए। अब सोच रहे हैं कि 6 हजार वोट क्यों कम नहीं कर पाए। ये बौखलाहट है।

■ **प्रश्नः जीत के बाद अब दतिया, कांग्रेस और भाजपा इन तीनों के संदर्भ में क्या रोडमैप रहेगा आपका?**

उत्तरः मैं बहुत सीधी सीधी राजनीति करता हूं। मैं पूरी ताकत लगाऊंगा, जनता की जितनी सेवा कर सकता हूं, करूंगा। मैं तो केवल जनता की सेवा में लग जाऊंगा। पूरी सेवा करूंगा। विपक्ष के विधायक के नाते जो भूमिका होती है उसका निर्वहन करूंगा। राहुल गांधी से प्रेरणा लूंगा। राहुल गांधी पूरे देश में तगड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। विपक्ष की भूमिका को यदि सही ढंग से कोई निभा रहा है तो वो राहुल गांधी हैं।

■ **प्रश्नः अवधेश नायक को लेकर क्या कहेंगे आप?**

उत्तरः अवधेश नायक सीधे सच्चे आदमी हैं। वो जब से कांग्रेस में आए हैं पूरे समर्पण भाव से कांग्रेस में काम कर रहे हैं। पूरा सहयोग किया है। और मैं जरूर चाहूंगा कि पार्टी जहां भी समझे उन्हें आज और भविष्य में उचित स्थान दे।

■ **प्रश्नः वो तो विधायक बनना चाहते हैं क्या आप उनकी इच्छा में कोई भूमिका निभाएंगे?**

उत्तरः पार्टी को तय करना है, पार्टी कहां उपयोग करेगी। ढाई साल के लिए तो यह सीट भर गई है। अब आगे क्या होना है यह पार्टी निर्णय करे। अवधेश नायक को पार्टी अच्छी भूमिका देगी मैं उनका समर्थन करूंगा।

आज किसी भी ...

किया जाएगा। शेष रहे प्रकरणों एवं भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों का अभियान के तहत मौके पर निराकरण किया जाएगा।

सादगी और मितव्ययिता ...

पूर्व निर्मित भवन में ही संवाद किया जाएगा। अभियान के दौरान दो प्रकार के कार्यक्रम जन-संवाद और उद्योग संवाद आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत एमएसएमई एवं कुटीर उद्योगों के उद्यमियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिलो में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के भ्रमण-क्षेत्र में ही जिले का समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भ्रमण से पूर्व लंबित और भ्रमण के बाद प्राप्त आवेदनों की तुलना जांची परखी जाएगी। जिलों के परफॉरमेंस की मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के स्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी।

जन-विश्वास अभियान ...

जाएगी। स्कूल, कॉलेज का निरीक्षण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति और अध्ययन की भी गुणवत्ता का निरीक्षण किया जाएगा। किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज भ्रमण क्षेत्र के लंबित प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा के लंबित प्रकरणों और न्यायालयीन आदेश होने के उपरांत भी राजस्व अभिलेखों में अमल नहीं होने संबंधी लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा।

बोले- हैंडलूम अपनाएं,...

की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस केवल परंपरा का उत्सव नहीं, बल्कि उन लाखों बुनकर परिवारों के सम्मान का अवसर भी है, जो अपनी मेहनत और कौशल से भारतीय हस्तकरघा उद्योग को जीवंत बनाए हुए हैं।

तेजपाल को 10...

तेजपाल को सभी आरोपों से बरी करने के फैसले को पूरी तरह पलट दिया। 13 साल पुराने इस मामले में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने अभियोजन पक्ष की ओर से अधिकतम सजा की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने तेजपाल के साफ आपराधिक रिकॉर्ड का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा और सरेंडर के लिए आठ सप्ताह का समय मांगा। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(एफ) और 376(2)(के) के तहत 10-10 साल की कैद तथा 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इसके अलावा धारा 354, 354ए और 354बी के तहत भी अलग-अलग सजा और जुर्माना सुनाया। यह मामला नवंबर 2013 का है, जब तहलका की एक सहकर्मी ने गोवा के पांच सितारा होटल की लिफ्ट में तेजपाल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस फैसले के बाद तेजपाल पक्ष अब सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की तैयारी में है।

फैसले को राजनीतिक साजिश करार दियाः सजा सुनाए जाने के बाद तरुण तेजपाल ने फैसले को राजनीतिक साजिश करार दिया है। 62 वर्षीय तेजपाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। तेजपाल ने खुद की तुलना दिल्ली दंगा मामले में बंद उमर खालिद और शरजील इमाम से करते हुए दावा किया कि उन्हें भी बदले की भावना से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2001 में तहलका के ऑपरेशन वेस्ट एंड स्टिंग से कई लोगों को राजनीतिक नुकसान हुआ था, जिसके चलते उन्हें फंसाया गया। तेजपाल ने कहा कि उनके पास खुद को बरी साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं और उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

डीपीओ दीक्षित सस्पेंड...

के मुताबिक वीडियो के आधार पर डीपीओ द्वारा भर्ती के संबंध में पैसों के लेन-देन की बातचीत करना प्रथम दृष्टया साबित हुआ है, जो मप्र सिविल सेवा आचरण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। आदेश के तहत दिनेश कुमार दीक्षित को मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, सागर रहेगा और उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा मामले की विस्तृत विभागीय जांच जारी रहेगी।

डॉ. विक्रांत ने ...

था। विधायक भूरिया ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अपनी कार में बैठाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अस्पताल में ड्रेसर मौजूद न होने पर पेशे से सर्जन डॉ. विक्रांत भूरिया ने खुद ही मोर्चा संभाला। उन्होंने महिला के घाव की ड्रेसिंग की और सिर में सात टांके लगाए। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली भी उजागर हुई, जहां लंबे समय से एक्सरे मशीन बंद पड़ी है और ड्रेसर व फार्मासिस्ट के पद खाली हैं।

आशुतोष बोले-हार ...

दुख नहीं है, जितनी पीड़ा अपने ही लोगों की कुछ गतिविधियों से हुई। उनका कहना था कि चुनाव के दौरान जो कुछ हुआ, उसने उन्हें अंदर से दुखी किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कुछ कार्यकर्ता गलत लोगों के प्रभाव में आ गए थे, लेकिन इसके बावजूद उनके मन में किसी के लिए नाराजगी नहीं है। वे सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी हर बात को गंभीरता से देखेगी और सच्चाई सामने आएगी।

नरोत्तम से मुलाकात के राजनीतिक मायने नहीं: आशुतोष ने कहा कि नरोत्तम से मुलाकात के कोई राजनीतिक मायने नहीं हैं। सार्वजनिक जीवन में कुछ शिष्टाचार होते हैं। यह उसी तरह की एक सामान्य सौजन्य मुलाकात थी। बैठक में कुछ लोगों की शिकायत के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैंने कोई अलग से रिपोर्ट नहीं दी है। मैं केवल उन सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने आया था, जिन्होंने मेहनत की, आशीर्वाद दिया और क्षेत्र में समय देकर हमारा सहयोग किया। वर्ष 2028 का अगला चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं एक साधारण कार्यकर्ता की भूमिका में रहूंगा। पार्टी नेतृत्व जो भी जिम्मेदारी देगा, उसका पूरी निष्ठा के साथ पालन करूंगा। जहां तक दतिया जिलाध्यक्ष का सवाल है तो पार्टी का हर कार्यकर्ता यह जिम्मेदारी निभाने में सक्षम है। कार्यकर्ताओं में से ही कोई भी यह जिम्मेदारी निभा सकता है।निभा सकता है।

यात्री ने विंडो ....

साथ धक्का-मुक्की की तथा उन्हें जुबानी धमकियां दीं, जिससे केबिन के अंदर अफरा-तफरी मच गई। आखिरकार क्रू मेंबर्स और यात्रियों ने सूझबूझ से काम लेते हुए उसे काबू में किया। कोच्चि एयरपोर्ट पर विमान के सुरक्षित उतरते ही सीआईएसएफ के जवानों ने आरोपी को हिरासत में ले लिया, जिसे बाद में नेडुम्बसेरी पुलिस के हवाले कर दिया गया।

आंदोलन करना राष्ट्रविरोधी ...

दायरे में ही होना चाहिए। छात्रों पर कथित पैलेट गन फायरिंग के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पूरी जानकारी के टिप्पणी करना सही नहीं होगा, लेकिन यदि आंख मूंदकर विश्वास करने की बात आई तो वे जेन-जी पर भरोसा करेंगे। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर फैलते फर्जी वीडियो से सावधान रहने के लिए दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता जताई।

जब तक सामाजिक भेदभाव, तब तक आरक्षण : डॉ. भागवत ने कहा कि आरक्षण सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए दिया गया है और जब तक समाज में भेदभाव रहेगा, तब तक इसकी आवश्यकता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों का ईमानदारी से पालन किया जाए तो इस विषय पर कोई समस्या नहीं होगी। जिन लोगों को आरक्षण का लाभ मिल चुका है और उनका उत्थान हो गया है, उन्हें इसका लाभ जरूरतमंद अन्य लोगों तक पहुंचाने की सोच रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में वर्गीकरण की मांग उठी है और इस पर सुप्रीम कोर्ट भी टिप्पणी कर चुका है। उन्होंने आरक्षण पर राजनीति से बचने और इसे सामाजिक एकता का माध्यम बनाने पर जोर दिया।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
ADMISSION OPEN
B.A. | BCA | BBA | BPES | BSC
B.Com (Economics/Computer/Hon'S 4 Years)
PG COURSES
M.A: HINDI | ENGLISH | ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY
SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
PGDCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
(ONLINE COUNSELLING)
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288
पताः डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

राशिफल

मेष — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

शब्द पहेली - 6310



बाएँ से दाए

1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे

1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

शब्द पहेली - 6309 का हल

■	बि	रा	द	री	■	ज	य	मा	ला	■
बि	ल	■	श	■	का	य	म	■	श	ब
रा	■	म	ह	क	ना	■	ज	रा	■	र्त
द	र	द	रा	■	■	सा	■	ग	रि	मा
र	■	हो	■	व	सु	ध	र	■	या	न
■	कु	श	ल	■	दा	■	जा	य	ज	■
मि	ली	■	क	रा	मा	त	■	म	■	अ
ला	न	त	■	त	■	■	य	रा	धी	न
व	■	ल	ता	■	अ	च	र	ज	■	ब
ट	ब	■	ली	न	ता	■	तं	■	मी	न
■	स	ला	म	त	■	मि	त्र	व	त	■

सूडोकु नवताल- 6320

★★★☆☆ मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6319 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

खबर संक्षेप

इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स की आर्किप्लग से साझेदारी

अहमदाबाद। भारत की इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड ने फिनलैंड की आर्किप्लग ओए के साथ एक विशेष संयुक्त उद्यम किया है। इस साझेदारी के तहत इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स भारत में पहली बार मेक-इन-इंडिया मॉड्यूलर प्लग फ्लो कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित करेगी। इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, जैविक कचरे का बेहतर उपयोग करना है। कंपनी का दावा है कि जहां पारंपरिक बायोगैस प्लांट बनने में 12 से 18 महीने लगते हैं, वहीं ये प्लांट 4 से 5 महीने में तैयार होकर उत्पादन शुरू कर सकते हैं।

इंटेक्स ने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो बढ़ाया

नई दिल्ली। घरेलू कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड इंटेक्स टेक्नोलॉजीज ने अपने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए पंखे, वॉटर हीटर और स्मॉल डोमेस्टिक अप्लायंसेज श्रेणियों में प्रवेश की घोषणा की है। कंपनी का कहना है कि यह कदम भारत के तेजी से बढ़ते कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बाजार में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। एयर कूलर सेगमेंट में पहले से मौजूद इंटेक्स अब डेकोरेटिव, ऊर्जा दक्ष बीएलडीसी , एग्जॉस्ट और टीपीडब्ल्यू फैन बाजार में उतारेगी।

सैमसंग गैलेक्सी जेड8 सीरीज की डिलीवरी शुरू

गुरुग्राम। सैमसंग ने भारत में प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों के लिए गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेडफोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 की अर्ली डिलीवरी शुरू कर दी है। कंपनी के अनुसार, लॉन्च के 72 घंटे के भीतर इन फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को 2.71 लाख से अधिक प्री-ऑर्डर मिले। कंपनी प्री-बुकिंग ग्राहकों को 10 हजार का अपग्रेड बोनस, 9,000 तक का बैंक/यूपीआई कैशबैक या जीरो फीसदी डाउन पेमेंट के साथ 30 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई का विकल्प दे रही है।

गुजरात की हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग पूरे भारत में

नई दिल्ली। सस्टेनेबल भारतीय फैशन को सभी तक पहुंचाने का एक सपना आज एक ऐसे ब्रांड में बदल चुका है, जो अमेजन की मदद से मेट्रो शहरों से लेकर टियर 2 और टियर 3 शहरों के ग्राहकों तक पहुंच रहा है। वसुधा वस्त्रम ने अमेजनडॉट इन पर अपनी शुरुआत के बाद से लगातार गुजरात से बाहर अपने ग्राहक वर्ग का विस्तार किया। इस ब्रांड ने बैंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, पुणे, दिल्ली, कोलकाता और कई अन्य शहरों के ग्राहकों को आकर्षित किया।

जून 2026 में सबसे अधिक नए ग्राहक जोड़ने के साथ जियो सबसे आगेः ट्राई

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

- मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ में रिलायंस जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहक 21 लाख के पार
- जियोहोम ने पेश किए टीवी ओनली और नए किफायती वाई–फाई कॉम्बो पैक
- यह पैक 2 महीने और पांच महीने की अवधि के विकल्पों में उपलब्ध है

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में रिलायंस जियो ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 21 लाख के पार पहुंच गई है।भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की जून 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियोफाइबर और एफडब्ल्यूए आधारित जियोएयरफाइबर सेवाओं से 46 हजार से अधिक नए ब्रॉडबैंड ग्राहक जुड़े हैं। इसी अवधि में एयरटेल के करीब 14 हजार नए ब्रॉडबैंड ग्राहक जुड़े।

अकेले जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 21 लाख से अधिक

फाइल फोटो

रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सभी टेलीकॉम कंपनियों के कुल ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 35 लाख से अधिक हो चुकी है। इनमें अकेले जियो के ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 21 लाख से ज्यादा है। वहीं, मोबाइल सेवाओं में भी जियो का मजबूत प्रदर्शन जारी है और कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 5.05 करोड़ से अधिक हो चुकी है। इस उपलब्धि के साथ जियोहोम ने डिजिटल मनोरंजन और हाई-स्पीड इंटरनेट को हर घर तक पहुंचाने के लिए नए और बेहद किफायती सर्विस पैक पेश किए हैं। कंपनी ने विशेष रूप से टीवी मनोरंजन पसंद करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए 'टीवी-ओनली' पैक लॉन्च किया है। इस पैक के तहत ग्राहक प्रभावी रूप से मात्र 400 रुपए प्रति माह की लागत पर टीवी मनोरंजन का लाभ ले सकते हैं। यह पैक 2 महीने और 5 महीने की अवधि के विकल्पों में उपलब्ध है। इसके माध्यम से ग्राहक 1,000 से अधिक लाइव टीवी चैनलों का आनंद ले सकते हैं। इनमें 200 से अधिक एचडी चैनल और 15 से अधिक क्षेत्रीय भाषाओं के चैनल शामिल हैं।

ग्राहकों के लिए 'वाई-फाई-ओनली' पैक भी उपलब्ध

इसी तरह, केवल इंटरनेट की सुविधा चाहने वाले ग्राहकों के लिए 'वाई-फाई-ओनली' पैक भी उपलब्ध हैं। 30 एमबीपीएस स्पीड वाला पैक 2,200 रुपए में 5 महीने के लिए उपलब्ध है, जिसकी प्रभावी मासिक लागत 450 रुपये प्रति माह है। वहीं, 100 एमबीपीएस स्पीड वाला पैक 3,000 रुपए में 5 महीने के लिए उपलब्ध है, जिसकी प्रभावी मासिक लागत 600 रुपये प्रति माह है। ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जियोहोम ने ऑल-इन-वन विकल्प भी उपलब्ध कराए हैं। 3-इन-1 कॉम्बो पैक में 30 एमबीपीएस की इंटरनेट स्पीड, 1,000 लाइव टीवी चैनल और 12 ओटीटी ऐप्स की सुविधा उपलब्ध है। यह पैक 2,222 रुपए में 4 महीने के लिए लिया जा सकता है, जिसकी प्रभावी मासिक लागत 555 रुपए प्रति माह है। वहीं, 100 एमबीपीएस स्पीड वाला कॉम्बो पैक 2,122 रुपए में 3 महीने के लिए उपलब्ध है। इसकी प्रभावी मासिक लागत 707 रुपए प्रति माह है। इन नए पैक्स के माध्यम से जियोहोम ग्राहकों को उनकी जरूरतों और बजट के अनुरूप टीवी, मनोरंजन और हाई-स्पीड इंटरनेट के किफायती तथा सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध करा रहा है।

व्यापारी बोले- इस व्यवस्था को पूरी तरह से समझना जरूरी है

मास्टर प्लान लाया जाए तो उसमें बनेगी भू उपयोग को लेकर स्पष्टता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में मास्टर प्लान लागू होने में हो रही देरी का हर्जाना जहां रहवासियों और व्यापारियों का भुगतना पड़ रहा है तो वहीं अब शहर के विकास और व्यापारिक गतिविधियों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। राजधानी भोपाल में विभिन्न ट्रेडों से जुड़े व्यापारी और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2005 के बाद से भोपाल का नया मास्टर प्लान लागू नहीं हो पाया है, जिसके कारण शहर के कई क्षेत्रों में भू उपयोग को लेकर स्पष्टता नहीं बन पा रही है।

इसका सीधा असर आवासीय क्षेत्रों, व्यावसायिक गतिविधियों और विकास योजनाओं पर पड़ रहा है। व्यवसायी नवनीत अग्रवाल और विकास शर्मा का कहना है कि न्यायिक मामलों पर टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन शहर के विकास से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर लंबे समय से बनी समस्या को समझना जरूरी है। मास्टर प्लान किसी भी शहर के भविष्य का रोडमैप होता है, जिसमें यह तय होता है कि कौन सा क्षेत्र आवासीय रहेगा, कहां व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति होगी और आने वाले वर्षों में शहर का विस्तार किस दिशा में किया जाएगा।

व्यावसायिक उपयोग को लेकर नहीं है स्थिति स्पष्ट


फाइल फोटो

व्यापारियों के अनुसार मास्टर प्लान नहीं होने के कारण आज कई इलाकों में आवासीय और व्यावसायिक उपयोग को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। लोगों को यह समझने में परेशानी होती है कि किसी क्षेत्र का उपयोग किस श्रेणी में किया जाएगा और भविष्य में उसमें क्या बदलाव संभव हैं। यदि समय पर मास्टर प्लान लागू हो जाता तो शहर के विकास, यातायात व्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियों को लेकर बेहतर नियोजन किया जा सकता था।

केवल सड़कें चौड़ी कर देने से समस्या का समाधान नहीं होता

ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ठाकुरलाल राजपूत का कहना है कि भोपाल में कई सड़कों का चौड़ीकरण किया गया है, लेकिन केवल सड़कें चौड़ी कर देने से समस्या का समाधान नहीं होता। सड़क विस्तार के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकास का रोडमैप भी जरूरी है। कई स्थानों पर चौड़ी सड़कें बनने के बाद भी आसपास के क्षेत्र के उपयोग और विकास को लेकर स्पष्ट योजना का अभाव दिखाई देता है। ट्रांसपोर्टर अशोक गुप्ता ने कहा कि शहर में बढ़ती आबादी, यातायात दबाव और व्यापारिक विस्तार को देखते हुए जल्द से जल्द नया मास्टर प्लान लागू किया जाना चाहिए। इससे न केवल व्यापारियों और आम नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि शहर का विकास भी व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ सकेगा। व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि मास्टर प्लान को प्राथमिकता के आधार पर अंतिम रूप देकर लागू किया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही अनिश्चितता समाप्त हो और भोपाल को भविष्य की जरूरतों के अनुसार विकसित किया जा सके।

इंडियन बैंक ने 500 करोड़ के एमएसएमई ऋण मंजूर किए

नई दिल्ली। इंडियन बैंक ने अपने 120वें स्थापना दिवस पखवाड़ा समारोह के तहत आयोजित एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में करीब 500 करोड़ रुपए के एमएसएमई ऋण स्वीकृत किए। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने 128 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे। बैंक ने इसे प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैंक ने बताया कि स्थापना दिवस पखवाड़ा के दौरान देशभर में मेगा लोन मेले, डिजिटल बैंकिंग कार्यक्रम, ग्राहक संपर्क अभियान और सीएसआर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान 1,250 करोड़ के ऋण प्रस्ताव भी जुटाए गए हैं, जो भविष्य के कारोबार विस्तार की संभावनाओं को दर्शाते हैं। इस अवसर पर बैंक ने यूनिफाइड एमएसएमई पोर्टल भी लांच किया। बैंक के एमडी एवं सीईओ बिनोद कुमार ने कहा कि इंडियन बैंक ग्राहक-केंद्रित और तकनीक आधारित बैंकिंग के माध्यम से समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने वर्ष 2032 तक 35 लाख करोड़ रुपए के व्यवसाय का लक्ष्य रखा है।

भोपाल मंडी ने की कार्रवाई अवैध परिवहन पर दो वाहनों से 34,735 रुपए की वसूली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कार्रवाही करती टीम

कृषि उपज मंडी समिति भोपाल ने मंडी अधिनियम के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई करते हुए दो कृषि उपज से भरे वाहनों पर कुल 34,735 रुपए की राशि वसूल की है। यह कार्रवाई मंडी के उप संचालक एवं सचिव नरेश कुमार परमार के निर्देशन में उड़नदस्ता दल द्वारा की गई। मंडी अधिकारियों के अनुसार, मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत किए जा रहे नियमित निरीक्षण के दौरान कृषि उपज के अवैध परिवहन के मामले सामने आए।

संबंधित वाहनों द्वारा मंडी अधिनियम की धारा 19(6) का उल्लंघन पाए जाने पर धारा 19(4) के तहत कार्रवाई की गई। 5 अगस्त 2026 को वाहन क्रमांक एमपी04वॉयजे6670 में परिवहन की जा रही 30 क्विंटल गेहूं की उपज पर कार्रवाई की गई। इसकी अनुमानित कीमत 81,000 रुपए बताई गई। इस प्रकरण में मंडी शुल्क, निराश्रित राशि और प्रशमन राशि सहित कुल 11,885 रुपए जमा कराए गए। वहीं 6 अगस्त 2026 को वाहन क्रमांक एमपी13 जीबी3722 में ले जाई जा रही 100 क्विंटल मक्का की उपज पर कार्रवाई की गई। इसकी कीमत करीब 2.10 लाख रुपए आंकी गई। इस मामले में कुल 22,850 रुपए की राशि वसूल की गई। मंडी उड़नदस्ता दल ने बताया कि कृषि उपज के अवैध परिवहन और मंडी नियमों के उल्लंघन के खिलाफ आगे भी लगातार निरीक्षण और कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में मंडी निरीक्षक जीवन सिंह राजपूत, रघुवीर शर्मा, महेंद्र परिहार और संतोष मिश्रा शामिल रहे।

भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में विकास इंजन बन रहा

डायमंड स्टेट्स समिट में गूंजा 'विकसित मध्य प्रदेश' का विजन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में आयोजित डायमंड स्टेट्स समिट में अभ्युदय मध्य प्रदेश : विरासत से विकास, विकसित भारत की नई शक्ति थीम के साथ प्रदेश के विकास मॉडल पर व्यापक चर्चा हुई। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्रिपरिषद के सदस्य और नीति-निर्माताओं ने निवेश, सुशासन, महिला सशक्तिकरण, खेल, संस्कृति और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश केवल देश का भौगोलिक केंद्र नहीं, बल्कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक प्रमुख विकास इंजन बन रहा है। उन्होंने निवेश, औद्योगिक विकास, कृषि, आधारभूत संरचना, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार सृजन को सरकार की प्राथमिकता बताया। उन्होंने विरासत से विकास की अवधारणा को राज्य की विकास यात्रा का आधार बताते हुए कहा कि सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। समिट में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने राज्य की वित्तीय मजबूती और विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला, जबकि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्रामीण विकास और जनभागीदारी, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने आधुनिक परिवहन व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने महिला सशक्तिकरण और पोषण योजनाओं तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने युवाओं के लिए खेल, कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी पहलों पर चर्चा की।

नए एफडीआई नियम से 1.8 करोड़ एमएसएमई को मिलेगा वैश्विक बाजार, ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स निर्यात के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में किए गए नए सुधार का उद्योग विशेषज्ञों और कारोबारी संगठनों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह नीति भारत के 1.8 करोड़ विनिर्माण एमएसएमई के लिए वैश्विक बाजारों तक पहुंच आसान बनाएगी और निर्यात को नई गति देगी।

विशेषज्ञों के अनुसार, नए नियम के तहत केवल निर्यात के उद्देश्य से इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स में एफडीआई की अनुमति दी गई है। इससे वस्त्र, हस्तशिल्प, मसाले, इंजीनियरिंग उत्पाद, आभूषण और अन्य प्रतिस्पर्धी उत्पाद बनाने वाले छोटे एवं मध्यम उद्योगों को वैश्विक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिलेगी। एम्पावर इंडिया के महानिदेशक के. गिरी ने कहा कि यह सुधार 'मेक इन इंडिया' को मजबूती देगा और वैश्विक कंपनियों को भारत में निर्माण कर सीधे विदेशी बाजारों तक पहुंचने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि अब तक एमएसएमई की सबसे बड़ी चुनौती उत्पादन नहीं, बल्कि निर्यात के लिए आवश्यक अवसंरचना की कमी थी, जिसे यह नीति दूर करती है। हाई पीक स्ट्रेटेजी एलएलसी के संस्थापक डॉ. स्पेंसर कोहेन ने कहा कि चीन की तरह भारत में भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म छोटे निर्माताओं और वैश्विक ग्राहकों के बीच मजबूत सेतु बन सकते हैं।

यह सुधार लाखों एमएसएमई को वैश्विक बाजार से जुड़ने का अवसर देगा

वहीं इंडिया एमएसएमई फोरम के अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि यह सुधार लाखों एमएसएमई को निर्यात अवसंरचना विकसित किए बिना वैश्विक बाजार से जुड़ने का अवसर देगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह व्यवस्था सीमा-पार लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और अंतरराष्ट्रीय वितरण जैसी सुविधाओं को एकीकृत करेगी, जिससे उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान जैसे प्रमुख विनिर्माण राज्यों के एमएसएमई को विशेष लाभ मिलेगा। उनका कहना है कि यह सुधार 2 ट्रिलियन डॉलर की निर्यात अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

बिजनेस न्यूज

सावन माह में एमजी ज्वेलर्स पर विराजे बाबा महाकाल, 8 अगस्त तक विशेष आयोजन

भोपाल। सावन माह के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष आयोजन किया जा रहा है। उज्जैन के बाबा महाकाल के अंश स्वरूप की प्रतिमा एमजी ज्वेलर्स (उज्जैन वाले), कोलार रोड स्थित शोरूम में तीन दिनों तक विराजमान रहेगी। जानकारी के अनुसार, 6 से 8 अगस्त तक श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। सावन माह में भगवान महाकाल के दर्शन का विशेष महत्व माना जाता है, जिसे देखते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। एमजी ज्वेलर्स वर्ष 1973 से अपनी विश्वसनीयता और शुद्ध आभूषणों के लिए जाना जाता है। यहां हॉलमार्क प्रमाणित सोने-चांदी के आभूषण उपलब्ध हैं। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

एआई इन हेल्थकेयर एंड वूमेन एम्पावरमेंट कार्यशाला का शुभारंभ

भोपाल। लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस , एलएनसीटी एंड एस, भोपाल के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एआई इन हेल्थकेयर एंड वूमेन एम्पावरमेंट विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला के प्रथम दिन विषय विशेषज्ञों और अतिथियों ने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। डॉ. अनुपम चौकसे, सचिव एलएनसीटी समूह ने कहा की कार्यशाला का सीधा लाभ स्टूडेंट्स को होगा, टीचर्स का ज्ञानवर्धन होगा, वे अपडेट रहेंगे। उन्होंने कहा कि ज्ञान शेयर होगा तभी उसकी उपयोगिता है। जयपुर की प्रोफेसर डॉ. दीप्ति सक्सेना ने बताया कि वास्तविक दुनिया के नवाचारों के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सशक्तिकरण में एआई की क्या भूमिका है। वहीं, एमएनआईटी, जयपुर के प्रोफेसर डॉ. घनश्याम सिंह ने व्याख्यान देते हुए महिला केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं में रोबोटिक्स के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजलि पोतनीस ने वूमेन एम्पावरमेंट यूजिंग एआई विषय पर अपने विचार साझा किए और बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बन रही है।

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी और जर्मनी के बीएसबीआई के बीच समझौता

पुणे। एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे ने वैश्विक उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए बर्लिन स्कूल ऑफ बिजनेस एंड इनोवेशन, जर्मनी के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर आधिकारिक तौर पर हस्ताक्षर किए हैं। इस ऐतिहासिक समझौते पर एमआईटी-डब्ल्यूपीयू, पुणे के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय डॉ. राहुल वी. कराड और बीएसबीआई स्कूल ऑफ बिजनेस एंड इनोवेशन (बीएसबीआई, बर्लिन) के प्रोवोस्ट और ग्लोबल यूनिवर्सिटी सिस्टम्स, जर्मनी के मुख्य शैक्षणिक अधिकारी प्रो. डॉ. काइरियाकोस कौवेलियोटिस ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बीएसबीआई बर्लिन के इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन फैकल्टी के डीन प्रो. शिव त्रिपाठी और एमआईटी-डब्ल्यूपीयू पुणे के रजिस्ट्रार गणेश पोकले भी उपस्थित थे। एमआईटी-डब्ल्यूपीयू पुणे के रजिस्ट्रार गणेश पोकले ने इस गठबंधन को लेकर अत्यधिक आशावाद व्यक्त करते हुए कहा कि एमआईटी-डब्ल्यूपीयू और बर्लिन स्कूल ऑफ बिजनेस एंड इनोवेशन इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से एक ऐसा सेतु बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं जिससे पूरे शैक्षणिक समुदाय को लाभ होगा।

कोटक महिन्द्रा का 'कन्या स्कॉलरशिप 2026' लांच

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा ग्रुप की सीएसआर इकाई कोटक एजुकेशन फाउंडेशन ने अपने लाखों में एक अभियान के तहत कोटक कन्या स्कॉलरशिप 2026 की शुरुआत की है। इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता और करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। साल 2021 में शुरू हुई इस पहल से अब तक 24 राज्यों की 1,525 छात्राएं लाभान्वित हो चुकी हैं। वर्ष 2026-27 में इसके तहत 500 नई छात्राओं को जोड़ा जाएगा। चयनित छात्राओं को प्रोफेशनल ग्रेजुएशन कोर्स पूरा होने तक हर वर्ष 1.5 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही मेंटरशिप, करियर काउंसलिंग, लाइफ स्किल्स, इंडस्ट्री एक्सपोजर और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यह छात्रवृत्ति इंजीनियरिंग, एमबीबीएस , आर्किटेक्चर, डिज़ाइन, इंटीग्रेटेड एलएलबी, बीएस -एमएस और बीएस -रिसर्च जैसे प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए है। आवेदन करने के लिए 12वीं में कम से कम 75 प्रतिशत अंक, परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रुपए से कम तथा एनआईआरएफ या एनएएसी से मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रथम वर्ष में प्रवेश होना अनिवार्य है।

एचडीएफसी बैंक के दो नए सेविंग्स अकाउंट पेश

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने दो नए सेविंग्स अकाउंट वेरिएंट, 'मैक्स फॉर सीनियर्स' और 'मैक्स फॉर हर' लॉन्च किए हैं। ये अकाउंट क्रमशः सीनियर सिटिजन्स (बुजुर्गों) और महिलाओं के लिए खास तौर पर तैयार किए गए कई तरह के फ़ायदे देते हैं। ये खास प्रोडक्ट वेरिएंट बैंक के मशहूर 'सेविंग्स मैक्स अकाउंट' के तहत पेश किए जा रहे हैं, जो एंट्री-लेवल सेविंग्स अकाउंट्स में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले अकाउंट्स में से एक है। हाल की पीआईबी रिपोर्ट से पता चलता है कि 2036 तक भारत में सीनियर सिटिजन्स की आबादी लगभग 230 मिलियन (23 करोड़) तक पहुंचने का अनुमान है, जो कुल आबादी का लगभग 15 प्रतिशत होगा। इसके अलावा, अभी सभी बैंक अकाउंट्स में से 39.2 प्रतिशत महिलाओं के पास हैं और कुल जमा राशि में उनका योगदान 39.7 प्रतिशत है। 'मैक्स फॉर सीनियर्स' और 'मैक्स फॉर हर' को इन कस्टमर ग्रुप्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

टाटा प्रोजेक्ट्स को मिला 670 करोड़ रुपए का निर्माण ठेका

चेन्नई। भारत के प्रमुख निजी रियल एसेट्स प्लेटफॉर्म आरएमजेड ने चेन्नई के पोरूर स्थित अपने प्रमुख कमर्शियल प्रोजेक्ट 'आरएमज़ेड इन्फिनिटी' के निर्माण की जिम्मेदारी टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को सौंपी है। इस परियोजना के मुख्य सिविल कार्य के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स को करीब 670.24 करोड़ रुपए का ठेका दिया गया है। माउंट पूनमल्ली रोड पर विकसित होने वाला यह प्रोजेक्ट आरएमज़ेड के चेन्नई पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा होगा। आधुनिक डिजाइन, उन्नत तकनीक और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण अवधारणा पर आधारित इस परियोजना को पहले ही यूएसजीबीसी लीड गोल्ड प्री-सर्टिफिकेशन मिल चुका है, जबकि अब इसका लक्ष्य डब्ल्यूईएलएल गोल्ड सर्टिफिकेशन हासिल करना है। करीब 16.4 एकड़ में फैले 'आरएमज़ेड इन्फिनिटी' में चार अत्याधुनिक कमर्शियल टावर बनाए जाएंगे, जिनका कुल लीज योग्य क्षेत्रफल 29.4 लाख वर्ग फुट होगा। प्रत्येक टावर में तीन बेसमेंट, एक ग्राउंड फ्लोर और नौ ऑफिस फ्लोर होंगे। इसके अलावा ग्राउंड और दो मंजिलों वाली एक अलग यूटिलिटी बिल्डिंग भी विकसित की जाएगी। यह परियोजना मुख्य रूप से ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। यहां ऑफिस फ्लोर का आकार 22,000 वर्ग फुट से लेकर 1.32 लाख वर्ग फुट तक होगा, जिससे बड़ी वैश्विक कंपनियों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। कॉन्ट्रैक्ट के तहत टाटा प्रोजेक्ट्स परियोजना का कोर और शेल निर्माण करेगी।

जंग से 14.15 लाख करोड़ का नुकसान जीडीपी का 4.3 फीसदी प्रभावितः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंग के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को हर वर्ष लगभग 14.15 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होता है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 4.3 प्रतिशत है। हाल ही में जारी नोमुरा की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और औद्योगिक परिसंपत्तियों में जंग लगने से उनकी उम्र घटती है, रखरखाव की लागत बढ़ती है और उत्पादकता प्रभावित होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, जंग का सबसे अधिक असर राष्ट्रीय राजमार्गों, पुलों, रेलवे, बिजली अवसंरचना, दूरसंचार नेटवर्क, भवनों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर पड़ता है। विभिन्न क्षेत्रों में बिजली क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित है, जहां जंग से होने वाला आर्थिक नुकसान क्षेत्रीय जीडीपी का 10.1 प्रतिशत आंका गया है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031
विज्ञापन संः CUH/02/R/T/2026 दिनांक: 31.07.2026
रोजगार सूचना
विभिन्न **शैक्षणिक पदों** पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदनपत्र, विस्तृत विज्ञापन और अन्य विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.cuh.ac.in** पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में शुद्धिपत्र, परिशिष्ट आदि केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **31.08.2026** तक है।
कुलसचिव

आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन
बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल से सम्बंधित, लिंक रोड नं.1 तुलसी नगर, भोपाल
Email ID–anand.vihar@yahoo.co.in , फोन नं. 0755-2761133-2765294
सहायक प्राध्यापक कॉलेज कोड 28 हेतु निम्न विषयों के लिए आवेदन आमंत्रित।
Bachelor of Education (B.Ed)
a. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य- 02
b. शिक्षा शास्त्र -06
c. स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा- 01
प्रारूप - महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध
समय सीमा - विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस
नोट - एन.सी.टी.ई (NCTE) और विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार पात्रता।

चिंतन

भारतीय कानून का सम्मान करें सोशल मीडिया कंपनियां

किसी लोकतंत्र में यह अधिकार किसके पास होना चाहिए कि कौन-सी आवाज करोड़ों लोगों तक पहुंचे और कौन-सी नहीं? जनता के पास, संविधान के पास, कानून के पास या फिर कैलिफोर्निया में बैठे किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एल्गोरिद्म के पास? पिछले कुछ दिनों से भारत सरकार और मेटा के बीच चल रहा टकराव इसी मूल प्रश्न के इर्द-गिर्द घूम रहा है। खासकर कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने पैसे लेकर जिस तरह से खास तरह के कंटेंट को असामान्य रूप से बढ़ावा दिया, जबकि दूसरी तरह के कंटेंट की पहुंच सीमित रही, उसने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। इन आरोपों के पक्ष या विपक्ष में अभी कोई सार्वजनिक तकनीकी जांच सामने नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर हुआ कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निष्पक्षता पर बहस तेज हो गई है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फेसबुक अकाउंट से पोस्ट किया गया वीडियो कई घंटों के लिए हटा दिया गया। मेटा ने इसे तकनीकी भूल बताते हुए सार्वजनिक माफी भी मांग ली। लेकिन क्या केवल माफी इस पूरे विवाद का समाधान है? शायद नहीं। यही वजह है कि पिछले दो दिनों से मेटा की वैश्विक टीम भारत में डेरा डाले हुए है। गुरुवार को भी सरकार के साथ उसकी लंबी बैठकों का दौर जारी रहा। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात की। सरकार ने सिर्फ प्रधानमंत्री का वीडियो हटने का कारण नहीं पूछा, बल्कि उससे कहीं बड़े सवाल सामने रख दिए हैं। मेटा के एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं? कंटेंट मॉडरेशन का आधार क्या है? भारतीय कानूनों का पालन कैसे सुनिश्चित होता है? डीपफेक और बाल यौन शोषण सामग्री जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने की व्यवस्था क्या है? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या मेटा वास्तव में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत मिलने वाली सेफ हार्बर सुरक्षा का हकदार है? ये सवाल केवल मेटा से नहीं हैं। ये हर उस वैश्विक डिजिटल कंपनी से हैं जिसने भारत में करोड़ों उपयोगकर्ता तो बना लिए, लेकिन जवाबदेही के मामले में अक्सर अपनी वैश्विक नीतियों की आड़ लेती रही है। दरअसल, पिछले एक दशक में सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं रहा। यह राजनीति, चुनाव, सामाजिक आंदोलनों, व्यापार और जनमत निर्माण का प्रभावशाली मंच बन चुका है। पहले यह काम अखबारों और टीवी चैनलों के संपादक करते थे। आज यह जिम्मेदारी एल्गोरिद्म निभा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि अखबार का संपादक सामने दिखाई देता था, उसकी जवाबदेही तय होती थी। एल्गोरिद्म अदृश्य है। वह किस आधार पर निर्णय लेता है, किसे ऊपर लाता है और किसे नीचे धकेल देता है, यह किसी को पता नहीं। यही अपारदर्शिता सबसे बड़ी चिंता है। भारत सरकार का यह कहना बिल्कुल उचित है कि भारत में कारोबार करने वाली किसी भी कंपनी को भारतीय कानूनों के तहत ही काम करना होगा। सरकार की जवाबदेही भी है कि नियमन के नाम पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश न लगे। इसलिए कानून का उद्देश्य विचारों को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि नियमों को निष्पक्ष और समान रूप से लागू करना होना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल लोकतंत्र है। यहां कानून संसद बनाती है, जनता सरकार चुनती है और संविधान सर्वोच्च है। इसलिए यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि किसी बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी का एल्गोरिद्म भारतीय लोकतंत्र से बड़ा हो जाए।

आर्थिकी
सतीश सिंह

> केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि फिलहाल न तो ब्याज दरों में जल्दबाज़ी में कटौती की आवश्यकता है और न ही उन्हें बढ़ाने का कोई औचित्य दिखाई देता है। आरबीआई ने स्वीकार किया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई अभी भी उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। हालांकि राहत की बात यह है कि महंगाई का प्रमुख स्रोत मांग में अत्यधिक वृद्धि नहीं, बल्कि खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। यदि आने वाले महीनों में महंगाई अनुमानित दिशा में घटती है, खाद्य आपूर्ति सामान्य रहती है और वैश्विक जोखिम नियंत्रित होते हैं, तो आरबीआई के पास भविष्य में अधिक अनुकूल नीतिगत कदम उठाने की पर्याप्त गुंजाइश होगी।

संतुलन साधती मौद्रिक नीति

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और उसकी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 5 अगस्त की समीक्षा बैठक में व्यापक बाजार अपेक्षाओं के अनुरूप रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा। इस नीति समीक्षा का केंद्रीय संदेश यह है कि आरबीआई ऐसे समय में अत्यंत संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहता है, जब एक ओर महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आई है और दूसरी ओर भारतीय अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत मजबूत विकास की ओर अग्रसर है। यही कारण है कि केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि फिलहाल न तो ब्याज दरों में जल्दबाज़ी में कटौती की आवश्यकता है और न ही उन्हें बढ़ाने का कोई औचित्य दिखाई देता है। आरबीआई ने स्वीकार किया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई अभी भी उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। हालांकि राहत की बात यह है कि महंगाई का प्रमुख स्रोत मांग में अत्यधिक वृद्धि नहीं, बल्कि खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव है।

यही कारण है कि केंद्रीय बैंक कोर महंगाई को लेकर अपेक्षाकृत आश्वस्त दिखाई देता है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आरबीआई ने खुदरा महंगाई के औसत अनुमान को 5 प्रतिशत पर रखा है। उसके तिमाही अनुमानों के अनुसार दूसरी तिमाही में महंगाई 4.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.9 प्रतिशत तथा चौथी तिमाही में 5.5 प्रतिशत रह सकती है। यह अनुमान बताता है कि आरबीआई खाद्य एवं आपूर्ति पक्ष से उत्पन्न दबावों को अस्थायी मान रहा है और उसे उम्मीद है कि समय के साथ इनमें नरमी आएगी। महंगाई को लेकर सतर्क रुख के बावजूद आरबीआई आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर पहले की तुलना में अधिक आशावाद है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तिमाही आधार पर पहली तिमाही में 7 प्रतिशत, दूसरी में 6.4 प्रतिशत, तीसरी में 6.5 प्रतिशत और चौथी में 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान यह दर्शाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की गति अभी भी संतोषजनक बनी हुई है। इस आशावाद के पीछे कई ठोस कारण हैं। विनिर्माण क्षेत्र के शुरुआती संकेत उत्साहजनक हैं, सेवा क्षेत्र लगातार विस्तार कर रहा है, निजी उपभोग मजबूत बना हुआ है तथा विवेकाधीन खर्च में भी सुधार देखा जा रहा है। सार्वजनिक निवेश और अवसंरचना परियोजनाओं का प्रभाव भी आर्थिक गतिविधियों को गति दे रहा है। ऐसे परिदृश्य में ब्याज दरों में अनावश्यक बदलाव की आवश्यकता नहीं है। रेपो दर के साथ-साथ स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) दर 5 प्रतिशत तथा मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) एवं बैंक दर 5.5 प्रतिशत पर भी अपरिवर्तित रखी गई हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि केंद्रीय बैंक मौद्रिक ढांचे में किसी बड़े परिवर्तन का इच्छुक नहीं है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण उसका 'न्यूट्रल' नीति रुख है।

इसका अर्थ यह है कि आरबीआई किसी पूर्वनिर्धारित दिशा में नहीं बढ़ रहा, बल्कि आने वाले आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने की रणनीति पर कायम है। हालांकि रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया, फिर भी आरबीआई ने यह संकेत दिया है कि यदि आवश्यकता हुई तो बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनाए रखने के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कमी, ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) अथवा अन्य उपयुक्त साधनों का उपयोग किया जा सकता है। फिलहाल केंद्रीय बैंक का आकलन है कि बैंकिंग प्रणाली में धन की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी अतिरिक्त प्रोत्साहन की तत्काल आवश्यकता नहीं है। पिछले कुछ महीनों के दौरान मनी मार्केट दरों और सरकारी प्रतिभूतियों की प्रतिफल दरों में नरमी आई है। यह संकेत है कि बैंकिंग प्रणाली में तरलता पहले की तुलना में अधिक सुलभ हुई है।

साथ ही उद्योग, सेवा और खुदरा- तीनों क्षेत्रों में ऋण मांग संतोषजनक बनी हुई है। यद्यपि जमा और ऋण दरों के बीच अंतर घटने से कुछ बैंकों के नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) पर दबाव देखा गया है, फिर भी बैंकिंग प्रणाली की समग्र वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है। इसका अर्थ है कि बैंकों के पास ऋण उपलब्ध कराने की क्षमता बनी हुई है और अर्थव्यवस्था में धन प्रवाह फिलहाल संतुलित है। आरबीआई की सतर्कता का सबसे महत्वपूर्ण कारण वैश्विक आर्थिक वातावरण है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उतार-चढ़ाव, वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की मौद्रिक नीतियां तथा जलवायु संबंधी जोखिम- विशेषकर अल नीनो- आने वाले महीनों में महंगाई और विकास, दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि होतीहै, तो उसका सीधा असर घरेलू महंगाई, चालू खाते के घाटे और राजकोषीय संतुलन पर पड़ेगा। फिलहाल होम लोन, ऑटो लोन तथा अन्य फ्लोटिंग ब्याज दर वाले ऋणों की मासिक किस्तों (ईएमआई) में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसी प्रकार सावधि जमा पर ब्याज दरों में भी तत्काल व्यापक परिवर्तन की उम्मीद कम है। उद्योग जगत के लिए राहत की बात यह है कि ऋण उपलब्धता बनी रहेगी और बैंकिंग प्रणाली में नकदी की कोई गंभीर कमी नहीं है। निवेशकों के लिए भी यह नीति अपेक्षाकृत स्थिर ब्याज दर वातावरण का संकेत देती है, जिससे पूंजी बाजारों में अनिश्चितता सीमित रह सकती है। अगस्त 2026 की मौद्रिक नीति समीक्षा यह स्पष्ट करती है कि आरबीआई ने महंगाई नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि और वित्तीय स्थिरता-इन तीनों उद्देश्यों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है। एक ओर उसने विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती पर भरोसा जताया है, वहीं दूसरी ओर संभावित महंगाई जोखिमों को देखते हुए ब्याज दरों में कटौती से परहेज किया है। साथ ही पर्याप्त तरलता बनाए रखने का आश्वासन देकर उसने बैंकिंग प्रणाली को विश्वास भी दिया है, किंतु अतिरिक्त नकदी प्रवाह से बचकर मौद्रिक अनुशासन को भी कायम रखा है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह नीति न तो अत्यधिक उदार कही जा सकती है और न ही अनावश्यक रूप से कठोर। यह ऐसी संतुलित रणनीति है, जिसमें अल्पकालिक लोकप्रियता के बजाय दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दी गई है। यदि आने वाले महीनों में महंगाई अनुमानित दिशा में घटती है, खाद्य आपूर्ति सामान्य रहती है और वैश्विक जोखिम नियंत्रित होते हैं, तो आरबीआई के पास भविष्य में अधिक अनुकूल नीतिगत कदम उठाने की पर्याप्त गुंजाइश होगी।

(लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

प्रतिभा
शीतल देवी

खेलो इंडिया योजना से नई प्रतिभाओं को मिलेगा मौका

आज मुझे एक पैरालंपिक पदक विजेता के रूप में जो पहचान और सम्मान मिला है, उसके पीछे कई वर्षों की मेहनत और सही दिशा में आया सहयोग है। मैं कभी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ की एक साधारण बच्ची थी। अच्छी कोचिंग और हर तरह का सहयोग मिलने से ही मैं आज इस मुकाम तक पहुंच सकी। मेरी कहानी प्रेरणादायक है, लेकिन देश के कई दूर-दराज़ गांवों में आज भी मेरे जैसे कई प्रतिभाशाली दिव्यांग बच्चे हैं, जिन्हें यह तक नहीं पता कि पैरा खेल भी होते हैं। उनके पास प्रतिभा है, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिलते। मुझे यह अवसर मिला, इसलिए मैं आगे बढ़ सकी। देश के गांवों और छोटे शहरों में हजारों दिव्यांग बच्चे हैं, जिनमें खेलों की शानदार प्रतिभा है, लेकिन उनमें से कई कभी सामने नहीं आ पाते। कुछ को यह नहीं पता कि प्रशिक्षण कहां मिलेगा और कुछ को ऐसा कोच नहीं मिलता जो पैरा खेलों की समझ रखता हो। इसलिए मुझे लगता है कि सरकार की नई संशोधित खेलो इंडिया योजना खासकर पैरा खेलों के लिए बड़ा बदलाव ला सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच पर आधारित इस पांच साल की योजना पर 29,054 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

इसमें प्रतिभाओं की पहचान, कोच और सहयोगी स्टाफ तैयार करना, खेल सुविधाएं बढ़ाना और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देना शामिल है। लेकिन इस योजना की सफलता तभी होगी, जब राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश भी पूरी लगन से इसे लागू करेंगे। मुझे अपने कोचों, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), सरकार और कई अन्य लोगों का पूरा सहयोग मिला। मेरी तैयारी में कभी किसी जरूरी चीज़ की कमी नहीं रही। इसी वजह से मुझे बड़े सपने देखने और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों से मुकाबला करने का आत्मविश्वास मिला। लेकिन ऐसा सिर्फ मेरे साथ नहीं होना चाहिए। देश के हर प्रतिभाशाली बच्चे को यही मौका मिलना चाहिए। मुझे खुशी है कि नई खेलो इंडिया योजना में पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण केंद्रों और मान्यता प्राप्त अकादमियों को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया है। हर बच्चा प्रशिक्षण लेने के लिए सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा नहीं कर सकता।

आज भी कई प्रतिभाशाली बच्चे सिर्फ इसलिए गांवों में रह जाते हैं क्योंकि उनके आसपास अच्छी खेल सुविधाएं नहीं हैं। अगर उनके घर के पास ही अच्छी अकादमी, प्रशिक्षित कोच और बेहतर खेल सुविधाएं होंगी, तो परिवार भी उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस योजना की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कम उम्र में ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने पर जोर दिया गया है। पैरा खेलो इंडिया एथलीट और इमर्जिंग खेलो इंडिया एथलीट जैसी नई व्यवस्था से बच्चों को शुरुआत से ही सही मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए शुरुआती पहचान बहुत जरूरी है। कई बच्चे देर से खेल शुरू करते हैं क्योंकि उन्हें जानकारी, कोचिंग या अवसर नहीं मिलते। अगर उन्हें समय रहते पहचानकर लगातार सहयोग दिया जाए, तो वे भी बड़े खिलाड़ी बन सकते हैं। नई योजना में पैरा खेलों के लिए विशेष अकादमियां और प्रशिक्षण केंद्र बनाने पर भी जोर दिया गया है। किसी बच्चे को सिर्फ इसलिए अपना घर नहीं छोड़ना चाहिए कि उसे पैरा खेलों को समझने वाला कोच मिल सके। मुझे भी अच्छा सहयोग मिला, इसलिए मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकी। सिर्फ अभ्यास से सब कुछ नहीं सीखा जा सकता। प्रतियोगिताओं में खेलने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और प्रदर्शन बेहतर होता है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स के विस्तार से अब ज्यादा खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में खेलने का मौका मिलेगा। मैंने भी इन खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है।

यहां देश की बेहतरीन प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का मंच मिलता है। इस योजना की असली सफलता सिर्फ पदकों की संख्या से नहीं मापी जाएगी। इसकी सबसे बड़ी सफलता तब होगी, जब देश के ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग बच्चे यह विश्वास करने लगेंगे कि खेलों में उनका भी भविष्य है। यही विश्वास हर बड़े खिलाड़ी की शुरुआत होता है। मेरा मानना है कि खेलो इंडिया योजना की सबसे बड़ी सफलता उस दिन होगी, जब भारत के हर जिले, हर गांव और हर कोने से दिव्यांग बच्चे पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलों में आएंगे, क्योंकि उन्हें पता होगा कि अब उनके लिए आगे बढ़ने का रास्ता तैयार है।

(लेखिका कंपाउंड तीरंदाज, पैरालंपिक पदक विजेता, विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं)

गुरु बिना न भक्ति सार्थक और न मुक्ति संभव



संकलित
दर्शन

कागा सब तन खाइयो, चुनि चुनि खाइयो मांस। दुइ अखियां मत खाइयो, मोहे पिया मिलन की आस।।

इश्क हकीकी हो या इश्क मिजाजी, यह इश्क का चरम है। इश्क के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दें, तो भी थोड़ा है, कम है। इतिहास गवाह है कि इश्क करने वालों ने मरना कुबूल किया, पर इश्क से मुंह मोड़ना मंजूर नहीं किया। सांसारिक प्रेम के दीवाने हों या फिर रब्बी इश्क के मतवाले। खुदा की खोज स्वयं की खोज है। इसलिए स्वयं को स्वयं तक पहुंचने के लिए जरूरत होती है पूर्ण सद्गुरु और सच्चे रहबर तक पहुंचने की। सद्गुरु बेखबर इनसान को खबर देते हैं कि ये रहा निरंकार। तुम इसे चाहे कुछ भी नाम दे दो, है ये एक ही। खुदा भी यही, प्रभु भी यही, ऑलमाइटी गॉड भी यही तो वाहेगुरु भी यही। यही महबूब है हर रूह का, जिसे पाने के लिए आत्मा ने जाने कितने जन्म लिए हैं। इसे पाने के बाद ही भक्ति शुरू होती है और इसको जान लेने से ही मुक्ति मिलती है। इसके बिना न भक्ति सार्थक है और न मुक्ति संभव है। सद्गुरु मिलते ही सारे भ्रम-भुलेखे समाप्त हो उठते हैं। प्रेम और इश्क करने वालों के हिस्से तो सजा ही आया करती है। सजा से डरकर वे अपना समर्पण छोड़ नहीं दिया करते। यहां कवि ने ऐसे ही समर्पण को अपनी दो पंक्तियों में इस तरह व्यक्त किया है कि हां, मैंने मोहब्बत की है। यह मेरा गुनाह है तो खुलकर सजा दे दो। मेरे तन की बोटी-बोटी नोच लो, पर ख्याल रहे कि ये आंखें सलामत रहें, इन आंखों को मत छूना क्योंकि ये आंखें पिया की बाट जोह रही हैं।

प्रभावी संवाद के लिए संवेदनशीलता जरूरी

संकलित
प्रेरणा

प्रभावी संवाद के लिए संवेदनशीलता तथा समझदारी, दोनों गुणों में निपुणता आवश्यक है। कुछ लोग अति संवेदनशील होते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप वे अपनी बुद्धिमता खो देते हैं। उनकी वाणी में अस्पष्टता होती है और उसमें अस्फुटता झलकती है। इसमें आपकी मनःस्थिति का भी योगदान है। आप केवल क्रोध कर के किसी को सुधार नहीं सकते। इससे केवल आपके मन की शांति ही भंग होगी। जब आप लोगों से मिलते हो तो प्रायः आप उनसे बुद्धि के स्तर पर ही संवाद करते हो। यही, जब आप प्रकृति के साथ होते हो तो आप स्वतः ही गाना आरंभ कर देते हो तथा प्रकृति के साथ अपने दिल से संवाद स्थापित कर लेते हो। जब आप लोगों के साथ होते हो तो बुद्धि के स्तर पर ही बातचीत अथवा गपशप ही करते रहते हो। किंतु आप यदि प्रकृति के संग हो तो आप गुनगुनाने लगते हो और आपका संवाद दिल से निकलता है। और जब आप गुरु के सान्निध्य में होते हो तो आप खाली हो जाते हो, सभी प्रश्न भूल जाते हो! तब उस मौन में आत्मा के स्तर पर संवाद होता है। संसार में जन्म लेते ही, जैसे ही हम अपनी प्रथम श्वास लेते हैं, हम संवाद करना आरंभ कर देते हैं। हमारा पहला क्रंदन अपनी मां और इस दुनिया से हमारे प्रथम संवाद का द्योतक है कि मैं आ गया हूं। और अपनी अंतिम सांस तक हम निरंतर संवाद करते रहते हैं। तथापि, अच्छे स्तर का संवाद केवल शब्दों से कहीं ऊपर होता है। यह एक कला है और प्रभावी संवाद के लिए, केवल बोले गए शब्द की जगह बहुत से अन्य आयाम होते हैं।

सटाका



आज की पाती

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। – *रमेश मलिक, हिसार*

करंट अफेयर

रानी-प्रिया कपूर विवाद, आपसी सहमति से समझौते की उम्मीद

उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां रानी कपूर और पत्नी प्रिया कपूर के बीच पारिवारिक न्यास को लेकर जारी विवाद में बृहस्पतिवार को कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया 'काफी संतोषजनक' ढंग से बढ़ रही है और उसे 'उम्मीद' है कि यह विवाद आपसी सहमति से सुलझा लिया जाएगा। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने मध्यस्थ की ओर से दाखिल शुरुआती मध्यस्थता रिपोर्ट पर गौर किया। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि अबतक मध्यस्थता की प्रक्रिया छह सत्रों में हुई है। मध्यस्थ ने परिवार के सभी सदस्यों से बातचीत की है। हमें यह जानकर खुशी है कि मध्यस्थता काफी संतोषजनक ढंग से आगे बढ़ रही है। हमें इस बात से भी खुशी है कि सभी पक्ष सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि मध्यस्थ ने दो नवंबर तक मध्यस्थता के लिए समय देने का अनुरोध किया है। पीठ ने कहा, संबंधित पक्षों को खुले मन और दिल से मध्यस्थ के पास जाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे किसी लंबे कानूनी विवाद में न फंसें। मध्यस्थता को बढ़ने दें, हम एक और रिपोर्ट का इंतजार करेंगे। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी निर्देश दिया कि मध्यस्थ की फीस का भुगतान 'आर.के. फैमिली ट्रस्ट' से किया जाए।

ऑफ बीट

मिंजर मेला : संस्कृति और धार्मिक आस्था की अनूठी झलक

श्रावण की पहली फुहारों और रावी नदी के अनहद नाद के बीच दूसरे रविवार को चंबा के ऐतिहासिक मैदान में अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव का शुभारंभ होता है।



शोभायात्रा में स्थानीय संस्कृति और धार्मिक आस्था की अनूठी झलक देखने को मिलती है। माना जाता है कि किसी महत्वपूर्ण विजय और समृद्ध फसल की खुशी में लोगों ने राजा का स्वागत धान और मक्की की बालियों के प्रतीक 'मिंजर' से किया। 'मिंजर' रेशमी धागों से तैयार की जाने वाली एक विशेष लटकन होती है, जो धान और मक्की की नई बालियों का प्रतीक मानी जाती है। इसे अच्छी फसल, खुशहाली और समृद्धि का संदेश देने वाला शुभ प्रतीक माना जाता है। शोभायात्रा में भगवान लक्ष्मीनारायण और भगवान रघुनाथ मंदिर में मिंजर अर्पित की जाती है। मेले के दौरान लोग इसे अपने वस्त्रों पर धारण करते हैं और मंदिरों में अर्पित करते हैं। मेले का समापन विशेष धार्मिक अनुष्ठान के साथ होता है। अंतिम दिन शोभायात्रा रावी नदी के तट तक पहुंचती है, जहां मिंजर, नारियल, मौसमी फल और शुभ सामग्री जल में अर्पित की जाती है। यह परंपरा प्रकृति के प्रति आभार, अच्छी फसल और सुख-समृद्धि की कामना का प्रतीक मानी जाती है। धीरे-धीरे यह परंपरा एक बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक मेले में बदल गई, जो आज भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।

ट्रेंड

'गोबरधन' योजना



केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 23,731 करोड़ की लागत वाली 'गोबरधन' योजना को मंज़ूरी देना 'आत्मनिर्भर भारत', स्वच्छ ऊर्जा और ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। - **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

बीजेपी-स्टाइल

यह बीजेपी-स्टाइल की तरक्की की नई हवा है... जिस सड़क का उद्घाटन कुछ दिन पहले ही हुआ था, उसकी मरम्मत अभी से करनी पड़ रही है और मरम्मत को सुखाने के लिए तेज़ रफ़्तार वाले पंखे इस्तेमाल किए जा रहे हैं- यह भी हंसी की बात है।
-**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

हम छात्रों के साथ

कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। चाहे झारखंड हो, पंजाब हो, दिल्ली हो या कोई और जगह, हम अपने छात्रों के साथ मजबूती से खड़े हैं। चाहे हमारे गठबंधन के साथी हों या विपक्ष, हम छात्रों और युवाओं के साथ खड़े हैं। हम उनकी समस्याओं को हल करने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।
- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

निष्पक्ष जांच हो

पिछले छह सालों में जेएसएससी द्वारा आयोजित सभी भर्ती परीक्षाएं, जिनमें सीजीएल, उत्कर्ष सिपाही और असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं, उन्हें तुरंत रद्द किया कर उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।
-**बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी

2 दिन में दूसरी बार मिले रिजिजू-राहुल, परिसीमन बिल पर मांगा समर्थन

हंगामे के बीच लोकसभा में 'टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) बिल पास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी है। गतिरोध को खत्म करने अब सरकार सीधे विपक्ष से बात कर रही है। सरकार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संपर्क में है। बताया जा रहा है कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और राहुल गांधी के बीच फिर बात हुई है। सत्र के दौरान सरकार और राहुल गांधी के बीच यह तीसरी बातचीत थी। इससे पहले बुधवार को भी रिजिजू और राहुल गांधी के बीच बातचीत हुई थी। सत्र में अब एक हफ्ता ही बचा और सरकार परिसीमन बिल लाना चाह रही है।

हम राजनीतिक विरोधी... लेकिन दुश्मन नहीं

मंत्री किरेन रिजिजू और एलओपी राहुल गांधी

संसद में प्रश्नकाल भी नहीं चल सका

गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई।

अध्यक्ष ओम बिरला की बार-बार शांति बनाए रखने की अपील के बावजूद विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी थमने का नाम नहीं ले रही थी। नतीजतन सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

विपक्ष जान-बूझकर संसद का कामकाज नहीं होने दे रहाः रिजिजू

रिजिजू ने राम मंदिर चंदे के मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस, सीबीआई और सपा भगवान राम का लगातार विरोध कर रही हैं। विपक्ष के चंदा चोरी नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देशभर के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

अब 2000 रुपए से ज्यादा की यूपीआई पेमेंट पर लगेगा चार्ज

लोकसभा में बिना बहस के 'टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) बिल' पास कर दिया गया है। अब 2000 से अधिक के यूपीआई पेमेंट पर अधिभार लगेगा।

गृह मंत्री गायब, पीएम आ नहीं रहे

शाह बर्बरता पर दें जवाबः खरगे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र के साथ पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा 15 दिन से सदन चल रहा है और गृह मंत्री गायब हैं। शाह जवाब दें।

गलत बातें फैला रहे राहुल और खरगे

शाह बहस को तैयार, भाग रहा विपक्ष

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेता गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ झूठी बातें फैला रहे हैं। विपक्ष जानबूझकर संसद में हंगामा कर रहा है। वह मुद्दों पर बहस करने से बच रहा है। सदन चलने पर वे हर सवाल का जवाब देने को तैयार हैं।

एटीएफ में इथेनॉल मिलाने वाले दावे गलत

मंत्री नायडू बोले- ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं

हवाई जहाज चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले फ्यूलएटीएफ (विमान ईंधन) में इथेनॉल मिलाने वाले दावे को सरकार ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि एटीएफ में इथेनॉल मिलाने का दावा पूरी तरह से गलत और गैर-जिम्मेदाराना है।

खबर संक्षेप

छात्रसंघ चुनाव की मांग पर टकराव, कार्यकर्ता भिड़े

उदयपुर। यहां के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। आर्ट्स कॉलेज के मुख्य गेट से शुरू हुआ विवाद कुलपति तक पहुंच गया। दोनों संगठनों के बीच धक्का-मुक्की की नौबत आ गई।

आसाराम को राहत अंतरिम जमानत नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। उन्हें एक प्रशिक्षित केयरटेकर रखने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने सुनवाई करते हुए उसे फिलहाल लंबित रखा।

प्रेमानंद के लिए 1000 कीलों पर दंडवत कांवड़

शाहजहांपुर। पवित्र सावन में आस्था का एक अद्भुत स्वरूप शाहजहांपुर में देखने को मिल रहा है। जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम पहरा निवासी सोनू यादव ने प्रेमानंद महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अनोखी कांवड़ यात्रा शुरू की है। वह 1000 लोहे की कीलों पर दंडवत प्रणाम करते हुए यह कठिन यात्रा कर रहे हैं। इस पर लोग अचंभित हैं।

पंजाब में बिना अनुमति पेड़ काटा तो जुर्माना

चंडीगढ़। पंजाब में बिना अनुमति पेड़ काटने पर सख्त कार्रवाई होगी। नए 'पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ ट्रीज बिल' के तहत, काटे गए हर एक पेड़ के बदले 10 पौधे लगाना अनिवार्य है। बिना अनुमति पेड़ काटने पर 10 हजार से लेकर 50 हजार तक का जुर्माना लग सकता है। राज्य सरकार और एनजीटी पर्यावरण संरक्षण को लेकर सख्त हैं।

अतीक के छोटे बेटे अबान की भी मौत

झांसी। मारे गए माफिया डॉन अतीक अहमद के परिवार का बुरा दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कभी प्रयागराज में जिस परिवार के नाम से लोग कांपते थे, आज उसका वजूद लगभग मिट चुका है। गुरुवार को सबसे छोटे बेटे अबान की झांसी में सड़क हादसे में मौत हो गई है।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 2 अहम फैसले लिए गए

असम में एनएच-15 पर बनेगा 4-लेन हाईवे

'गोबरधन' योजना से किसान होंगे लाभान्वित

यह प्रोजेक्ट एनएचओ के तहत 8970.20 करोड़ की लागत से 'बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर' टोल मोड पर डेवलप होगा। इसमें तेजपुर बाइपास पर 4.9 किमी लंबा इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का निर्माण होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने गुरुवार को कई अहम और बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने असम में एनएच -15 पर गुवाहाटी के पास बैहाटा चारियाली से तेजपुर तक 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड गुवाहाटी-तेजपुर कॉरिडोर बनाने को मंजूरी दी है। बैहाटा चारियाली से तेजपुर तक बनाए जाने वाले इस 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे की लंबाई 135.871 किमी होगी। यह प्रोजेक्ट एनएचओ के तहत 8970.20 करोड़ की कुल लागत से 'बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर' टोल मोड पर डेवलप किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में तेजपुर बाइपास पर 4.9 किमी लंबा एक इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का निर्माण भी शामिल है, जिसे भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर अंतिम रूप दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

योजना को भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर अंतिम रूप दिया गया

15 बड़े पुल, 30 छोटे पुल, 19 फ्लाईओवर और 1 हाथी अंडरपास बनाने का प्रावधान

इसके अलावा प्रोजेक्ट में 15 बड़े पुल, 30 छोटे पुल, 19 फ्लाईओवर और 1 हाथी अंडरपास (तेजपुर बाइपास में) बनाने का प्रावधान है। चूंकि इस प्रोजेक्ट को एक्सेस-कंट्रोल्ड बनाया जा रहा है, इसलिए ट्रैफिक की आवाजाही बनाए रखने के लिए 46 अंडरपास, 19 फ्लाईओवर और 210 किमी सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से यात्रा का समय आधा हो जाएगा, सड़क सुरक्षा बेहतर होगी, ईंधन की बचत होगी और गाड़ी चलाने का खर्च भी कम होगा।

कम्प्रेस्ड बायोगैस को विस्तार देने मजबूत ढांचा मुहैया होगा

योजना के तहत कृषि अपशिष्ट, पशुओं का गोबर, गन्ने की खोई, शहरी जैविक कचरा और अन्य बायोमास संसाधनों को स्वच्छ ईंधन, जैविक खाद, ग्रामीण आय और राष्ट्रीय आर्थिक मूल्य में बदला जाएगा। सरकार ने कहा कि सुनिश्चित मांग, आकर्षक एवं स्थिर मूल्य निर्धारण, पूंजीगत सहायता, पाइपलाइन अवसंरचना, ऋण समर्थन और प्रौद्योगिकी विकास जैसे उपायों के जरिये ये योजना कम्प्रेस्ड बायोगैस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने मजबूत एवं स्पष्ट ढांचा मुहैया होगा।

सीबीजी उत्पादन को बढ़ाया जाएगा

यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक लागू रहेगी और भारत की ऊर्जा व्यवस्था में संपीड़ित बायोगैस को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में स्थापित करेगी। सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से देश में सीबीजी उत्पादन को करीब 10 गुना बढ़ाना, निजी निवेश आकर्षित करना और सर्कुलर बायोइकोनॉमी को मजबूत करना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना के तहत सीबीजी उत्पादकों को सुनिश्चित बाजार, स्थिर मूल्य, पूंजी सहायता दी जाएगी।

योजना के 6 प्रमुख घटक

1. सुनिश्चित सीबीजी खरीद
2. स्थिर मूल्य व्यवस्था
3. पूंजी सहायता
4. पाइपलाइन अवसंरचना का विकास
5. क्रेडिट गारंटी सुविधा
6. सीबीजी इकोसिस्टम चैलेंज फंड

23,731 करोड़ की गोबरधन योजना को मंजूरी

मंत्रिमंडल ने गुरुवार को देश में बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 23,731 करोड़ रुपए के प्रावधान वाली राष्ट्रीय एकीकृत योजना 'गोबरधन' को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया के साथ बातचीत करते हुए बताया कि 'गोबरधन' योजना को 2026-27 से 2035-36 तक लागू किया जाएगा और इसका उद्देश्य कम्प्रेस्ड बायोगैस को देश के भविष्य के ऊर्जा मिश्रण का एक प्रमुख स्तंभ बनाना है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा लाभ

यह योजना किसानों, सहकारी समितियों, फीडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगी। साथ ही कृषि अवशेष, गोबर और शहरी जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

प्रयागराज में कल होना था कार्यक्रम

राहुल बोले-सभा की मंजूरी नहीं,पर आवाज उठाने से नहीं रोक सकते

'छात्रों की गूंज' को मंजूरी आखिरी समय में रद्द कर दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर सियासी विवाद तेज हो गया है। 8अगस्त को प्रयागराज के केपी ग्राउंड में होने वाले इस कार्यक्रम की मंजूरी आखिरी समय में रद्द कर दी गई। राहुल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें छात्रों के हक की आवाज उठाने से कोई नहीं रोक सकता। अनुमति रद्द होने के पीछे कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश, लगातार बारिश से जलभराव और जिला प्रशासन से अंतिम मंजूरी नहीं मिलने का हवाला दिया है। इसमें पेपर लीक, फीस बढ़ोतरी, सीटों में कटौती और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी थी।

प्रियंका ने केंद्र पर साधा निशाना

'किस बात का डर?

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए स्थल की अनुमति नहीं मिलने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि प्रशासन इस कार्यक्रम से किस बात से डर रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को संबोधित एक पत्र में, कायस्थ पाठशाला के कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि यह निर्णय प्रधानाध्यापक की जानकारी के बाद और उच्च न्यायालय के आदेश पर रद्द की है।

सरकार एथेनॉल 50 फीसदी तक बढ़ाएगी

ई-20 पर विवाद

आपके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और भाजपा के आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय के बीच एक्स पर तीखी बहस सामने आई। केजरीवाल ने केंद्र पर डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन में एथेनॉल मिश्रण करने की योजना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सरकार ई20 ईंधन के बाद पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण 50 फीसदी से अधिक बढ़ाएगी। केजरीवाल ने नए पेट्रोल और डीजल वाहन खरीदने से बचने का आग्रह किया।

ई-20 से आगे कोई फैसला नहीं लिया गया

भाजपा आईटी सेल के अमित मालवीय ने केजरीवाल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र ने ई20 से आगे मिश्रण बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने केजरीवाल के तर्क को तथ्यों के बजाय भय पर आधारित बताया। ई20 बिना वैज्ञानिक स्टडी के लागू नहीं किया था।

जेपीएससी-जेएसएससी में गड़बड़ी पर आंदोलन

सरकार से बातचीत के लिए डेलिगेशन किया तय

8 छात्र, 1 वकील और 2 एक्सपर्ट करेंगे बात

सभी मांगें और तथ्य केवल छात्र प्रतिनिधि ही सरकार के सामने रखेंगे

एजेंसी ▶▶ रांची

जेपीएससी और जेएसएससी समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में छात्र आंदोलन के बीच सरकार से वार्ता को लेकर बड़ी खबर है। छात्रों ने प्रतिनिधिमंडल की सूची जारी की है। इससे राज्य सरकार के साथ बातचीत होगी। प्रतिनिधिमंडल में 8छात्र प्रतिनिधियों के अलावा 2एक्सपर्ट और 1 वकील को शामिल किया गया।

माइक, कैमरा, रिकॉर्डिंग डिवाइस बैन

आंदोलनकारियों ने कहा कि पत्रकार और कानूनविद केवल अभिभावक एवं मार्गदर्शक की भूमिका में रहेंगे। बैठक के दौरान किसी भी मुद्दे, मांग या तथ्य को केवल छात्र प्रतिनिधि ही सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। पत्रकार और कानूनविद बयान नहीं देंगे। बैठक में माइक, कैमरा, रिकॉर्डिंग डिवाइस बैन रहेगा।

आंदोलनकारी छात्रों ने मांगा हेमंत का इस्तीफा, वे पद के लिए अयोग्य

झारखंड में विरोध-प्रदर्शन गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर छह प्रदर्शनकारी भी आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। वहीं सरकार की ओर से गंभीरता नहीं दिखाने पर अब आंदोलनकारी छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग कर दी है। राज्य सरकार उनकी मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही है।

20 दिन में 8 जगह धंसी सड़क

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे

नई दिल्ली। कानपुर एक्सप्रेसवे के लगातार धंसने पर एनएचएआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा को हटा दिया। निर्माण कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक पर भी कार्रवाई शुरू हुई है। मरम्मत पूरी होने तक एक्सप्रेसवे टोल फ्री रहेगा और गुणवत्ता की जांच आईआईटी खड़गपुर करेगा। अगस्त के पहले हफ्ते तक एक्सप्रेसवे आठ स्थानों पर उखड़ा और धंसा।

कॉकरोच जनता पार्टी के दीपके का नया ऐलान

सीजेपी शुरू करेगी 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी(सीजेपी) की कोर टीम की बैठक गुरुवार को खत्म हो गई है। मीडिया को संबोधित करते हुए सीजेपी का फाउंडर अभिजीत दीपके ने बड़ा ऐलान किया है। दीपके ने कहा है कि सीजेपी सितंबर से एक अभियान शुरू करगी जिसका नाम होगा 'क्या बोलती पब्लिक'। इसके माध्यम से देशभर में लोगों से संवाद किया जाएगा और उनकी समस्याओं को जाना जाएगा। इस दौरान पता चलेगा कि जनता को किन मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है?

अब लोग सड़कों पर उतरेंगे

दीपके ने कहा कि लोगों के मन से डर खत्म हो गया है। अब लोग सड़कों पर उतरेंगे। आज उन्होंने एक व्यक्ति का इस्तीफा मांगा है। कल वे अन्य व्यक्तियों का भी इस्तीफा मांगेंगे। हमारी विचारधारा वही है जो भारत के संविधान की है।

बेरोजगारी को देशव्यापी मुद्दा बनाएंगे

दीपके ने आगे कहा कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और इसे देशव्यापी मुद्दा बनाया जाएगा। हम एजुकेशन सिस्टम में सुधार के लिए भी काम करेंगे। शिक्षा मुनाफा कमाने का कारोबार बन गई है।

दीपके के घर के बाहर दो युवकों का धरना

हमें दूसरा केजरीवाल नहीं चाहिए

छात्र आंदोलन से जुड़े होने का दावा करने वाले दो युवकों ने दीपके के घर के बाहर धरना दिया और आरोप लगाया कि उन्हें कोर टीम की बैठक में शामिल होने या अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया। युवकों की पहचान मनीष ब्रह्मभट्ट और राहुल पंड्या के रूप में हुई है।

गालियों वाले वीडियो पर बोले वांगचुक

मैं 'अपशब्दों' को कतई मंजूरी नहीं देता

नीट पेपर लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर हुए प्रोटेस्ट के दौरान प्रधानमंत्री और सरकार को अपशब्द कहने के कई वीडियो वायरल हैं। इन वीडियो की भाषा को लेकर जब पर्यावरणविद और एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से सवाल किया गया तो उन्होंने अपशब्दों पर आपत्ति जताई।

पेपर लीक मामले में वकीलों को फटकार

जज बोले- हर मिनट अहम आप 10 बजे कोर्ट में ही रहें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट यूजी पेपर लीक मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली की फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चल रही है। बचाव पक्ष के कुछ वकीलों के सुबह 10 बजे समय पर नहीं पहुंचने पर अदालत ने नाराजगी जताई। अदालत ने सभी वकीलों को रोजाना समय पर उपस्थित रहने और भविष्य में किसी भी तरह की देरी से बचने का निर्देश दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने कहा कि कृपया मेरी चिंता को समझिए। यहां हर मिनट अहम है। जब मैं पहले इस मामले की सुनवाई कर रहा था तब इसे जल्द निपटाने के कोई निर्देश नहीं थे। आप सभी को सुबह ठीक 10 बजे अदालत में मौजूद रहना चाहिए। यह सिलसिला ऐसे नहीं चल सकता। आज मैं मामले की सुनवाई 11 बजे तक स्थगित कर रहा हूं। सुनवाई के दौरान नाराजगी जताते हुए जज ने कहा कि ये सही नहीं है कि वकील समय से न हो।

उत्तराखंड में बारिश और भूस्खलन से 111 सड़कें बंद, स्कूलों की छुट्टी

दिल्ली-एनसीआर में बिगड़े हालात, वर्क-फ्रॉम-होम की सलाह: बद्रीनाथ हाईवे बंद, केदारनाथ में गाड़ियां फंसी, ऋषिकेश में गंगा खतरे के निशान से ऊपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में मानसूनी बारिश आफत ला रही है। दिल्ली और गुरुग्राम में गुरुवार को हुई भारी बारिश से कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। इससे सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। दिल्ली-जयपुर हाईवे, धौला कुआं, कालिंदी कुंज, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ग्रीन पार्क और एम्स समेत कई सड़कों पर गाड़ियां रेंगती नजर आईं। गुरुग्राम पुलिस ने निजी कंपनियों से कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की अपील की है। उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा नदी वॉर्निंग लेवल के ऊपर बह रही है। लोगों को घाटों पर न जाने की चेतावनी दी गई है।

नगालैंड में भारी बारिश का कहर अस्थायी पुल बहा, सड़कें बंद

कोहिमा। नगालैंड में लगातार हो रही मानसूनी बारिश और बाढ़ ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी बारिश के चलते कई जगह नुकसान की खबरें सामने आई हैं। ताजा जानकारी के अनुसार दीमापुर और पेरेन जिले को जोड़ने वाला झारनापानी और मोलवोम के बीच का अस्थायी पुल भारी बारिश और बाढ़ में बह गया है। इससे चुमौकेदिमा और पेरेन के बीच की कनेक्टिविटी टूट गई है।

मानसून में हाई अलर्ट पर रहें सभी एजेंसियां: धामी

सीएम ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन से फोन पर बातचीत कर हालात की जानकारी ली। सीएम ने एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभागों को समन्वय से 24 घंटे हाई अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा की स्थिति में बिना विलंब राहत और बचाव कार्य शुरू किया जाए।

नैनीताल में दिनभर बारिश, घना कोहरा छाया

नैनीताल। सरोवर नगरी में बुधवार सुबह से ही बादल और कोहरा छाया रहा करीब साढ़े 11 बजे से बारिश शुरू हो गई। दोपहर में घना कोहरा छाने से विजिबिलिटी काफी कम रही। वहीं दूसरी ओर बारिश में छाता और बरसाती बेचने वाले का काम अच्छा हुआ। बीते 24 घंटे में 33 मिमी बारिश हुई।

प्रमुख सड़क भी बाधित

इतना ही नहीं फेक जिला मुख्यालय को फुत्सेरो और कोहिमा से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी बुधवार को बंद हो गया। लोसामी और फेक गांव के बीच का हिस्सा भारी बारिश और बाढ़ के कारण पूरी तरह ठप हो गया है। दूसरी ओर इस सड़क की देखरेख एनएचआईडीसीएल से हटाकर नगालैंड लोक निर्माण विभाग को सौंपे जाने के बाद से लोगों में नाराजगी है।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी और नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई वार्ता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बृहस्पतिवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन कर पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। पीएमओ के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत-इजराइल विशेष रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी है और ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर वैश्विक चिंताएं बनी हुई हैं।

देवेश होंगे इथियोपिया में भारत के नए राजदूत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने 2003 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी देवेश उत्तम को इथियोपिया का नया राजदूत नियुक्त किया है। वह वर्तमान में लिथुआनिया में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं और जल्द ही अपना नया पदभार संभालेंगे। देवेश उत्तम 2001 बैच के आईएफएस अधिकारी अनिल कुमार राय का स्थान लेंगे। उप्र के निवासी देवेश उत्तम तेहरान, न्यूयॉर्क और विदेश मंत्रालय के सीपीवी प्रभाग में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। यह नियुक्ति भारत और इथियोपिया के बीच अहम मानी जा रही है।

पिछले साल 59 जवानों ने की थी आत्महत्या

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बल सीआरपीएफ में वर्ष 2025 के दौरान आत्महत्या के 59 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक हैं। इनमें 80 प्रतिशत से अधिक संख्या कांस्टेबुलरी (आरक्षी संवर्ग) के जवानों की थी। सूत्रों के अनुसार, 2021 से 2025 के बीच दर्ज 262 मामलों में से 77 प्रतिशत से अधिक कर्मियों ने ड्यूटी के दौरान कदम उठाया। अधिकारियों के मुताबिक, पारिवारिक समस्याएं और कठिन ड्यूटी का तनाव इसके मुख्य कारण हैं। जवानों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर उपाय किए जा रहे हैं।

सेना संबंधी संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में बोले रक्षा मंत्री

असम में बाढ़: पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई प्रादेशिक सेना, राजनाथ से मिली शाबाशी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को संसद की सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की है। जिसमें हुई संपूर्ण चर्चा पूरी तरह से प्रादेशिक सेना (टीए) पर केंद्रित रही। यह देश का एक प्रशिक्षित, प्रेरित और सशक्त बल है। आकार में इसमें 44 हजार 400 कर्मी और 59 विविध इकाइयां शामिल हैं।

प्राकृतिक आपदाओं के दौरान यह खासतौर पर अहम भूमिका निभाता है। बल के इसी योगदान का उल्लेख रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में दिए अपने संबोधन में किया। जिसमें उन्होंने खासतौर पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य असम में आई भीषण बाढ़ के दौरान टीए द्वारा किए गए राहत-बचाव कार्य और जरूरतमंदों तक तत्काल आधार पर पहुंचाई गई चिकित्सा सहायता के लिए सराहना की है। उन्होंने केरल में आई बाढ़ और ओडिशा के चक्रवात में किए गए बल के कार्यों को भी अपने वक्तव्य में सम्मानपूर्वक दोहराया।

टीए ने लगाए 10 करोड़ पौधे, 85% जीवित

रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के सदस्यों को प्रादेशिक सेना के अधिदेश, भूमिका और मुख्य उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। जबकि सदस्यों ने टीए को पहले की तुलना में और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा इसकी समग्र प्रभावशीलता को मजबूत बनाने के लिए कई बहुमूल्य सुझाव दिए हैं। राजनाथ ने पर्यावरण प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन से बचाव में किए गए प्रादेशिक सेना के प्रयासों और कार्यों की भी प्रशंसा की। जिसमें उन्होंने बताया कि टीए ने अब तक 10 करोड़ पौधे लगाए हैं। जिनमें से 80 से 85% जीवित हैं। ये सरकार की हरित पहल है। जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन लाइफ और पंचामृत लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर साकार कर रही है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में तैनात टीए द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का भी जिक्र किया।

बैठक में मौजूद रहे यह अधिकारी

बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन.एस राजा सुब्रमणि, सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, वित्त सचिव विश्वजीत सहाय और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बताते चलें कि प्रादेशिक सेना की स्थापना 9 अक्टूबर 1949 को हुई थी। 2024 में इसकी स्थापना के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं। ऐसे में इसका योगदान युद्धकाल, शांतिकाल सहित पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक आपदा और मानवीय सहायता अभियानों में समान रूप से नजर आता है।

यूं टीए से बढ़ती रक्षा बलों की क्षमता

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम के विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाने में प्रादेशिक सेना का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है। साथ ही उन्होंने रक्षा बलों और टीए के बीच मौजूद मूलभूत अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि रक्षा बलों की भूमिका मुख्य रूप से सुरक्षा से जुड़े पहलुओं के ईद गिर्द घूमती है। जबकि प्रादेशिक सेना पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कार्यों जैसे बाकी क्षेत्रों में भी योगदान देती है। यह नागरिक-सैनिक अवधारणा का जीता-जागता उदाहरण है। जिसके सैनिक असैन्य कार्यों में शामिल रहते हुए भी सरहदों की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए वर्दी पहनते हैं। टीए प्रशिक्षित सैनिकों का एक आरक्षित भंडार बनाकर रक्षा बलों की क्षमता को बढ़ाती है।

जिन्हें जरूरत पड़ने पर तेजी के साथ तैनात किया जा सकता है। इनकी एक विशेषता यह भी है कि जब यह टीए के सैनिक अपना कार्यकाल पूरा कर नागरिक जीवन में वापस लौटते हैं। तब यह लोग समाज और सेना के बीच एक सेतु का काम करते हैं। आम लोगों (विशेषकर युवाओं) को रक्षा बलों में शामिल होने के लिए टीए द्वारा प्रेरित भी किया जाता है।

नहीं चलेगी चीन और पाक की नापाक चाल

चुनौतियों के बीच बजा भारत का डंका अग्नि-4 मिसाइल का हुआ सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई हिस्सों में चल रहे युद्ध और घरेलू मोर्चे पर बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच गुरुवार का दिन भारत के इतिहास में मील के पत्थर के समान है। कारण, देश के पूर्वी तट पर बसे ओडिशा राज्य में मौजूद एकीकृत चांदीपुर परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया गया परमाणु हथियारों से लैस मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण है। जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेश में विकसित किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। बताते चलें कि सरकार की तरफ से बीते दिनों इस मिसाइल परीक्षण के इलाके के आसपास के क्षेत्र में एहतियात के रूप में एक नोटेम (नोटिस टू एयर मिशंस/ नोटिस टू एयरमैन) भी जारी किया गया था। नोटेम एक आधिकारिक और अनिवार्य सुरक्षा चेतावनी होती है। जिसके जरिए पायलटों, विमानन अधिकारियों व समुद्री जहाजों को एक तय समय तक क्षेत्र में अस्थायी रूप से प्रवेश न करने की सूचना दी जाती है।

मारक क्षमता अधिकतम 4 हजार किमी तक

रक्षा सूत्रों ने कहा कि अग्नि-4 देश के एक अति-विध्वंसक मिसाइलों में से एक मानी जाती है। जिसकी मारक क्षमता 3 हजार 500 किलोमीटर से लेकर 4 हजार किलोमीटर तक है। अपने लक्ष्य पर निशाना साधते वक्त यह मिसाइल एक बार में अपने साथ लगभग एक टन वजनी परमाणु या पारंपरिक हथियार सामग्री ले जाने में सक्षम है। जिसके मायने बिल्कुल साफ हैं कि अगर हमारे दो निकट पड़ोसी प्रतिद्वंदी देशों चीन और पाकिस्तान ने भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिमाकत की, तो उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिलेगा।

अग्नि मिसाइल की विशेषताएं

गौरतलब है कि अग्नि-4 मिसाइल का पूर्व में 2024 में भी एक परीक्षण किया गया था। जिसके बाद अब यह परीक्षण किया गया है। इस दृष्टिकोण से देखें तो यह मिसाइल का दूसरा सफल परीक्षण था। मिसाइल की कुल लंबाई 20 मीटर और इसका वजन 17 टन है। इसके अलावा इसका संचालन दो चरणों वाले ठोस रॉकेट इंजनों की मदद से होता है। यह लक्ष्य पर सटीकता से हमला कर उसे नष्ट करने के लिए जानी जाती है। अग्नि मिसाइल में आधुनिक वैमानिकी, डिजिटल नियंत्रण और नेविगेशन सिस्टम की अहम भूमिका है। सड़क मार्ग से इस मिसाइल को कहीं पर ले जाया जा सकता है। जो इसकी तैनाती को आसान बनाता है।

सभी मानकों पर खरा उतरा परीक्षण

मंत्रालय के मुताबिक, अग्नि मिसाइल का यह परीक्षण सभी रणनीतिक और तकनीकी मानकों पर शत-प्रतिशत अंदाज में खरा उतरा है। अग्नि-4 एक परमाणु हथियारों से वार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल है। इसलिए इस परीक्षण को सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के तत्वाधान में किया गया।

नीलम-झेलम का श्राप!

पीओके का काल बन गई चीन की 42 हजार करोड़ की खैरात

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर इस समय भारी जन-आक्रोश की आग में जल रहा है। चीन की 42 हजार करोड़ रुपए की खैरात से तैयार हुआ 969 मेगावाट का नीलम-झेलम हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट स्थानीय लोगों के लिए सबसे बड़ा श्राप बन चुका है।

अंतरराष्ट्रीय बैंकों के इनकार के बाद चीन से मिली इस आर्थिक मदद और शहबाज शरीफ-आसिम मुनीर की मिलीभगत ने इस इलाके को बर्बादी के मुहाने पर ला खड़ा किया है। तमाम दावों और विकास के ढोल

पीटने के बावजूद, तकनीकी खामियों और भ्रष्टाचार के कारण यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अब पूरी तरह ठप पड़ा है। त्रासदी यह है कि जिन स्थानीय नदियों को बांधकर यह बिजली बनाई जा रही थी, उन पर पीओके के लोगों का कोई हक नहीं बचा।

पूर्व राष्ट्रपति जूमा के भारत दौरे पर विवाद

दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय उच्चायुक्त सूकलाल को वापस बुला लिया

एजेंसी ▶▶ प्रिटोरिया

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा की हालिया भारत यात्रा ने देश की राजनीति में बड़ा भूचाल ला दिया है। जून के आखिरी हफ्ते में भारत आए जूमा ने सहारनपुर में भगोड़े कारोबारी अजय गुप्ता से मुलाकात की थी।

गुप्ता बंधुओं पर जूमा के राष्ट्रपति कार्यकाल (2009-2018) के दौरान सरकारी तंत्र पर कब्जे, अरबों रैंड के गबन और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इसी घोटाले के चलते जूमा को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी थी। इस मुलाकात की तस्वीरें

सामने आने के बाद दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लमोला ने भारत में तैनात अपने उच्चायुक्त अनिल सूकलाल को वापस हेडक्वार्टर बुला लिया है। सूकलाल पर राजनयिक प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने और विदेश मंत्रालय के लिखित निर्देशों की अनदेखी कर जूमा की मदद करने का आरोप है।

एलन मस्क की स्पेसएक्स का बेकाबू हुआ रॉकेट

साढ़े 8 हजार किमी की रफ्तार से 4 हजार किलो का रॉकेट चांद से भिड़ा

नासा ने कहा पृथ्वी सुरक्षित, चिंता की बात नहीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स का एक बेकाबू रॉकेट चांद की सतह से टकरा गया है। लगभग 4,000 किलोग्राम वजनी और 45 फीट लंबा यह टुकड़ा स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट का ऊपरी हिस्सा था, जो करीब 8,690 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चांद से टकराया। हालांकि, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने स्पष्ट किया है कि इस टक्कर से पृथ्वी को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है।



फ्लोरिडा से हुआ था लांच

इस रॉकेट को फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च सेंटर 39ए से अमेरिका के ब्लू घोस्ट और जापान के हकुटो-आर लूनर लैंडर को अंतरिक्ष में भेजने के लिए लॉन्च किया गया था। मुख्य मिशन पूरा होने के बाद रॉकेट का यह हिस्सा अंतरिक्ष में ही तैरता रह गया था।

टक्कर से चांद की धूल का विशाल गुबार उठा

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के खगोलविद डॉ. मैट बोथवेल के अनुसार, इस प्रचंड टक्कर से चांद की धूल का एक विशाल गुबार उठा जो लगभग 100 किलोमीटर ऊपर तक गया। हालांकि, हादसे के वक्त चांद का चक्कर लगा रहा कोई भी स्पेसक्राफ्ट सही स्थिति में नहीं था। जिससे लाइव तस्वीरें नहीं मिल सकीं।

अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर लगाई लगाम

दुनिया के कई देशों को ब्लैकमेल करने के लगे थे आरोप

टैरिफ की रट लगा रहे ट्रंप को लगा बड़ा झटका वापस करना पड़े 100 अरब अमेरिकी डॉलर

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के लगाए गए बड़े टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सरकार ने अब तक लगभग 100 बिलियन डॉलर का रिफंड आयातकों को वापस कर दिया है।

कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन के एक अधिकारी ने बताया कि 31 जुलाई तक लगभग 128.68 बिलियन डॉलर और प्रमाणित रिफंड को प्रोसेसिंग के लिए किया गया था।



शुल्क चुकाने वाले आयातकों को लौटाया रिफंड

इनमें से 100 बिलियन डॉलर का भुगतान पहले ही पूरा कर लिया गया है और इसे ट्रेजरी डिपार्टमेंट को भेज दिया गया है। यह रकम ट्रंप प्रशासन द्वारा इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत लगाए गए 166 बिलियन डॉलर के टैरिफ का लगभग 60 प्रतिशत है।

यह रिफंड उन आयातकों को दिया गया है जिन्होंने ये शुल्क पहले चुकाए थे। पिछले साल व्हाइट हाउस लौटने के बाद ट्रंप ने व्यापारिक साझेदारों पर दबाव बनाने के लिए इस कानून का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाए थे।

कोर्ट ने कहा- राष्ट्रपति ने अधिकार क्षेत्रों का उल्लंघन किया

लेकिन इस साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि ऐसा करके राष्ट्रपति ने अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। कोर्ट के इस फैसले से ट्रंप की मनमाने ढंग से टैरिफ लगाने की क्षमता को बड़ा झटका लगा। हालांकि, ट्रंप के सेक्टर-विशिष्ट टैरिफ, अभी भी लागू हैं। दस्तावेजों के अनुसार, फरवरी के फैसले के बाद से ट्रंप ने दर्जनों साझेदार देशों पर फिर से टैरिफ लगाने के लिए नए कानूनी तरीके अपनाए हैं, जिससे कोर्ट में और चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर 7% टोल टैक्स वसूलेगा ईरान

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच मध्य पूर्व की जियो-पॉलिटिक्स में बड़ा मोड़ आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान और ओमान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों पर 7% तक शिपिंग टोल लगाने की डील पर चर्चा कर रहे हैं। यदि यह समझौता सिरे चढ़ता है, तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के सबसे अहम समुद्री मार्ग पर ईरान का नियंत्रण काफी हद तक बढ़ जाएगा। अनुमान के मुताबिक, 7% टोल लागू होने पर ईरान को रोजाना करीब 385 मिलियन डॉलर (38.5 करोड़ डॉलर) और सालाना 100 बिलियन डॉलर (100 अरब डॉलर) से अधिक की कमाई हो सकती है।

टैक्स दर पर ओमान से खींचतान

ईरान जहाजों पर सामान की कुल कीमत का 5% से 7% शुल्क वसूलना चाहता है, जबकि ओमान ने इसे 3% रखने का सुझाव दिया है। ईरानी उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने पुष्टि की है कि प्रस्ताव के तहत जहाजों को आने-जाने दोनों समय ईरानी जलक्षेत्र का इस्तेमाल करना होगा।

व्यापार समझौते पर सहमति

क्रिटिकल मिनरल्स और फार्मा में भी सहयोग बढ़ाएंगे भारत-दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर में आयोजित 'ब्रिक्स 2026 व्यापार मंत्रियों की बैठक' के दौरान भारत और दक्षिण अफ्रीका ने क्रिटिकल मिनरल्स, फार्मास्यूटिकल्स और विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग एवं प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स टाउ के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक के दौरान भारत-दक्षिणी अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ (एसएसीयू) वरीयता व्यापार

समझौते (पीटीए) के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर हस्ताक्षर करने तथा इसकी वार्ताओं को शीघ्र पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया।

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापारिक रिश्तों को नया आयाम देने और वार्ताओं को जल्द अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

पहला जनविश्वास कार्यक्रम कोलार क्षेत्र के श्याम नगर में होगा

आज जनता से मुलाकात करेंगे अधिकारी आंगनबाड़ी, अस्पताल का करेंगे निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शुक्रवार सात अगस्त से जनविश्वास अभियान की शुरुआत कोलार क्षेत्र के श्याम नगर अरेरा पेट्रोल पंप के पास से की जा रही है, जहां पर टीटी नगर, एमपी नगर और कोलार क्षेत्र के अफसर आम लोगों से संवाद करेंगे। इस दौरान लोगों की समस्याओं और उनको मिलने वाली सुविधाओं को लेकर चर्चा की जाएगी।

इसके साथ अफसरों की एक टीम क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र, अस्पताल, स्कूल, राशन दुकानें और अन्य सरकारी दफ्तरों का निरीक्षण भी करेंगे। एडीएम सुमित पांडे ने बताया कि जनविश्वास अभियान की

फाइल फोटो।

शुरुआत श्याम नगर से की जा रही है, जहां पर आम लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा। सभी अफसरों के मौजूद रहने से आम लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

इन योजनाओं का मिलेगा फायदा

शिविर में आम लोग अपनी शिकायतों के साथ आयुष्मान, बीपीएल, मुख्यमंत्री आवास योजना, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा समेत अन्य तरह की योजनाओं के आवेदन भी कर सकेंगे। अगर नगर निगम या अन्य किसी विभाग से जुड़ी कोई शिकायत हो तो वह भी पेश की जा सकेगी।

आंगनबाड़ी, अस्पताल का करेंगे निरीक्षण

एडीएम ने बताया कि फील्ड में जाने और आम लोगों से संवाद करने के साथ अफसर आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल-कॉलेज, राशन दुकान, खाद-बीज की उपलब्धता, कानून व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की जानकारी भी लेंगे।

एमपी नगर एसडीएम खरे के रिलीव होने के बाद कलेक्टर ने दिए आदेश

चौकसे बनीं एमपी नगर एसडीएम, पांडे को सौंपी गई निर्वाचन की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कलेक्टोरेट में लंबे समय से दफ्तर का काम देख रहीं डिप्टी कलेक्टर निधि चौकसे को भोपाल में पहली बार फील्ड पोस्टिंग मिल गई है। उन्हें एमपी नगर एसडीएम बनाया गया है। यहां पदस्थ संयुक्त कलेक्टर लक्ष्मीकांत खरे का प्रमोशन होने के बाद उन्हें रिलीव कर दिया गया है। जिसके बाद चौकसे अब एमपी नगर एसडीएम का काम देखेंगी। इधर शहर एसडीएम दीपक पांडे को एक बार फिर निर्वाचन का काम सौंपा गया है। पांडे शहर एसडीएम का काम भी देखेंगे। इधर एसडीएम बैरागढ़ रवीश श्रीवास्तव को वृत्त के काम के साथ कलेक्टोरेट की कुछ शाखाओं की जिम्मेदारी भी दी है।

निधि चौकसे

श्रीवास्तव के प्रभार बढ़ाए

संयुक्त कलेक्टर और बैरागढ़ वृत्त एसडीएम रवीशकुमार श्रीवास्तव को कई शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इनमें भू-संसाधन प्रबंधन, राहत एवं आपदा प्रबंधन, नजूल, आरआरसी, वक्फ संबंधी कार्य, भू-अर्जन/मेट्रो संबंधी कार्य और भूमि आवंटन शाखा शामिल हैं।

गुणवत्ता संदिग्ध मिलने, मिलावटी घी, वनस्पति वसा की आशंका के चलते की गई कार्रवाई

सावन और त्योहारी सीजन के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

तेरह लाख रुपए का दो हजार लीटर संदिग्ध घी बरामद, पूरा भंडार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सावन और त्योहारी सीजन के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग ने राजधानी में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 13 लाख रुपए (12.66 लाख) कीमत का 2,095 लीटर/किलोग्राम से अधिक संदिग्ध घी जब्त किया है। हमीदिया रोड स्थित श्रीराम डिस्ट्रीब्यूटर्स पर की गई कार्रवाई में प्रथम दृष्टया घी की गुणवत्ता संदिग्ध मिलने और उसमें मिलावटी घी अथवा अन्य वनस्पति वसा की आशंका के आधार पर पूरा भंडार जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया।

विभाग ने अब केवल वितरक ही नहीं, बल्कि निर्माता, सुपर स्टॉकिस्ट, सी एंड एफ एजेंट, परिवहनकर्ता और खुदरा विक्रेता तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला की जांच शुरू कर दी है। निरीक्षण के दौरान धौलपुर फ्रेश दानेदार देसी घी और गोवर्धन प्योर काउ घी के 200 मिलीलीटर, 500 मिलीलीटर, 1 लीटर और 15 किलोग्राम पैक बड़ी मात्रा में रखे मिले। कार्रवाई में 655 किलोग्राम धौलपुर फ्रेश घी (अनुमानित कीमत 4.48 लाख) तथा 1,440 लीटर गोवर्धन घी (अनुमानित कीमत 8.18 लाख) जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 2,095 लीटर/किलोग्राम घी, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 12.66 लाख है, विभाग ने जब्त कर लिया।

कार्रवाई करते अधिकारी।

इंदौर के सुपर स्टॉकिस्टों और सीएंडएफ एजेंटों के माध्यम से भोपाल भेजा था

जब्त संदिग्ध माल।

जांच के दौरान मिले बिल और खरीद-बिक्री के दस्तावेजों से पता चला कि यह घी इंदौर स्थित सुपर स्टॉकिस्टों और सी एंड एफ एजेंटों के माध्यम से भोपाल भेजा गया था। अभिलेखों के अनुसार धौलपुर फ्रेश घी की आपूर्ति भोले बाबा मिल्क फूड इंडस्ट्रीज (धौलपुर) प्राइवेट लिमिटेड के इंदौर कार्यालय के माध्यम से हुई थी, जबकि गोवर्धन घी की आपूर्ति पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड के अधिकृत इंदौर सुपर स्टॉकिस्ट के जरिए भोपाल पहुंची थी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने दोनों ब्रांड के वैधानिक नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिपोर्ट आने के बाद यदि नमूने निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत संबंधित निर्माता, सुपर स्टॉकिस्ट, वितरक और अन्य जिम्मेदार पक्षों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अमरकंटक एक्सप्रेस से रायपुर जा रहा 500 किलो एनालॉग पनीर पकड़ाया

भोपाल। भोपाल एनालॉग पनीर की ट्रेनों से छतीसगढ़ में तस्करी की जा रही है। यह खेल लंबे समय से चल रहा है,जिसकी रेलवे अधिकारियों को भनक तक नहीं है। ऐसा ही एक मामला 5 अगस्त को सामने आया। जब रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने एनालॉग पनीर के शक में करीब 500 किलो पनीर की खेप पकड़ी। पनीर अमरकंटक एक्सप्रेस भोपाल से रायपुर पहुंचा था। रायपुर खाद्य सुरक्षा विभाग ने पनीर के सैंपल लेकर उसे सुरक्षित रखने के लिए फ्रीजर में रखवा दिया। तो वहीं रायपुर रेलवे की ओर से एक रिपोर्ट भोपाल रेल मंडल को सौंपी है। जिसके बाद अब भोपाल रेल मंडल की ओर से छतीसगढ़ जाने वाली ट्रेनों पर निगरानी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि यह पनीर की खेप भोपाल से राजेश तिवारी नाम का व्यक्ति भेज रहा था। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जब्त संदिग्ध माल।

भोपाल रेल मंडल की ओर से सीसीटीवी कैमरे से जांच करेंगे

रायपुर रेलवे स्टेशन पर 10 बड़े डिब्बे अमरकंटक एक्सप्रेस से उतारे गए। इसमें करीब 500 किलो एनालॉग पनीर रखे होने की जानकारी विभाग को पहले ही मिल चुकी थी। खाद्य सुरक्षा विभाग और रेलवे अधिकारियों की टीम स्टेशन पहुंची और खेप को जब्त किया। तो वहीं भोपाल रेल मंडल के की ओर से सीसीटीवी कैमरे की जांच कराई जा रही है। इस दौरान भोपाल स्टेशन पर लगे कैमरे की जांच कर किसने व कितने डिब्बे चढ़ाए। इसकी जांच की जाएगी।

भोपाल में पनीर पर नहीं है प्रतिबंध

सूत्रों के मुताबिक रायपुर रेलवे स्टेशन पर भोपाल से हर सप्ताह बड़ी मात्रा में पनीर की खेप पहुंचती है। इसके बावजूद रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को इसकी जानकारी नहीं मिल पाती। छत्तीसगढ़ में एनालॉग पनीर प्रतिबंधित है, तो वहीं भोपाल में इस पनीर पर प्रतिबंध नहीं है।

---

7 जेडओ, 31 वार्ड प्रभारियों का वेतन रोका

राजस्व वसूली में ढिलाई बरतने पर निगम आयुक्त का सख्त एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम की राजस्व वसूली और करारोपण व्यवस्था में लापरवाही पर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को निगम मुख्यालय अटल भवन में समय-सीमा प्रकरणों और अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संपत्तियों पर वास्तविक क्षेत्रफल के आधार पर करारोपण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी संपत्ति को कर के दायरे से बाहर न छोड़ा जाए।

बैठक में आयुक्त ने कहा कि संतोषजनक राजस्व वसूली नहीं होने पर जोन क्रमांक 2, 3, 4, 5, 10, 15 और 17 के जोनल अधिकारियों तथा संबंधित 31 वार्ड प्रभारियों का वेतन रोका जाए। साथ ही भवनों का सत्यापन कर करारोपण सुनिश्चित न करने वाले सहायक आयुक्तों और राजस्व अधिकारियों का वेतन भुगतान भी लंबित रखने के निर्देश दिए। केवल मोहित नागर को इससे छूट दी गई है। आयुक्त ने संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार और लीजरेंट की वसूली तेज करने के निर्देश देते हुए बकायादारों के खिलाफ कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई करने को कहा। भवन अनुज्ञा के अनुसार करारोपण कर निगम की आय बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने और संपत्ति विरूपण करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान के निर्देश

2 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों पंजीकृत करें

बैठक में यह भी तय किया गया कि 2 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों और परिसरों को बल्क वेस्ट जनरेटर के रूप में पंजीकृत किया जाए। वहीं आवारा पशुओं और श्वानों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा, वरुण अवस्थी, अभिषेक सिंह, अमन मिश्रा, वरुण बड़ेरिया, मुख्य अभियंता संतोष गुप्ता सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पिछली सुनवाई में संयुक्त समिति को सौंपी थी जांच

रेलवे स्टेशन पर कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर एनजीटी सख्त

बेंच ने पिछली सुनवाई में संयुक्त समिति को जांच सौंपी थी, जिसने अपने निरीक्षण में कई कमियां बताईं थीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोनल बेंच में गुरुवार को शहर के आरकेएमपी रेलवे स्टेशन पर कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर बेंच ने फटकार लगाई है। इस मामले में एनजीटी ने स्वयं संज्ञान लिया है। इस मामले में बेंच ने पिछली सुनवाई में संयुक्त समिति को जांच सौंपी थी, जिसने अपने निरीक्षण में कई कमियां बताईं थीं।

एनजीटी ने स्टेशन पर ठोस कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर सख्त निर्देश जारी किए हैं। प्रकरण की सुनवाई न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह, न्यायिक सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने की। एनजीटी ने संयुक्त समिति की रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए पाया कि निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में कुछ स्थानों पर ठोस कचरे का संचय, कचरा भंडारण क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता सामने आई है। समिति ने बेंच को यह भी बताया कि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से संबंधित कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। इस पर बैंच ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का प्रभावी पालन आवश्यक है।

फाइल फोटो।

एनजीटी ने कहा- यह महत्वपूर्ण विषय

इस मामले में एनजीटी ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। अगली सुनवाई में इस मामले की रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेज जमा करने का कहा है।

मोती मस्जिद पर बैरिकेड्स हटाने को लेकर थोक बाजार आज बंद

भोपाल। मोती मस्जिद चौराहे पर बैरिकेडस को हटाने को लेकर पुराने शहर के सभी थोक व्यापारी शुक्रवार को अपना कारोबार बंद रखेंगे। संभवत ऐसा पहली बार होगा कि पुराने शहर के सभी थोक बाजार जनहित की समस्या को लेकर अपना व्यवसाय बंद रखेंगे। पुराने भोपाल के मोती मस्जिद चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई बैरिकेडिंग के विरोध में चौक बाजार सहित पुराने शहर का कपड़ा, सर्राफा और थोक कारोबार बंद रहेगा। यह निर्णय सात प्रमुख व्यापारी संगठनों की संयुक्त बैठक में लिया गया था। व्यापारियों ने बैरिकेडिंग को अव्यवहारिक बताते हुए इसे तत्काल हटाने की मांग की है। पुराने शहर के थोक बाजारों में रोजाना हजारों लोग शहरभर के अलावा रायसेन, औबेदुल्लागंज, सीहोर, आष्टा, इछावर, मंडीदीप, होशंगाबाद, इटारसी तक से व्यापारी खरीदी करने आते हैं।

गैस उपभोक्ताओं की ईकेवायसी को लेकर तीनों कंपनियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस ने मांगा जवाब

घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की आधार से ईकेवायसी कराने को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस ने आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के चेयरमेन को नोटिस देकर जवाब मांगा है, दरअसल भोपाल में उज्जवला सहित छह लाख उपभोक्ताओं से ईकेवायसी कराई जा रही है। जिसकी वजह से उपभोक्ता को परेशान होना पड़ रहा है। गुरुवार को उपभोक्ता कांग्रेस के जनरल सेकेटरी दीपक चौहान ने नोटिस देकर जवाब मांगा है। नोटिस में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट में उन उपभोक्ताओं से आधार लिया जा सकता है, जिनको सब्सिडी दी जा रही है। जबकि भोपाल में उज्जवला उपभोक्ताओं को छोड़कर पिछले छह साल से सब्सिडी तक नहीं दी जा रही। पत्र में यह भी बताया गया है कि राज्यसभा में पेट्रोलियम मंत्री ने भी सब्सिडी नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं की ईकेवायसी नहीं कराने की बात कही थी, लेकिन ऑयल कंपनियां मनमानी करते हुए ईकेवायसी के बिना सिलेंडर की बुकिंग तक नहीं कर रही हैं।

खबर प्रकाशित होते ही हरकत में आए जिम्मेदार, बरखेड़ी रोड पर शुरू हुई सीवेज लाइन की मरम्मत, लोगों को मिली झंझट से राहत

15 दिन से उफनता गटर आखिरकार बंद, 3 किमी सड़क से हटा सीवेज का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि इम्पैक्ट

बरखेड़ी रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास पिछले 15 दिनों से सड़क पर बह रहे सीवेज और जलभराव की समस्या को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित ग्राउंड रिपोर्ट का असर गुरुवार को साफ दिखाई दिया। खबर सामने आते ही निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त सीवेज लाइन की मरम्मत का काम शुरू करा दिया। इसके साथ ही सड़क पर फैले गंदे पानी की निकासी और सफाई भी कराई गई, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों का आवागमन शुरु हो गया।

मौके पर सफाई करते निगम के श्रमिक।

पैदल चलने वालों लोगों को गंदे पानी से गुजरना पड़ता था

गौरतलब है कि करीब तीन किलोमीटर तक सड़क पर छह इंच तक सीवेज का गंदा पानी जमा होने से रोजाना हजारों वाहन चालक और राहगीर परेशान हो रहे थे। दोपहिया वाहन फिसल रहे थे, पैदल चलने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा था, जबकि आसपास के कई घरों तक सीवेज का पानी पहुंच गया था। लगातार फैल रही बदबू और मच्छरों के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त सीवेज लाइन की मरम्मत शुरू कराई। सड़क से सीवेज और प्रभावित हिस्से की सफाई भी कराई गई।

सार्वजनिक अवकाश पर एक घंटे अतिरिक्त किया जाएगा मेट्रो का संचालन

सुभाष नगर से एम्स के लिए अंतिम ट्रेन शाम 7:30 बजे तथा एम्स से सुभाष नगर रात 8:00 बजे होगी रवाना

रविवार को भोपाल मेट्रो में बड़ा बदलाव: हर 15 मिनट में ट्रेन, रात 8 बजे तक चालू रहेंगी सेवाएं, यात्रा होगी सुलभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मेट्रो में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए बड़ा बदलाव किया गया है। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) ने रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिनों में मेट्रो सेवा का विस्तार करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत अब इन दिनों मेट्रो हर 15 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होगी और संचालन समय भी एक घंटे बढ़ा दिया गया है।

नई समय-सारणी के अनुसार रविवार और सार्वजनिक अवकाश पर सुभाष नगर स्टेशन से एम्स के लिए अंतिम मेट्रो शाम 7:30 बजे रवाना होगी, जबकि एम्स से सुभाष नगर के लिए अंतिम ट्रेन रात 8:00 बजे चलेगी। इससे यात्रियों को कम प्रतीक्षा करनी पड़ेगी और शाम के समय भी अधिक सुविधाजनक यात्रा मिल सकेगी।

फाइल फोटो।

एमपीएमआरसीएल के अनुसार अन्य कार्य दिवसों में वर्तमान व्यवस्था जारी रहेगी। पीक आवर्स में सुबह 9 से 10:30 बजे और शाम 5:30 से 7 बजे तक मेट्रो हर 15 मिनट में उपलब्ध रहेगी, जबकि नॉन-पीक समय में पूर्व निर्धारित टाइम-टेबल लागू रहेगा। हाल ही में अत्याधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली के पूर्ण संचालन के बाद दोनों ट्रैक पर नियमित परिचालन शुरू किया गया है। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि इससे ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित, समयबद्ध और विश्वसनीय हुआ है।

रिटर्न और ग्रुप टिकट पर छूट

यात्रियों को आकर्षित करने के लिए रिटर्न टिकट पर 5 प्रतिशत और ग्रुप टिकट पर 10 प्रतिशत छूट दी जा रही है। वहीं ऐप के जरिए ई-वॉलेट रिचार्ज करने पर 8 से 15 प्रतिशत तक अतिरिक्त बोनस राशि भी मिलेगी।

काजीकैंप इलाके में मेट्रो दायरे में आ रहीं दुकानें और अन्य निर्माण हटना शुरू

दुकानदारों ने खुद हटाना शुरू किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराने शहर के काजीकैंप इलाके से मेट्रो के दायरे में आ रहे दुकान, मकान हटाने का काम शुरू हो गया। यहां लोगों ने स्वेच्छा से अपना निर्माण हटाना शुरू कर दिया है। करोंद से आरिफ नगर तक मेट्रो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अब इसका दायरा डीआईजी बंगला चौराहे से काजीकैंप तक बढ रहा है। पिलर बनाने के लिए जगह-जगह बेरिकेडस लगाए गए हैं। गडढे खोदने के लिए मशीनें आ चुकी हैं। किसी तरह की दिक्कत न हो इसे देखते हुए मेट्रो प्रशासन ने स्थानीय रहवासियों और भवन स्वामियों से कहा था।

टीम ने सात पेटी देसी और विदेशी शराब की जब्त

आबकारी की टीम को देखकर कार चालक ने बढ़ाई स्पीड

कार छोड़कर खेतों में भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की मुख्य सड़कों से शराब की तस्करी जारी है। गुरुवार को टीम जब खजूरी सड़क पहुंची तो एक कार चालक ने टीम को देखकर कार की स्पीड बढ़ा दी।

कार को जब सामने से रोकने का प्रयास किया तो कार चालक तेज रफ्तार में निकल गया। टीम ने दो किलोमीटर उसका पीछा किया, लेकिन तस्कर सड़क किनारे कार छोड़कर खेतों में भाग गया। टीम ने डिजायर कार सहित सात पेटी देसी और विदेशी शराब जब्त कर ली है। आरटीओ की मदद से कार मालिक का पता लगाया जा रहा है। आबकारी कंट्रोलर रामगोपाल भदौरिया ने बताया कि टीम ने खजूरी सड़क पर नाकाबंदी कर लाल रंग की सुजुकी कार को जब्त किया है।

खबर संक्षेप

एमआरएस तकनीकी सत्र का हुआ आयोजन

भोपाल। बीएचईएल में कर्मचारियों के लिए एमआरएस तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में एफडब्ल्यूएम एवं सीडीई विभाग के कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर आरिफ अहमद सिद्धीकी, अपर महाप्रबंधक (मासंविके), वक्ता के रूप में मदन लाल कारपेंटर, सेवानिवृत्त अधिकारी, बीएचईएल एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय कीर्ति सिंह, प्रबंधक (एचआरडी) ने किया।

62वीं आम बैठक में एमडी सदाशिव ने किया संबोधित

भोपाल। बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सदाशिव मूर्ति ने कंपनी के निदेशक मंडल की उपस्थिति में कंपनी की 62वीं वार्षिक आम बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शेयरधारकों को संबोधित किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

भोपाल। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा में एक युवक की लाश बंद कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार 32 साल का राजू धुर्वे मूलतः बैतूल का था। यहां वह बरखेड़ी में साहू जी के मकान में किराए से रह रहा था और जहांगीराबाद स्थित करतार पेट्रोल पंप पर काम करता था। तीन दिन से वह न तो अपने काम पर गया था और न ही कमरे से बाहर निकला था। उसने परिजनों के कॉल भी रिसीव नहीं किए थे। परिजन ने गुरुवार को बैतूल के एक अन्य युवक को राजू के कमरे पर जाकर देखने को कहा। युवक मौके पर पहुंचा और मकान मालिक को घटना की जानकारी दी। मकान मालिक ने खिड़की से झांककर देखा तो अंदर राजू अचैत अवस्था में पड़ा नजर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद राजू का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

रत्नागिरी के पास देर रात विवाद के बाद एक्टिवा छोड़कर भागे बदमाश

ओवरटेक करने पर विवाद में चाकू से जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित रत्नागिरी तिराहा पर हनुमान मंदिर के पास बुधवार देर रात एक्टिवा सवार बदमाशों ने बाइक सवार युवकों को रोककर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। विवाद की वजह ओवरटेक करने की बात सामने आई है। विवाद बढ़ने पर बदमाश अपनी एक्टिवा छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने एक्टिवा के नंबर के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके साथ मौजूद विधि विरोधी बालक को हिरासत में लेकर उसे किशोर न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार अरविंद सिंह पिता विजय सिंह (24) आनंद नगर, पिपलानी में रहता है। उसने अपने साथी शुभम विश्वकर्मा के साथ थाने में शिकयत करते हुए बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे वह मिनाल मॉल से घर लौट रहे थे। इस दौरान हनुमान मंदिर के सामने एक्टिवा सवार युवकों ने उनकी बाइक को ओवरटेक किया। इससे वे गिरते गिरते बचे। लिहाजा उन्होंने एक्टिवा ठीक से चलाने

पुलिस गिरफ्त में दोनो ओरापी।

का कहा। इस पर आरोपियों ने कुछ दूरी चलने के बाद एक्टिवा रोक ली और बाइक सवार अरविंद और उसके साथी शुभम को रोककर गाली-गलौज करने लगे। गालीगलौज का विरोध करने पर एक्टिवा सवार एक बदमाश ने चाकू निकाल लिया और अरविंद सिंह पर हमला कर दिया। आरोपी ने अरविंद के साथ मौजूद शुभम विश्वकर्मा पर भी चाकू से हमला किया था। जिससे शिवम को मुंह और गले के नीचे चोट लगी थी। घटनास्थल आनंद नगर से कुछ दूरी पर होने के कारण अरविंद और शुभम के परिचितों का गुजरना हुआ और उन्होंने रुककर पूछा। इस पर आरोपी अपनी एक्टिवा छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने अरविंद की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों की एक्टिवा के नंबर के आधार पर आरोपी विपिन साहू पिता घनश्याम साहू (23) भीमनगर, थाना अरेरा हिल्स और अमन राठौर पिता मथुरा प्रसाद राठौर (19) भीमनगर, थाना अरेरा हिल्स को गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ मौजूद विधि-विरुद्ध बालक को भी हिरासत में लिया गया था।

हबीबगंज : पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, तीन युवकों पर एफआईआर दर्ज

भोपाल। हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ज्योतिबा फुले नगर में पुरानी रंजिश में तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। एकाएक हुए हमले में किसी तरह वह पीछे हट गया और चाकू पकड़ने हाथ आगे बढ़ा दिया, जिससे उसका बांए हाथ की अंगुलियां कटी है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर तीनों बदमाशों पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार लक्की सेन पिता रामकुमार सेन (22) ज्योतिबा फुले नगर, झुग्गी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। इसी इलाके में सोनू पागल, राहुल नाती भी रहते हैं। दोनों आदतन बदमाश है। लक्की का कहना है कि सोनू पागल से उसकी पुरानी रंजिश है। बुधवार देर रात करीब करीब साढ़े 12 बजे वह घर के पास खड़ा था। इसी बीच सोनू पागल, राहुल नाती और उसका साथी पहुंच गए। सोनू पागल ने पुराने विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज की। लक्की ने उसे गाली देने से मना किया। इस पर वह भड़क गया और अपने साथियों के साथ मिलकर लात घूंसों से मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान बदमाशों ने चाकू निकालकर हमला किया। हमला गले के पास होने के कारण वह किसी तरह से बचते हुए पीछे हटा था, लेकि उसके बाएं हाथ की अंगुलियां कट गईं।

सर्विस सेंटर पर मशीन सुधार रहे संचालक की करंट से मौत

भोपाल। नजीराबाद में बुधवार शाम कार सर्विस सेंटर संचालक की मौत हो गई। घटना के समय वह कार सर्विस सेंटर में लगी मशीन सुधार रहे थे, तभी करंट से झुलस गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार ओम गिरी गोस्वामी (42) नजीराबाद थाने के सामने रहते हैं और अपने घर के सामने बाबा कार वासिंग एंड सर्विस सेंटर का संचालन करते थे। बुधवार शाम सेंटर की मोटर में फाल्ट होने के कारण ओम गिरी फाल्ट सुधार रहे थे। तभी उनका बेटा सुमंत अंदर गया तो उसके पिता नीचे गिरे हुए नजर आए। सुमंत उन्हें लेकर अस्पताल गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

15 साल की किशोरी से दुष्कर्म बच्चे को जन्म देने से खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र के एक कस्बे में पंद्रह साल की किशोरी से दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। दुष्कर्म और दैहिक शोषण का खुलासा उस वक्त हुआ जब किशोरी को प्रसव पीड़ा हुई और अस्पताल में उसने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया।

पुलिस ने काउंसलिंग के बाद गांव के ही एक युवक पर बलात्कार और पाक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पंद्रह साल की किशोरी दसवीं तक पढ़ी है। गांव में रहने वाले एक युवक से उसकी दोस्ती हुई। दोस्ती प्रेम प्रसंग में बदल गई और युवक उससे शारीरिक संबंध बनाने लगा। लगातार शारीरिक संबंध बनने से वह गर्भवती हो गई। गर्भवती होने की जानकारी परिजन को दी थी। सामाजिक बदनामी के डर से परिजन ने किसी से कुछ नहीं कहा और युवक से बेटी की शादी कराने के लिए तैयार हो गए। इसी बीच किशोरी को प्रसव पीड़ा हुई। स्थिति बिगड़ने पर परिजन को उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। अस्पताल पहुंचने पर नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने किशोरी की काउंसलिंग कराई। इस दौरान उसने आपबीती सुनाई। पुलिस ने युवक पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व ट्राफिक पुलिस के अधिकारियों से की चर्चा

पुल बोगदा-जिंसी क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर मेट्रो निर्माण कार्य के चलते यातायात व्यवस्था देखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महापौर मालती राय ने गुरुवार को पुलबोगदा-जिंसी क्षेत्र का निरीक्षण किया और मेट्रो रेल संबंधी कार्यों के कारण परिवर्तित मार्ग पर बेहतर आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पार्षद नसीम गफूर के अलावा नगर निगम, ट्राफिक पुलिस के अधिकारी व आम लोग मौजूद थे। राय ने मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के कार्यों के कारण परिवर्तित मार्ग पर आवागमन के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नगर निगम व ट्राफिक पुलिस के

पुल बोगदा का निरीक्षण करतीं महापौर।

अधिकारियों, नागरिकों व व्यवसायियों से भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बोगदा पुल मार्ग पर आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अतिक्रमणों को हटाने तथा मार्ग को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। राय ने ट्राफिक पुलिस के अधिकारियों को भी यातायात की व्यवस्था को और अधिक सुचारू व बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

तकनीशियन, सहायक एवं प्रयोगशाला परिचारक पदों पर हुई भर्ती

एफएसएल भर्ती-2026 का अंतिम परिणाम हुआ घोषित, पांच माह में भर्ती प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के अराजपत्रित सेवा (गृह/ पुलिस) विभाग के तहत प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया का अंतिम चयन परिणाम एमपी ऑनलाइन पर जारी कर दिया गया है। भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 97 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया है। शासन द्वारा 13 जनवरी 2026 को इन पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई थी, जिसके बाद 10 मार्च 2026 को भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया। संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करते हुए मात्र 5 माह में अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई। भर्ती प्रक्रिया के तहत गठित चयन समिति द्वारा 14 एवं 15 जून 2026 को शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, जहांगीराबाद, भोपाल में तीन पालियों में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा एवं अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के बाद 5 अगस्त 2026 को अंतिम चयन सूची जारी की गई है।

सिर्फ पांच माह में अंतिम चयन सूची की जारी

97 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

अंतिम चयन सूची के अनुसार प्रयोगशाला तकनीशियन के 19 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इसी प्रकार प्रयोगशाला सहायक के 28 अभ्यर्थियों तथा प्रयोगशाला परिचारक के 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। अभ्यर्थी अपना अंतिम परिणाम एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार दस्तावेज सत्यापन, चिकित्सीय परीक्षण एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद नियुक्ति दी जाएगी।

प्राणघातक हमले के दोषी को 5 वर्ष का कारावास

भोपाल। मामूली विवाद में युवक पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने आरोपी विजय सनोदिया (33), निवासी पी.सी. नगर, हबीबगंज को भादंस की धारा 307 के तहत दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार 20 मई 2021 को आरोपी ने राजेंद्र सिकरवार पर लोहे की रॉड से पीठ और पेट पर हमला किया, जिससे उसकी बाईं किडनी में गंभीर चोट आई। घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज आरोप को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे दोषी करार दिया गया।

कर्मचारियों के वेतन, इंसेंटिव स्कीम की मांग

एआईबीईयू-एनएफआईटीयू ने दिल्ली कॉर्पोरेट कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एआईबीईयू संबद्ध एनएफआईटीयू के प्रतिनिधिमंडल ने बीएचईएल के कर्मचारियों, पेंशनरों एवं उनके आश्रितों को बेहतर, आधुनिक एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर बीएचईएल के दिल्ली कॉर्पोरेट कार्यालय में विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बीएचईएल दिल्ली कॉर्पोरेट कार्यालय के महाप्रबंधक (एचआर/आईआर) ऑगस्टिन खाखा, अपर महाप्रबंधक (एचआर) एवं फेसिलेटर कॉर्पोरेट मेडिकल कमेटी सीमा एस. रावल एवं अपर महाप्रबंधक (एचआर) संजय शाह से भेंट कर ज्ञापन की प्रति

ज्ञापन सौंपने कमर्चारी।

सौंपते हुए कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में एआईबीईयू दिल्ली कॉर्पोरेट के महामंत्री बलवंत सिंह रावत, एआईबीईयू भोपाल के कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी, कोषाध्यक्ष विशाल वाणी, सहकोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, कार्यालय मंत्री योगेश देवस्कर तथा उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी शामिल थे।

बड़े तालाब के पानी में मिला नवजात बच्ची का शव

भोपाल। खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित आर्च होटल के सामने बड़े तालाब में नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाल पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हमीदिया अस्पताल और आसपास के अस्पतालों में जानकारी जुटाई। इस दौरान पता चला कि दो अगस्त को एक महिला की डिलेवरी हुई थी। उसने मृत बच्ची को जन्म दिया था। कार्रवाई के बाद अस्पताल प्रबंधन ने बच्ची परिजन को सौंप दी। परिजन सीहोर जाते समय बच्ची को बड़े तालाब के पानी में छोड़कर चले गए। अस्पताल से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने परिजन को तलब किया है। पुलिस परिजन के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

अलंकरण समारोह में छात्र परिषद ने ली शपथ

विद्यार्थियों की शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

नव-निर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल को बैज पहनाकर सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गणवानी फाउंडेशन स्कूल, करौंद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए भव्य अलंकरण (इन्वेस्टिचर) समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में सिद्ध भाऊ और सचिव घनश्याम बुलचंदानी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के स्वागत गीत और प्रभावशाली उद्बोधन ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया, जबकि शास्त्रीय

विद्यार्थियों ने दी संस्कृतिक प्रस्तुति।

नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। सिद्ध भाऊ ने कहा कि सच्चा नेतृत्व अनुशासन, विनम्रता, नैतिक मूल्यों और कर्तव्यनिष्ठा से पहचाना जाता है। इस अवसर पर नव-निर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन एवं छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज पहनाकर दायित्व सौंपे गए। सभी छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली।

रहवासियों का आरोप- पर्याप्त गिट्टी नहीं डाली

दिग्विजय कॉलोनी की सड़क पर कीचड़ से बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

वार्ड क्रमांक 2 की दिग्विजय कॉलोनी स्थित मॉडर्न स्कूल के सामने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर एक बार फिर रहवासियों में नाराजगी है। कांग्रेस सेवादल ब्लॉक महासचिव पंकज शर्मा ने आरोप लगाया कि सड़क सुधार के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है।

उनका कहना है कि जहां दो ट्रक गिट्टी डाली जानी थी, वहां आधे ट्रक गिट्टी मिश्रित मिट्टी डालकर काम पूरा कर दिया गया। इससे सड़क की हालत सुधरने के बजाय और खराब हो गई है। बारिश का पानी सड़क पर जमा होने से कीचड़ फैल गया है,

दिग्विजय कॉलोनी।

जिससे पैदल चलने वाले लोगों, विद्यार्थियों और स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रहवासियों ने प्रशासन से सड़क की गुणवत्ता की जांच कराते हुए जल्द ही पक्की और टिकाऊ मरम्मत कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने की पुनर्निर्माण और जांच की मांग की

छह माह में धंसी लाखों की पुलिया, घटिया निर्माण पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामोट

ग्राम पंचायत तामोट के कुम्हार मोहल्ला स्थित नहर की पुलिया निर्माण के महज छह माह बाद ही धंसकर क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत सीईओ निखिलेश कटारे और एसडीओ उमाकांत आर्य से मौके पर पहुंचकर जांच कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के दौरान ही उन्होंने ठेकेदारों को घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर आगाह किया था, लेकिन उनकी बात अनसुनी कर दी गई। अब

कार्रवाई नहीं तो दी आंदोलन की चेतावनी

मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई मांग

पुलिया इस तरह हो गई है क्षतिग्रस्त।

पुलिया टूटने से आवागमन बाधित हो गया है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने भी मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीण राजकुमार पटेल और बाबूलाल चौहान ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुलिया का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

विकास कार्यों पर चर्चा न होने से बढ़ा विवाद, केवल स्वतंत्रता दिवस का प्रस्ताव हो सका पारित

एजेंडे पर बवाल: नगर परिषद बैठक में हंगामा, 6 पार्षदों ने किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद की परिषद बैठक गुरुवार को एजेंडा और विकास कार्यों को लेकर भारी हंगामे की भेंट चढ़ गई। भाजपा समर्थित उपाध्यक्ष नमिता बागीश अग्रवाल, दीपू परमार, भारती सेठी, हेमलता मनोज चौरसिया, सरोज नागर, शंकर इरपाचे, प्रीति अनूप चौधरी तथा प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक सहित कुल आठ पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया, जबकि पार्षद प्रमोद सेन अनुपस्थित रहे।

बहिष्कार करने वाले पार्षदों ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे ने वार्डों के विकास कार्यों और आवश्यकताओं पर चर्चा किए बिना एकतरफा एजेंडा तैयार किया। इसी मुद्दे पर बैठक में तीखी नोकझोंक हुई। वार्ड 13 की

पार्षद हेमलता का आरोप- सड़क निर्माण नहीं हुआ

पार्षद भारती का आरोप- टेंडर लंबित किए

नगर परिषद औबेदुल्लागंज।

पार्षद हेमलता चौरसिया ने सड़क निर्माण नहीं होने, जबकि वार्ड 2 की पार्षद भारती सेठी ने स्वीकृत टेंडर लंबित रखने का आरोप लगाया। हंगामे के बीच अध्यक्ष कुछ देर के लिए बैठक छोड़कर चली गईं, बाद में वापस लौटीं। बहिष्कार के कारण परिषद केवल 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व के आयोजन संबंधी प्रस्ताव को ही पारित कर सकी। अन्य सभी प्रस्ताव अगली बैठक तक स्थगित कर दिए गए। अध्यक्ष ने कहा कि परिषद सभी वार्डों में विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि सीएमओ किरण रहंगडाले ने बताया कि शेष विषयों पर अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

विधायकों को आरोप.... बिना राय लिए बना बैठक का एजेंडा

आठ पार्षदों का आरोप था कि परिषद अध्यक्ष ने वार्डों की समस्याओं और विकास कार्यों पर उनकी राय लिए बिना बैठक का एजेंडा तैयार किया। उनका कहना था कि इससे जनप्रतिनिधियों की अनदेखी हुई और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता नहीं मिली। विरोध स्वरूप उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

हंगामे से अटके विकास के प्रस्ताव

बैठक में विवाद बढ़ने के कारण परिषद केवल 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व के आयोजन से जुड़ा प्रस्ताव ही पारित कर सकी। विकास कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय टाल दिया गया। सीएमओ किरण रहंगडाले ने बताया कि सभी लंबित विषयों पर अब आगामी परिषद बैठक में विस्तार से विचार किया जाएगा।

पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भाजपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर पूर्व विदेश मंत्री एवं पद्म विभूषण से सम्मानित सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सुषमा स्वराज को सादगी, संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा का प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके आदर्शों को सदैव स्मरणीय बताया।

90 साल पुराना नायाब दुपट्टा... जिस पर आज भी बरकरार है सोने-चांदी की चमक

मप्र के प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मुमताज खान ने पुश्तैनी धरोहर के लिए आए करोड़ों के ऑफर ठुकराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मध्य प्रदेश की समृद्ध हैंडलूम परंपरा को नई पहचान दिलाने वाले प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मुमताज खान के पास एक ऐसी अनमोल धरोहर है, जो सिर्फ एक दुपट्टा नहीं, बल्कि भारतीय शिल्पकला, बुनाई और कारीगरी की लगभग नौ दशक पुरानी जीवंत विरासत है। वर्ष 1938 में तैयार हुआ शुद्ध टिशू कपड़े पर तैयार इस दुर्लभ दुपट्टे में खालिस सोने और चांदी के तारों से बारीक आरी वर्क किया गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पूरे दुपट्टे में जगह-जगह जड़े गए असली सितारों (सीक्विन) को आरी की तकनीक से इस तरह टांका गया है कि करीब 90 वर्ष बाद भी एक भी सितारा अपनी जगह से नहीं हिला। दुपट्टे के चारों ओर किया गया शुद्ध ठप्पा (गोटा) वर्क इसकी शान में चार चांद लगा देता है।

कोरोना काल में परी बाजार में लगी प्रदर्शनी के दौरान दुपट्टे को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ।

फैशन डिजाइनर मुमताज खान

विरासत के आगे फीकी पड़ी करोड़ों की कीमत

मुमताज कहते हैं कि इस नायाब दुपट्टे को खरीदने के लिए देश-विदेश से कई प्रस्ताव आए। लोगों ने मुंहमांगी कीमत देने की पेशकश की, यहां तक कि लंदन के एक संग्रहालय से भी इसे प्रदर्शित करने का प्रस्ताव मिला। लेकिन हमनें हर प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारे पूर्वजों की धरोहर है। इसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती।

भोपाल या भारत का कोई संग्रहालय इसे संरक्षित कर प्रदर्शित कर सकता है : उन्होंने कहा कि यह केवल कपड़े का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परिवार की विरासत है। हम इसे किसी दूसरे देश को नहीं देंगे। हां, यदि भोपाल या भारत का कोई संग्रहालय इसे संरक्षित कर प्रदर्शित करना चाहे, तो हमें खुशी होगी।

जहां भी गया, लोगों की नजरें उसी पर ठहर गईं

उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले गौहर महल में आयोजित परी बाजार में इस दुपट्टे को प्रदर्शित किया गया था। वहां इसे देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। हर कोई इसकी बारीक कारीगरी और वर्षों बाद भी बरकरार चमक को देखकर आश्चर्यचकित था। उस दौरान भी कई लोगों ने इसे खरीदने की इच्छा जताई, लेकिन हमनें स्पष्ट कर दिया कि यह धरोहर बिक्री के लिए नहीं है।

90 साल बाद भी वैसी ही चमक

समय के साथ अधिकांश पुराने वस्त्र अपनी चमक और मजबूती खो देते हैं, लेकिन यह दुपट्टा आज भी अपनी मूल आभा में सुरक्षित है। न सोने-चांदी के तार काले पड़े, न आरी वर्क कमजोर हुआ और न ही सितारे झड़े। यह उस दौर के कारीगरों की उत्कृष्ट तकनीक और भारतीय हस्तकला की गुणवत्ता का जीवंत प्रमाण है।

गौहर महल में राज्य स्तरीय स्वदेशी हैंडलूम मेला आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार से राज्य स्तरीय स्वदेशी हैंडलूम मेला-2026 का शुभारंभ होगा। संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम तथा विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित यह मेला 14 अगस्त तक चलेगा। मेले का उद्देश्य हाथकरघा बुनकरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन देने के साथ उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है।

प्रदेश के 40 से 45 बुनकर और शिल्पकार लेंगे भाग

मेले के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि स्वदेशी हैंडलूम मेले में प्रदेशभर के 40 से 45 बुनकर एवं शिल्पकार भाग ले रहे हैं। यहां चंदेरी, महेश्वरी, वारासिवनी और सौसर के सिल्क एवं कॉटन वस्त्र, कुर्तियां, बुनी हुई साड़ियां तथा ड्रेस मटेरियल आकर्षण का केंद्र होंगे।

मेले में हस्तशिल्प उत्पादों का होगा प्रदर्शन

इसके अलावा बाग, बटिक और दाबू ब्लॉक प्रिंट, मालवा क्षेत्र की छपी सामग्री, लकड़ी के खिलौने, पिथौरा एवं गोंड पेंटिंग, टीकमगढ़ का बेल मेटल शिल्प, भोपाल की जरी-जरदोजी, नीमच का बीड वर्क, जनजातीय आभूषण तथा अन्य हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। 'एक जिला-एक उत्पाद' के अंतर्गत विभिन्न जिलों के विशिष्ट उत्पाद भी प्रदर्शित होंगे। मेले का विशेष आकर्षण कारीगरों द्वारा शिल्प निर्माण का प्रत्यक्ष प्रदर्शन रहेगा, जिससे आगंतुक पारंपरिक कला एवं शिल्प की निर्माण प्रक्रिया को करीब से देख सकेंगे।

ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव-2026 में छह देशों की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन

पारंपरिक संगीत, नृत्य और लोककलाओं से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता-2026 के अंतर्गत गुरुवार को रवींद्र भवन में ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव-2026 में ब्रिक्स सदस्य एवं शामिल देशों के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विभिन्न देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचय कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागी देशों की सांस्कृतिक परेड के साथ हुआ।

एफ्रो-ब्राजीलियाई सांस्कृतिक से हुए रूबरू

ब्राजील की ओर से एफ्रो-ब्राजीलियाई सांस्कृतिक परंपरा 'कैपोएरा' का प्रदर्शन किया गया। इस प्रस्तुति में मार्शल आर्ट, नृत्य, संगीत और एक्रोबैटिक कलाओं का अनूठा संगम देखने को मिला।

राजस्थान की विरासत की झलक दिखाती मारू रंग

भारत की ओर से मारू रंग - राजस्थान की विरासत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें घूमर, चरी, कालबेलिया और भवाई जैसे लोकनृत्यों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का समापन ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ, जिसमें सभी देशों के कलाकार एक मंच पर आए और सांस्कृतिक एकता, आपसी सम्मान और वैश्विक सद्भाव का संदेश दिया।

अमीराती और अरब संगीत परंपराओं की दी प्रस्तुति



संयुक्त अरब अमीरात के प्रसिद्ध संगीतकार सैफ अल-अली ने समकालीन प्रभावों के साथ अमीराती और अरब संगीत परंपराओं की प्रस्तुति दी।

बेलारूसी लोकगीतों ने बांधा समां



बेलारूस के गेनाडी त्सितोविच नेशनल एकेडमिक लोक कॉयर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ बेलारूस के कलाकारों ने पारंपरिक बेलारूसी लोकगीतों और हास्य लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी।

इंडोनेशिया के कलाकारों ने दी पुष्पांजलि की प्रस्तुति

इंडोनेशिया के कलाकारों ने पारंपरिक बालीनीज स्वागत नृत्य 'पुष्पांजलि' प्रस्तुत किया। इसके साथ ही प्रंबनन मंदिर से प्रेरित प्रसिद्ध जावानीस नृत्य-नाटिका द लीजेंड ऑफ रोरो जोंगरांग का मंचन किया।

रूसी कलाकारों ने बालालाइका, बायान किया प्रस्तुत

रूसी संघ के नेशनल एकेडमिक लोक इंस्ट्रूमेंट्स ऑर्केस्ट्रा ऑफ रूस के एकल कलाकारों ने बालालाइका, बायान, ऑल्टो डोमरा और कॉन्ट्राबास बालालाइका जैसे पारंपरिक रूसी वाद्ययंत्रों पर संगीतमय प्रस्तुति दी।

रामबहादुर राय 'पद्मभूषण युगतुलसी पं. श्री रामकिंकर उपाध्याय पुरस्कार' से अलंकृत

भोपाल । तुलसी शोध संस्थान द्वारा तुलसी जयंती के अंतर्गत गुरुवार को तुलसी मानस प्रतिष्ठान में भक्ति संगीत एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वर्ष-2026 का 'पद्म भूषण युगतुलसी पं. श्री रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार' सुप्रसिद्ध वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं राष्ट्रचिंतक रामबहादुर राय को प्रदान किया गया। रामबहादुर राय वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष हैं। समारोह में दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर सहित बड़ी संख्या में सुधिजन मौजूद थे।

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष हैं राय

रामकिंकर उपाध्याय ने की लगभग 80-85 ग्रंथों की रचना

इस अवसर पर रामबहादुर राय ने कहा कि पद्मभूषण युगतुलसी पं. श्री रामकिंकर उपाध्याय ने गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस की अद्वितीय एवं सहज व्याख्या कर उसे जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने बताया कि पं. रामकिंकर उपाध्याय ने लगभग 80-85 ग्रंथों की रचना की, जिनका सुव्यवस्थित संकलन भी किया गया है।

किशोर दा 'बांगड़ू अवॉर्ड 2026' का हुआ आयोजन

पंग घुंघरु बांध... गाकर पूरन बने प्रथम 'बांगड़ू'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हंसती रुलाती, झूमती जाती, उठती गिरती, लहरों की तरह जिन्दगानी, इन्हीं भावों को दिल से लगाए लिख जाऊंगा अपनी कहानी... एक ऐसा व्यक्तिव जो मप्र की माटी से उपजा और दुनिया में अपनी मखमली आवाज का जादू बिखेरकर फिजाओं में संगीतमय खुशबू फैला दी जी हां हम बात कर रहे हैं महान निर्देशक, निर्माता, संगीतकार, गीतकार, गायक हरफनमौला किशोर कुमार की। उनकी जयंती के अवसर पर वजीर इवेंट एंड एन्टरटेन्टमेन्ट द्वारा एक निजी मॉल में प्रथम 'बांगड़ू अवॉर्ड 2026' का आयोजन किया गया।

किशोर दा के बांगड़ू की खोज करना है उद्देश्य

संस्था प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने कहा कि किशोर दा आसपास के लोगों को बांगड़ू कह देते थे, और इसी से प्रेरित होकर हमनें अवार्ड को यह नाम दिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम और अवार्ड देने का उद्देश्य किशोर दा के संगीत को समर्पित गायकों में से किशोर दा के बांगड़ू की खोज करना है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर हमनें प्रथम बांगड़ू को खोजा जो पूरन प्रजापति बनें, जिन्होंने प्रतियोगिता में पंग घुंघरु बांध मीरा नाची.... श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

हथकरघा दिवस पर छात्राओं ने पारंपरिक साड़ियों में किया रैंप वॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर सेज यूनिवर्सिटी के फैशन डिजाइनिंग विभाग में एक विशेष शैक्षणिक एवं अनुभवात्मक गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध हथकरघा परंपरा, विभिन्न क्षेत्रों की साड़ी शैलियों, बुनाई तकनीकों तथा पारंपरिक वस्त्र विरासत से परिचित कराना था। इस अवसर पर छात्राओं ने पारंपरिक साड़ियां पहनकर रैंप वॉक किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ शालिनी गुप्ता, संस्थापक शाटिका ग्रंथ ने विद्यार्थियों को विशेष एवं पारंपरिक साड़ियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने साड़ियों की पहचान, उनकी बुनाई तकनीक, कपड़े आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में डिजाइन विभाग की हेड डॉ. अमृता राजपूत, फैकल्टी डॉ. विशाखा श्रीवास्तव, श्वेता अनुग्रह, सुचित्रा बडोनिया तथा डीन डॉ. स्वाति के. शर्मा सहित हेड ऑफ इंस्टीटूशन डॉ. प्रोफेसर रितेश रंजन उपस्थित रहे।

फिटब्लिस बाय डॉ. श्रुति कपूर में फिटनेस कार्निवाल....

शिवोहम और वृंदा भट्ट ने दिए मानसिक स्वस्थ रहने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिटब्लिस बाय डॉ. श्रुति कपूर द्वारा आयोजित फिटब्लिस फिटनेस कार्निवल-2026 के छठे दिन वेलनेस विशेषज्ञ वृंदा भट्ट और शिवोहम भट्ट ने 'मैनिफेस्टेशन, हीलिंग, फंक्शनल फिटनेस एवं समग्र स्वास्थ्य' विषय पर एक विशेष संवादात्मक सत्र को संबोधित किया। इनके सेशन में 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

मैनिफेस्टेशन पर की चर्चा

प्रश्नोत्तर आधारित इस इंटरएक्टिव सत्र में प्रतिभागियों ने मैनिफेस्टेशन, माइंडफुलनेस, इमोशनल हीलिंग, तनाव प्रबंधन, फंक्शनल फिटनेस, रिकवरी तथा संतुलित एवं सतत जीवनशैली जैसे विषयों पर विशेषज्ञों से विस्तार से चर्चा की।

लायन मनीष जैन को मिला बेस्ट रीजन चेयरपर्सन अवॉर्ड

भोपाल। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 की वार्षिक डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड सेरेमनी में लायन मनीष जैन को उनके वर्ष भर के उत्कृष्ट सेवा कार्यों एवं नेतृत्व क्षमता के लिए बेस्ट रीजन चेयरपर्सन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ ने प्रदान किया। अपने कार्यकाल के दौरान लायन मनीष जैन ने रीजन के अंतर्गत आने वाले सभी लायंस क्लबों का विजिट कर क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों से संवाद स्थापित किया तथा क्लबों की गतिविधियों को नई दिशा प्रदान की। सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने विशेष पहचान बनाई। हंगर रिलीफ को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने वर्ष भर भोजन वितरण, फूड पैकेट वितरण एवं सामुदायिक किचन जैसी गतिविधियों का सफल संचालन किया, जिससे सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को लाभ प्राप्त हुआ। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, पर्यावरण संरक्षण एवं यूथ गतिविधियों में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी इस उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के समस्त लायन साथियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

एसवी पॉलिटेक्निक में सिनेमैटोग्राफी कार्यशाला हुई आयोजित

अत्यधिक महंगे कैमरों के बिना भी कही जा सकती हैं प्रभावशाली कहानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पैनासोनिक ल्यूमिक्स इंडिया द्वारा सरदार वल्लभभाई पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक दिवसीय उन्नत सिनेमैटोग्राफी एवं एआई आधारित फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मार्गदर्शन फिल्ममेकर आदित्य कुमार चौरसिया ने किया, जबकि मयंक यादववंशी एवं राजेश प्रजापति ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। कार्यशाला में एप्लाइड वीडियोग्राफी पाठ्यक्रम के लगभग 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

एआई किस प्रकार दे रहा फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को नई दिशा

विभागाध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि एक दिन में विद्यार्थियों को जो ज्ञान, व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, वह सामान्यतः एक सप्ताह के पाठ्यक्रम के बराबर है। इस अवसर पर आदित्य कुमार चौरसिया ने कहा कि आज अनेक ओपन-सोर्स और एआई आधारित टूल्स उपलब्ध हैं, जिनकी सहायता से बिना अत्यधिक महंगे कैमरों के भी प्रभावशाली कहानियां कही जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता या एआई किस प्रकार फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को नई दिशा दे रही है।

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

बरसात के मौसम में आसमान में उमड़ते-घुमड़ते, घड़घड़ाते बादल, तरह-तरह की आकृति में दिखते बादल हम सभी को खूब आकर्षित करते हैं, मोहित करते हैं। ये बादल इस तरह अलग-अलग रूपों में क्यों घुमड़ते हैं, शोर मचाते हैं? जानो, बादल की एक प्यारी-सी चिट्ठी में।

बादल की चिट्ठी

प्यारे बच्चो

जरा पहचानो तो मुझे, खिड़की से बाहर आसमान की तरफ देखो। अभी-अभी हाथी का रूप बनाकर आसमान में घूम रहा था। अब अचानक दौड़ते हुए सफेद घोड़े जैसा दिखने लगा हूं। मैं हूं बादल, तुम्हारा प्यारा कूल दोस्त! आज मैं ऊपर आसमान की ऊंचाइयों से, नीली स्याही में अपनी कलम डुबोकर, यह चिट्ठी खास तुम्हारे लिए लिख रहा हूं...

मेरा घर और मेरा अनोखा सफर: दोस्तो, तुम मुझे हमेशा आसमान में देखते हो लेकिन क्या तुम जानते हो कि मेरा जन्म तो धरती पर ही हुआ है? नदियों, तालाबों, सागरों और हरी-भरी घासों पर बिखरी ओस की बूंदों में मेरा बचपन बीता है। जब सूरज दादा अपनी तेज धूप चमकाते हैं, तो मुझे बहुत गर्मी लगती है। तब मैं हल्का होकर 'भाप' बन जाता हूं, चुपके से ऊपर की ओर उड़ने लगता हूं। इसे विज्ञान की भाषा में वाष्पीकरण कहते हैं, लेकिन मेरे लिए यह आसमान की सैर का 'जादुई टिकट' है। ऊपर आकर जब मुझे ठंडी-ठंडी हवाएं मिलती हैं, तो मैं अपने जैसे लाखों-करोड़ों छोटे भाइयों और बहनों से गले मिल जाता हूं। हम सब मिलकर आसमान में तैरते हुए रुई के बड़े-बड़े पहाड़ जैसे बन जाते हैं। बस, यही मेरा बादल वाला रूप है!

मैं रूप बदलता हूं पल-पल: तुम लोग तो सिर्फ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में ही रूप बदलते हो, लेकिन मैं तो हर मिनट अपना भेष बदल सकता हूं! कभी मैं आसमान में बिखरी हुई सफेद रुई जैसा दिखता हूं, तो कभी काले रंग का गाढ़ा कंबल बन जाता हूं। जब मैं सफेद होता हूं, तो मैं खुशमिजाज और शांत होता हूं। तब मैं तुम्हारे साथ लुका-छिपी खेलता हूं। लेकिन जब मेरा रंग गहरा सलेटी या काला होने लगे, तो समझ जाना कि अब मैं बहुत भारी हो गया हूं। मेरे अंदर पानी की बूंदें इतनी बढ़ जाती हैं कि मुझसे संभाली नहीं जातीं, फिर मैं जोर से गरजता हूं, गड़-गड़-गड़ाम! यह मेरा गुस्सा नहीं बच्चो, यह तो मेरा ढोल है, जिसे बजाकर मैं ऐलान करता हूं, 'लो भाई, मैं आ गया! अब बजरंगा झमाझम, अपनी नावें तैयार कर लो!'

जब मैं बरसता हूं: जब मैं बरसता हूं, तो धरती पर त्योहार जैसा माहौल हो जाता है। मोर अपने सुंदर पंख फैलाकर नाचने लगते हैं, मेंढक टर्र-टर्र के कोरस में गाना गाते हैं। पेड़ों की पत्तियां ऐसे नहा-धोकर चमकती हैं, जैसे उन्होंने नए कपड़े पहने हों। मुझे सबसे ज्यादा मजा तब आता है, जब तुम लोग रंग-बिरंगे कागज की नावें लेकर बाहर दौड़ते हो। तुम्हारी बनाई वो छोटी-छोटी नावें जब पानी की लहरों पर तैरती हैं, तो ऊपर से देखकर मेरा दिल खुशी से झूम उठता है। मिट्टी से जो सोंधी-सोंधी खुशबू आती है, वो मेरी और धरती मां की दोस्ती की महक होती है।

आसमान की मजेदार बातें: ऊपर आसमान से तुम्हारी दुनिया बहुत खूबसूरत दिखती है। मुझे सबसे अच्छे तुम्हारे स्कूल के मैदान लगते हैं, जहां तुम सब तितलियों की तरह रंग-बिरंगे कपड़ों में खेलते हो। कभी-कभी जब सूरज दादा मेरी पीठ थपथपाते हैं, तो मैं एक जादुई पट्टी हवा में बिखेर देता हूं। तुम उसे बड़े चाव से देखते हो और खुशी से चिल्ला पड़ते हो, 'देखो, इंद्रधनुष!' उसके सातों रंग बैंगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी, लाल असल में मेरी ही बूंदों से छनकर निकलने वाली सूरज की किरणें होती हैं।

पहाड़ों से मेरी अनोखी कुश्ती: बच्चो, क्या तुमने कभी पहाड़ों के ऊपर मुझे तैरते देखा है? जब मैं अपनी मखमली चाल से आगे बढ़ता हूं, तो ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मेरा रास्ता रोक लेते हैं। फिर हमारे बीच एक दोस्ताना कुश्ती होती है। मैं उनसे टकराकर उनके ऊपर बर्फ या पानी की ठंडी बौछारें गिरा देता हूं। पहाड़ों से टकराकर ही मैं नदियों को उनका नया पानी देता हूं, जो बहकर तुम तक पहुंचता है।

मेरा कूलिंग इफेक्ट: तुमको पता है, मैं सिर्फ पानी ही नहीं बरसाता, बल्कि मैं इस पूरी धरती के लिए एक जादुई छत या 'नेचुरल एयर-कंडीशनर' का काम भी करता हूं। जब मई-जून के महीने में सूरज दादा का पारा सातवें आसमान पर होता है, धरती तवे जैसी दहकने लगती है, तब मैं अपने पंख फैलाकर धूप को रोक लेता हूं। मेरी वजह से धरती मां को ठंडी छांव मिलती है, जिससे पेड़-पौधों और तुम सब बच्चों को गर्मी से राहत मिलती है।

आसमान में पेंटिंग क्लास: शाम के वक्त जब सूरज दादा घर लौटने वाले होते हैं, तब मैं उनके साथ मिलकर 'पेंटिंग क्लास' चलाता हूं। मैं सूरज की आखिरी किरणों को अपने भीतर सोखकर गुलाबी, चमकीला नारंगी, गहरा लाल या सुनहरा रंग ओढ़ लेता हूं। उस वक्त आसमान किसी बड़ी ड्राइंग बुक जैसा खूबसूरत दिखने लगता है। मैं चाहता हूं कि जब तुम शाम को खेलने के लिए घर से बाहर पार्क में जाओ तो मेरी इस जादुई कलाकारी को निहारो।

एक छोटी-सी शिकायत: बच्चो, जब मैं नीचे देखता हूं, तो कई जगहों पर पेड़ बहुत कम दिखते हैं। कारखानों और गाड़ियों का काला, जहरीला धुआं जब मुझसे आकर टकराता है, तो मुझे बहुत खांसी आती है, मेरा दम घुटने लगता है। अगर पेड़ नहीं होंगे, तो मुझे ठंडक कौन देगा? और अगर मुझे ठंडक नहीं मिलेगी, तो मैं पिघलकर बरसूंगा कैसे? फिर तो नदियां सूख जाएंगी और तुम सबके हिस्से का पानी कम हो जाएगा।

करो एक वादा: दोस्तो, मैं तुमसे एक वादा चाहता हूं। क्या अपने इस दोस्त की बात मानोगे? तुम अपने हर जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाओगे। पानी की एक भी बूंद को बर्बाद न होने दो। प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करो ताकि हमारी धरती साफ-सुथरी रहे। जब तुम खूब सारे पेड़ लगाओगे, तो धरती हरी-भरी हो जाएगी। फिर मैं हर साल ढेर सारा ठंडा-मीठा पानी लेकर तुम सबके पास समय पर आऊंगा। हम फिर से रिमझिम बारिश में भीगेंगे मिलकर गाना गाएंगे। बाय.. बाय.. बच्चो! *

तुम्हारा बादल भैया

यह भी जानो / मच्छिंद्र ऐनापुरे

कमाल के होते हैं लिविंग रूट ब्रिज

बच्चो, क्या तुमने कभी ऐसे पुल के बारे में सुना है, जो पत्थर या सीमेंट से नहीं, पेड़ों की जड़ों से बने हों? हां बच्चो, ऐसे अद्भुत पुल अपने ही देश में मौजूद हैं। इन्हें लिविंग रूट ब्रिज कहा जाता है।

कहां हैं ये अनोखे पुल: ये अनोखे पुल भारत के पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में पाए जाते हैं। स्थानीय भाषा में इन पुलों को 'जिंगकिएंग जरी' और 'ल्यु चराई' कहा जाता है। मेघालय अपनी हरियाली, बारिश और प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ इन अनोखे पुलों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। भारत सरकार ने हाल ही में इन पुलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए एक प्रस्ताव भी भेजा है। मेघालय के 70 से 72 गांवों में लगभग 100 लिविंग रूट ब्रिजेस हैं। समय के साथ इनकी संख्या बदलती रहती है।

किस पेड़ की जड़ों से बनते हैं ये पुल: मेघालय की खासी और जयंतिया पहाड़ियों में एक खास पेड़ पाया जाता है- फिकस इलास्टिका यानी रबर का पेड़। आमतौर पर पेड़ों की जड़ें जमीन के अंदर जाती हैं, लेकिन इस पेड़ की कुछ जड़ें जमीन के ऊपर भी निकलती हैं। ये जड़ें बहुत मजबूत और लचीली होती हैं- बिल्कुल रस्सी की तरह।

कैसे बनता है रूट ब्रिज: पेड़ अपने आप पुल नहीं बना लेते। इन पुलों को पेड़ों की जिंदा जड़ों को मोड़कर, जोड़कर और बुनकर बनाया जाता है। नदी के किनारे उगने वाले इन पेड़ों की जड़ों को सही दिशा में बढ़ने के लिए तैयार किया जाता है। इसके लिए पहले उन्हें बांस का सहारा दिया जाता है, फिर जड़ों को आपस में गूंथकर ग्रो करने के लिए छोड़ दिया जाता है। यह काम स्थानीय खासी और जयंतिया जनजातियों के बुजुर्ग लोग करते हैं, जिन्होंने यह कला अपने पूर्वजों से सीखी हुई है। जब जड़ें आपस में जुड़ जाती हैं, तो उनके बीच की खाली जगहों में लकड़ी, पत्थर और मिट्टी भर दी जाती है। इससे पुल और भी मजबूत बन जाता है। लिविंग रूट ब्रिज बायो-इंजीनियरिंग का शानदार उदाहरण है।

कितना समय लगता है: एक लिविंग रूट ब्रिज बनने में 15 से 30 साल तक लग सकते हैं, लेकिन एक बार बन जाने के बाद ये पुल सैकड़ों साल तक टिके रहते हैं। मेघालय के कुछ लिविंग रूट ब्रिज तो करीब 500 साल पुराने माने जाते हैं। पेड़ जितना बड़ा और मजबूत होता जाता है, पुल भी उतना ही मजबूत बनता जाता है।

बच्चो, लिविंग रूट ब्रिज हमें बताते हैं, हम प्रकृति के साथ मिलकर काम करें तो अद्भुत निर्माण कर सकते हैं! *

लिविंग रूट ब्रिज की उपयोगिता

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि मेघालय में बहुत ज्यादा बारिश होती है। यहां अकसर बाढ़ भी आती है। ऐसे में लकड़ी, लोहे या सीमेंट के पुल जल्दी खराब हो सकते हैं या पानी में बह भी सकते हैं। लेकिन पेड़ों की जड़ों से बने ये पुल बारिश और बाढ़ में भी मजबूती से टिके रहते हैं और स्थानीय लोगों के आवागमन में सहायता प्रदान करते हैं। इसलिए लिविंग रूट ब्रिज का निर्माण किया जाता है।

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

आए बादल

उमड़-घुमड़ कर आए बादल,
सभी दिशा में छाए।
टिप-टिप बूंदें लगीं बरसने,
पंछी शोर मचाए।
नन्हीं चिड़िया चूं-चूं बोली,
चलो, नहाकर आएं।
धुली-धुली-सी लगती धरती,
पौधे सभी नहाएं।

जंगल-जंगल मोर नाचता,
कोयल गीत सुनाए।
उत्सव का माहौल हुआ है,
बादल ढोल बजाए।
बिजली रानी हंसकर बोली,
सेल्फी अब हो जाए!
टिप-टिप बूंदें रहीं बरसतीं,
बारिश सबको भाए।



हंसगुल्ले

पिंकी: कल रात को सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
मिंकी: तुम चप्पल पहन कर सोया करो तब कांटा नहीं चुभेगा।

-दिव्या, रायपुर

कंप्यूटर टीचर: कंप्यूटर चलाने के लिए सबसे पहले सही ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
चिंटू: लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।

-रितेश, बिलासपुर

जीके क्विज-217

1. कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय प्लेयर्स ने कुल कितने गोल्ड मेडल जीते?
2. कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने कौन-सा मेडल जीता?
3. भारत के वर्तमान संचार मंत्री कौन हैं?
4. जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर कौन थे?
5. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
6. अंग्रेजों के खिलाफ पहली क्रांति किस सन में हुई थी?
7. भारत में वोट देने की न्यूनतम आयु कितनी है?
8. भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे?
9. पौधे का कौन-सा भाग मुख्य रूप से भोजन बनाने (प्रकाश संश्लेषण) में सहायक होता है?
10. हमारे शरीर का कौन-सा अंग रक्त का शुद्धिकरण करता है?

बच्चो, जीके क्विज-217 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-216 का उत्तर : 1.प्रह्लाद जोशी, 2.सारनाथ, 3.मीराबाई चानू, 4.वैभव सूर्यवंशी, 5.संस्कृत, 6.बिहार, 7.ओ(O), 8.चंद्रमा, 9.राज्यसभा, 10.जस्टिस सूर्यकांत

जीके क्विज-216 का सही उत्तर देने वाले : अर्पित-रायपुर, विवेक-दुर्ग, सान्या-बिलासपुर, हर्षिता-बलौदा बाजार, देवनारायण-जांजगीर, जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, जीवेश-रोहतक, संचिता-महासमुंद

कहानी
रंजना मिश्रा

हमें किसी को कम नहीं समझना चाहिए। हर किसी में कोई ना कोई खूबी होती है। रवि और उसकी टीम ने साहिल को किसी लायक नहीं समझा, लेकिन वह ऐसा हुनरमंद निकला कि उसकी मदद से रवि की टीम को प्राइज मिला।

रंगों का जादूगर

रवि अपनी सोसाइटी की क्रिकेट टीम का कप्तान था। वह क्रिकेट खेलते समय हमेशा चौके-छक्के मारता था। शाम होते ही रवि और उसके दोस्त क्रिकेट खेलते हुए पार्क में खूब धमाल मचाते थे।

एक दिन पार्क की बेंच पर एक नया लड़का साहिल आकर बैठा था। वह इन सबके साथ खेल नहीं रहा था। वह बस अपनी ड्रॉइंग बुक में झुका हुआ कोई चित्र बना रहा था। तभी रवि ने बैट से बॉल मारी। बॉल लुढ़कती हुई साहिल के पैरों के पास पहुंच गई। रवि ने आवाज दी, 'ऐ लड़के बॉल इधर फेंक दो!'

साहिल ने घबराकर बॉल उठाई और रवि की ओर फेंक दी। लेकिन बॉल रवि तक पहुंची ही नहीं, थोड़ी दूर जाकर रुक गई।

रवि के दोस्त हंस पड़े। कोई बोला, 'इसे तो बॉल ठीक से फेंकनी भी नहीं आती।'

साहिल चुपचाप वापस आकर अपनी बेंच पर बैठ गया। उसका चेहरा उतर गया था। रवि ने कंधे उचकाए और फिर से खेलने में लग गया।

कुछ दिनों बाद सोसाइटी के गार्ड अंकल ने पार्क के बोर्ड पर एक नोटिस लगाया, इसमें लिखा था- 'पार्क सजाओ मुकाबला!' नोटिस के अनुसार बच्चों को पार्क की खाली दीवारों को पेंट करना था। जिस टीम की दीवार सबसे सुंदर लगेगी, उसे एक बड़ा-सा आइसक्रीम का डिब्बा ईनाम में दिया जाएगा। रवि और उसकी टीम बहुत उत्साहित हो गई। वह बोला, 'जीत तो हमारी टीम ही हासिल करेगी!' अगले दिन रवि और उसके साथी पेंट और ब्रश लेकर एक दीवार के पास पहुंच गए। रवि ने कहा, 'चलो, हम दीवार पर क्रिकेट खेलते बच्चों का चित्र बनाते हैं।' पेंटिंग करना क्रिकेट खेलने जैसा आसान नहीं था। किसी ने बैट बहुत छोटा बना दिया, तो किसी ने बॉल का चित्र इतना बड़ा बना दिया कि वह सूरज जैसी दिखने लगी। थोड़ी ही देर में पूरी दीवार बहुत ही बेतुके ढंग के चित्रों से रंग गई।

रवि की टीम में एक लड़की माया दुःखी स्वर में बोली, 'अरे! दीवार तो बहुत खराब लग रही है। अब हम हार जाएंगे।' तभी माया की नजर कोने में बैठे साहिल पर पड़ी। वह अपनी ड्रॉइंग बुक में कोई चित्र बना रहा था। वह चुपके से उसके पीछे गई और खड़ी होकर उसकी ड्रॉइंग बुक को देखने लगी। माया यह देखकर हैरान रह गई कि साहिल ने अपनी ड्रॉइंग बुक में पूरे पार्क का चित्र बना रखा था। उसमें रंग-बिरंगे फूल, उड़ते हुए पक्षी और रवि की टीम को खुशी से खेलते हुए दिखाया था। वह चित्र बहुत सुंदर लग रहा था। माया भागकर रवि के पास आई, बोली, 'रवि, जल्दी चलो! साहिल तो रंगों का जादूगर है!'

रवि और बाकी बच्चों ने साहिल के पास आकर जब उसकी ड्रॉइंग देखी तो उनकी आंखें खुली की खुली रह गईं। रवि को अपने आप पर थोड़ी शर्म आई। वह साहिल से बोला, 'साहिल, हम तुम्हारे ऊपर हंसे थे, उसके लिए सॉरी। तुम्हारी ड्रॉइंग तो कमाल की है! क्या तुम हमारी मदद करोगे?' साहिल ने सकुचाते हुए 'हां' में सिर हिला दिया। अगले ही पल, साहिल 'कप्तान' बन गया था। वह सबको निर्देश दे रहा था, 'रवि, तुम आकाश में नीला रंग भरो। माया, तुम फूलों में पीला रंग भरो।'

साहिल ने पार्क की दूसरी दीवार पर पहले एक सुंदर चित्र बनाया फिर रवि और उसके साथियों ने मिलकर उसमें रंग भरे। सबने बहुत मेहनत और सफाई से काम किया। शाम तक वह दीवार एक सुंदर कलाकृति में बदल गई थी। जब गार्ड अंकल ने दीवार देखी, बहुत खुश हुए, बोले, 'वाह! यह तो कमाल है! रवि की टीम जीत गई!' ईनाम में उन्हें आइसक्रीम का एक बड़ा डिब्बा मिला। रवि ने आइसक्रीम का पहला कप साहिल को दिया और बोला, 'आज से तुम भी हमारी टीम में हो।'

साहिल मुस्कुरा दिया। उस दिन रवि और उसके दोस्तों ने सीखा कि हर किसी में कोई ना कोई खूबी होती है। कोई किसी खेल में पारंगत होता है, तो कोई संगीत-नृत्य में तो कोई चित्रकला में। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

इशिता की समझदारी

बच्चो, इशिता नौ साल की है। शरारती है, जासूसी कहानियां पढ़ती है और रोजाना की जिंदगी को थोड़ा और मजेदार बनाना चाहती है। उसके एक दिन के रोमांचक सफर की बड़ी ही प्यारी-सी कहानी की किताब है- इशिता की सूझबूझ। इस कहानी के अनुसार एक दिन वह अपनी मम्मी और भाई विशु के साथ मामा के घर जाने के लिए निकलती है। लेकिन मेट्रो के सफर में उन दोनों से अलग हो जाती है। वह जानबूझकर अलग होती है या हड़बड़ी में? कुछ देर बाद वह पुलिस वाली आंटी के साथ क्यों नजर आती है? मम्मी और भाई से अलग होकर भी वह मुस्कुराती क्यों है? ये तो रहस्य की बातें हैं और इस रहस्य को सुलझाने के लिए तुम्हें यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब के लेखक हैं विकास नैनवाल। किताब की भाषा सरल, सरस और आसानी से समझ में आने वाली है। किताब में मोटे फॉण्ट का इस्तेमाल किया गया है, जिससे पढ़ने में आसानी होती है। किताब के रंगीन चित्र बहुत आकर्षित करते हैं। यह किताब इतनी रोचक है कि इसे तुम एक बार पढ़ना शुरू करोगे तो पूरा पढ़कर ही उठोगे। तो देर किस बात की! तुम भी यह किताब मंगवाओ और पढ़ डालो। *

किताब : इशिता की सूझबूझ, **लेखक :** विकास नैनवाल,
मूल्य : 149 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य विमर्श, गुरुग्राम

अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मादा कंगारू अपने बच्चे के साथ खड़ी है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम पांच मिनट में इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.कंगारू की बाईं कलाई पर एक बैंड बंधा हुआ है। 2.कंगारू के दाएं पैर की अंगुलियां बड़ी-बड़ी हैं। 3.कंगारू के मार्सूपियम (थैली) में दिख रहे नन्हे कंगारू की आंख बंद है। 4.कंगारू के पीछे बाईं तरफ एक स्टोन अधिक दिख रहा है। 5.पीछे पेड़ में एक टहनी अधिक दिख रही है। 6.पेड़ की पत्तियों के बीच एक बड़ी पत्ती दिख रही है। 7.पीछे पहाड़ के बीच में एक उभरी हुई चोटी दिख रही है। 8.ऊपर दाईं तरफ बादल का एक टुकड़ा दिख रहा है।

मिलान करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो क्रम में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से एनिमल्स के चित्र और परछाई का सही मिलान करो।



उत्तर : 1-B, 2-A, 3-D, 4-C

अब बदलेगा टीम इंडिया का फिटनेस सिस्टम, 10 मिनट में 2 किमी दौड़ना जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट पास करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने फिटनेस पैरमीटर्स को ज्यादा चैलेंजिंग बनाने का फैसला किया है। भारतीय खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो तरह के टेस्ट से गुजरना होता है।

इनमें एक ब्रोंको टेस्ट और दूसरा 2 किलोमीटर की दौड़ है। ब्रोंको टेस्ट के लिए पहले 6 मिनट का समय मिलता था। अब इसे 5 मिनट 15 सेकेंड से लेकर 5 मिनट 20 सेकेंड में पूरा करना होगा। इसके ठीक बाद 2 किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट में पूरी करनी होगी।

समय में 40 सेकेंड तक की कमी की गई

ब्रोंको टेस्ट में पांच सेट होते हैं। हर सेट में खिलाड़ियों को 20 मीटर अप-डाउन, 40 मीटर अप-डाउन और 60 मीटर अप-डाउन की दौड़ लगानी होती है। यानी एक सेट में कुल 240 मीटर दौड़ना होता है। पूरे टेस्ट में इस तरह के पांच सेट लगाने होते हैं। सेट के बीच कोई ब्रेक नहीं होता। पहले पूरे टेस्ट के लिए 6 मिनट का समय था। अब इसमें 40 सेकेंड तक की कमी की गई है।

पहले यो-यो टेस्ट टीम इंडिया के लिए फिटनेस का बड़ा पैमाना था

पहले यह स्टैंड अलोन टेस्ट था

ब्रोंको टेस्ट के अलावा खिलाड़ियों को 2 किलोमीटर की रनिंग भी करनी होती है। पहले यह स्टैंड अलोन टेस्ट था। यानी इसे ब्रोंको के साथ नहीं लिया जाता था। पुराने नियम के तहत फास्ट बॉलर्स को 8 मिनट 15 सेकेंड में 2 किलोमीटर दौड़ना होता था। बाकी खिलाड़ियों के लिए 8 मिनट 30 सेकेंड का समय निर्धारित था।

ब्रोंको टेस्ट के ठीक बाद 2 किमी की रनिंग

अब 2 किलोमीटर की रनिंग ब्रोंको टेस्ट के ठीक बाद करनी होगी। समय में कुछ रियायत दी गई है। खिलाड़ी 2 किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट में पूरी कर सकते हैं। दोनों टेस्ट बैक टु बैक होंगे, लिहाजा खिलाड़ियों के लिए यह पहले से ज्यादा चैलेंजिंग है।

बार-बार इंजरी पर फिजियो से जवाब-तलब

खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने और इंग्लैंड के अनुकूल मौसम में भी मांसपेशियों में खिंचाव यानी क्रैम्प्स की शिकायतों के बाद बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया और टीम मैनेजमेंट ने टीम के फिजियो कमलेश जैन से जवाब-तलब किया है। उन्हें साफ कहा गया है कि किसी भी खिलाड़ी के कद या स्टार स्टेटस की परवाह किए बिना फिटनेस में कमी दिखे तो उसकी तुरंत जानकारी दें। मैनेजमेंट का मानना है कि कई खिलाड़ियों की मैदान पर मोबिलिटी घटी है और लंबे समय तक बल्लेबाजी के दौरान सीनियर बल्लेबाजों को दौड़कर रन लेने में परेशानी हो रही है।

बुमराह श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) और टीम मैनेजमेंट के बीच तालमेल की कमी भी सामने आई है। बुमराह को 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के पहले मैच तक फिट करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन सीओई ऐसा नहीं कर सका। वहीं सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों को नए फिटनेस पैरामीटर्स की जानकारी भी देर से मिली। मोहम्मद सिराज जब श्रीलंका दौरे से पहले सीओई पहुंचे तो अचानक ब्रोंको और 2किमी टेस्ट कराए जाने से हैरान रह गए। अब गैर-टेस्ट खिलाड़ियों को भी इन्हीं नए मानकों के अनुसार तैयारी करने के लिए कहा गया है।

खबर संक्षेप



विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 के फाइनल में तीन भारतीय

यूजीन। भालाफेंक खिलाड़ी आशीष यादव और टी धरणीधरन के साथ चक्काफेंक खिलाड़ी अमानत कम्बोज ने विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करके फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। यादव पुरूषों के भालाफेंक ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में 69 . 87 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे और कुल दूसरा स्थान हासिल किया । दक्षिण अफ्रीका के जान हेंडरिक हेमैंस 76 . 02 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे ।

बोडोलैंड एफसी ने एफसी वन को 3-0 से हराया

गुवाहाटी। बोडोलैंड एफसी ने शुरूआती मैच में नॉर्थईस्ट यूनाईटेड के हाथों मिली हार के बाद वापसी करते हुए बृहस्पतिवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मुकाबले में एफसी वन पर 3-0 की शानदार जीत दर्ज की। इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में बोडोलैंड एफसी के लिए तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। रोबिन्सन रेंडन ने 57वें मिनट में, रितुराज मोहन ने 78वें मिनट में और आरोन थापा ने 82वें मिनट में गोल दागे।

आज से श्रीलंका एकादश के खिलाफ तीन दिवसीय मुकाबला

फिरकी के खिलाफ खुद को परखेंगे भारतीय बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय बल्लेबाज अगले सप्ताह श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले शुक्रवार को 'नॉनडिसक्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब' मैदान पर श्रीलंका एकादश के विरुद्ध खेले जाने वाले तीन दिवसीय अभ्यास मैच में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी तैयारियों को पुख्ता कोशिश करेंगे।

हाल के दिनों में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखलाओं में भारतीय बल्लेबाजों की सबसे बड़ी कमजोरी बेहतर स्पिन गेंदबाजी के सामने उजागर हुई थी। श्रीलंका के खिलाफ भी परिस्थितियां कुछ अलग नहीं होंगी। श्रीलंका के पास विशेष रूप से घरेलू परिस्थितियों में प्रभावी स्पिन आक्रमण है। ऐसे में 15 अगस्त से गॉल में खेले जाने वाले पहले टेस्ट से पहले यह अभ्यास मैच भारतीय बल्लेबाजों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हमारे पास हर चुनौती का जबाव तैयार होना चाहिए

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी खिलाड़ियों को हर पहलू पर पूरी तैयारी करने का संदेश दिया। उन्होंने बीसीसीआई की ओर से जारी वीडियो में कहा, ''हमें पता है कि हमारे सामने क्या चुनौती है। हम भरपूर अभ्यास कर सकते हैं, अपनी क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ा सकते हैं, हर तैयारी पूरी कर सकते हैं और 15 अगस्त की सुबह, चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी, हमारे पास हर चुनौती का जवाब तैयार होना चाहिए। इसलिए अभी से हर पहलू पर पूरी तैयारी सुनिश्चित करें।''

टीमें इस प्रकार हैं

भारत: शुभमन गिल (कप्तान), लोकेश राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुतार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, आकिब नबी।

श्रीलंका एकादश : निशान मधुष्का, रविंदु रशनथा, पसिंदु सूरियाबंदर, पवन रतनायके, अहान विक्रमसिंघे, सोनल दिनुषा (कप्तान), अंजला बंडारा (विकेटकीपर), निपुन दनंजय, लाहिरू कुमारा, विश्वा फर्नांडो, असंका मनोज, इसिथा विजेसुंदरा, रमेश मेंडिस, केसारा नुवंथा, दिलुम सुदीरा।

खिलाड़ियों को तालमेल बैठाने का अवसर मिलेगा

कप्तान शुभमन गिल, लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे प्रमुख बल्लेबाज श्रीलंका रवाना होने से पहले अपने-अपने घरेलू अभ्यास केंद्रों पर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर चुके हैं, लेकिन श्रीलंकाई पिचों पर मैच जैसी परिस्थितियों में खेलने का अनुभव उससे कहीं अधिक उपयोगी होगा। यह तीन दिवसीय मुकाबला खिलाड़ियों को स्थानीय परिस्थितियों से तालमेल बैठाने का अवसर देगा।

टीम के कई खिलाड़ी पहली बार लाल गेंद से खेलेंगे

टीम के कई खिलाड़ी पहली बार श्रीलंका में लाल गेंद के क्रिकेट में उतरेंगे। भारत ने पिछली बार 2017 में श्रीलंका में टेस्ट श्रृंखला खेली थी और तब से टीम में बड़े बदलाव आ चुके हैं। मौजूदा भारतीय टीम में केवल लोकेश राहुल, कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा को ही श्रीलंका में टेस्ट खेलने का अनुभव है।

हॉकी: भारत को ड्रॉ पर रोक सकता है पाक

लाहौर। पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य चयनकर्ता समीउल्लाह खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम 19 अगस्त को होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को ड्रॉ पर रोक सकती है। खान ने कहा कि बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में पहले दौर के पूल चरण से आगे बढ़ने के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होगा। पाकिस्तान ने बुधवार को विश्व कप (15 से 30 अगस्त) के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

दूसरा टेस्ट

पाक ने विंडीज को हरा विदेशी जमीं पर हार का सिलसिला किया खत्म

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ऑफ स्पेन

पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया है। चौथी पारी में पाक टीम को सिर्फ 74 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे पाकिस्तान ने आसानी से हासिल कर लिया।

इसी के साथ 2 टेस्ट मैचों की यह सीरीज एक-एक से ड्रॉ रही। सीरीज चाहे बराबरी पर समाप्त हुई, लेकिन पाकिस्तान ने 1105 दिनों से चले आ रहे हार के सिलसिले का अंत कर दिया है। वेस्टइंडीज की टीम ने पहली पारी में 344 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में अब्दुल्लाह शफीक के ऐतिहासिक शतक की बदौलत पाकिस्तान पहली पारी में 387 रन बनाकर 43 रनों की बढ़त ले पाया। दूसरी पारी आई तो अली उस्मान और साजिद खान ने मिलकर 8 विकेट चटकाए और कैरेबियाई टीम 117 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान को सिर्फ 74 रनों का लक्ष्य मिला। बाबर आजम और अब्दुल्लाह शफीक 24-24 रन बनाकर नाबाद लौटे।

1105 दिन बाद आई जीत

दरअसल पिछले करीब 3 साल से पाकिस्तान टीम विदेशी सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई थी। विदेश में उसकी आखिरी जीत 27 जुलाई 2023 के दिन श्रीलंका के खिलाफ आई थी। उस समय पाक टीम ने श्रीलंका को पारी और 222 रनों से हराया था। उसके बाद 1105 दिन बीत चुके थे, लेकिन पाकिस्तान को विदेश में कोई टेस्ट जीत नहीं मिल पा रही थी।

बाबर को दोबारा कप्तान बनाया गया

आखिरकार बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 8 विकेट से हराकर 3 साल से चले आ रहे हार के सिलसिले का अंत किया। गजब की बात यह है कि 3 साल पहले श्रीलंका के खिलाफ जीत भी बाबर आजम की ही कप्तानी में आई थी। बताते चलें कि पीसीबी ने हाल ही में शान मसूद को टेस्ट कप्तानी से हटाकर बाबर आजम को दोबारा रेड बॉल टीम का कप्तान बनाया है।

इंग्लैंड की टीम में लॉरेंस, कार्स पोप और कुक की हुई वापसी

इंग्लैंड पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगी

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की आगामी श्रृंखला के पहले मुकाबले के लिए डैन लॉरेंस को दो साल बाद टीम में वापसी का मौका दिया है जबकि जैकब बेथेल दाहिने घुटने की चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद के दौर की शुरुआत 19

अगस्त से लीड्स में होगी और सरे के बल्लेबाजी ऑलराउंडर लॉरेंस को पूर्व टेस्ट कप्तान की जगह लेने की बड़ी जिम्मेदारी संभालने का पहला मौका मिलेगा। लॉरेंस के छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है जबकि विकेटकीपर जेमी स्मिथ उनसे एक स्थान नीचे उतर सकते हैं। बेथेल की अनुपस्थिति ने जोर्डन कॉक्स के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का रास्ता खोल दिया है।

कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, विदिशा

क्रमांक/जिव्याउके-वि/सामान्य/2026/1530
विदिशा, दिनांक :- 04/08/2026

- मासिक किराये पर वाहन लिये जाने संबंधी निविदा -

जिला व्यापार एवं उदयोग केन्द्र, विदिशा को टैक्सी वाहन की आवश्यकता है। कार्यालय द्वारा ट्रैवल एजेन्सी/टैक्सी मालिक फर्म से परिवहन कार्यालय में टैक्सी कोटे में पंजीकृत वाहन किराये पर लेने हेतु निर्धारित प्रपत्र पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। वाहन का पंजीयन वर्ष 2025 या उसके पश्चात् का होना चाहिए।

निविदादाता को एक साथ, निविदा प्रपत्र भाग 1 एवं भाग 2 में पृथक-पृथक बंद लिफाफो में देने होगे। निविदा प्रपत्र का भाग-1, निविदा का "तकनीकी पक्ष" होगा जिसमें नियम एवं शर्तों को पूर्ण करने की जानकारी आवश्यक प्रमाण पत्र तथा संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने होगें। निविदा प्रपत्र भाग-2, वित्तीय पक्ष से संबंधित होगा जिसमें मासिक किराये की दर (800 किलोमीटर ईधन, वाहन चालक सहित प्रतिमाह) तथा इसके अतिरिक्त प्रति किलोमीटर की दरें अंकित हो। वाहन की अधिकतम लागत सीमा राशि रू. 7.00 लाख (एक्स शोरूम कीमत) तक होगी। तदाशय की निविदा के साथ महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, विदिशा के नाम से रुपए 20,000/- (बीस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट या बैंक गारन्टी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निविदा जारी होने की दिनांक से कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 31.08.2026 (सोमवार) दोपहर 12:00 बजे तक आवेदन शुल्क रु. 500/- बजट शीर्ष 0851-00-800-0000 अन्य प्राप्तियां मद में चालान द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, शाखा नगरपालिका, विदिशा में जमा कर मूल चालान कार्यालय में प्रस्तुत कर प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदायें उसी दिन समय अपरान्ह 2:50 बजे समिति के समक्ष खोली जावेगी। निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति को होगा तथा इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा।

महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
विदिशा

G-16772/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

परिशिष्ट ट
प्रारूप–ण
(नियम 22 (क) (6) देखिए)

धारा 30 - क के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना

क्रमांक BPLLP22072646186/ दिनांक / 06 / AUG / 2026
क्र./2090/नग्रानि/भोपाल दिनांक 06/AUG/2026

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतदद्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स इंनफोटेक एजुकेशन सोसायटी द्वारा अध्यक्ष बादाम सिंह यादव अध्यक्ष बादाम सिंह यादव पिता/पति सोहन सिंह यादव, इन्फोटेक एजुकेशन सोसायटी द्वारा अध्यक्ष बादाम सिंह यादव पिता/पति आ.सोहन सिंह यादव, इन्फोटेक एजुकेशन सोसायटी द्धारा अध्यक्ष बादाम सिंह यादव पिता/पति सोहन सिंह यादव, सिस्टर मरियम जोजो पिता/पति मूंडला जोजो, बादाम सिंह यादव पिता/पति सोहन सिंह यादव एवं श्रीमती सुनीता सिंह यादव पत्नी बादाम सिंह यादव, इन्फोटेक एजुकेशन सोसायटी द्धारा अध्यक्ष पिता/पति बादाम सिंह यादव, श्रीमती सुशीला बाथरे पिता/पति विष्णु प्रसाद बाथरे जो नगर/ग्राम कलखेड़ा के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक BPLLP-4479/LP93/JKB/2018 दिनांक 2018-05-30 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित PUBLIC AND SEMI PUBLIC, UNIVERSITY AND SPECIALISED EDUCATIONAL INSTITUTE प्रयोजन के भू-खण्ड क्रमांक 2, 3, 4, 5 को स्वामी हैं, और श्री/श्रीमती / मेसर्स इन फोटेक एडुकेशन सोसायटी द्वारा अध्यक्ष बादाम सिंह यादव अध्यक्ष बादाम सिंह यादव पिता/पति सोहन सिंह यादव, इन्फोटेक एजुकेशन सोसायटी द्वारा अध्यक्ष बादाम सिंह यादव पिता/पति आ. सोहन सिंह यादव, इन्फोटेक एजुकेशन सोसायटी द्धारा अध्यक्ष बादाम सिंह यादव पिता/पति सोहन सिंह यादव, सिस्टर मरियम जोजो पिता/पति मूंडला जोजो, बादाम सिंह यादव पिता/पति सोहन सिंह यादव एवं श्रीमती सुनीता सिंह यादव पत्नी बादाम सिंह यादव,इन्फोटेक एजुकेशन सोसायटी द्वारा अध्यक्ष पिता/पति बादाम सिंह यादव, श्रीमती सुशीला बाथरे पिता/पति विष्णु प्रसाद बाथरे जो नगर हुजूर ग्राम कलखेड़ा के खसरा क्रमांक 250/1(S), 250/2(S), 251(S), 252(S), 253(S), 254(S), 256/2/1 (S), 256/2/2(S), 288(S), 289(S), 290(S), 291(S), 292(S), 293(S), 294/1(S), 294/2(S), 295(S), 296/8(S), 297(S), 298(S), 299(S), 300/1(S), 300/2/1(S), 300/2/2(S), 319(S), 320(S), 321(S), 322(S), 323(S), 324/1/1(S), 324/1/2(S), 324/2(S), 325(S), 328/1(S), 328/2(S), 329/2(S), 329/3(S), 330/2(S), 514/1(S), 514/2(S), 518(S), 519/10(S), 519/11(S), 519/12/2(S), 519/12/4(S), 519/12/5(S), 519/12/6(S), 519/13(S), 519/2(S), 519/5(S), 519/7(S), 519/9(S) BPLLP-4479/LP93/JKB/2018, 2018-05-30 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित PUBLIC AND SEMI PUBLIC, UNIVERSITY AND SPECIALISED EDUCATIONAL INSTITUTE प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर / ग्राम कलखेड़ा खसरा क्रमांक 250/1(S), 250/2(S), 251(S), 252(S), 253(S), 254(S), 256/2/1(S), 256/2/2(S), 288(S), 289(S), 290(S), 291(S), 292(S), 293(S), 294/1(S), 294/2(S), 295(S), 296/8(S), 297(S), 298(S), 299(S), 300/1(S), 300/2/1(S), 300/2/2(S), 319(S), 320(S), 321(S), 322(S), 323(S), 324/1/1(S), 324/1/2(S), 324/2(S), 325(S), 328/1(S), 328/2(S), 329/2(S), 329/3(S), 330/2(S), 514/1(S), 514/2(S), 518(S), 519/10(S), 519/11(S), 519/12/2(S), 519/12/4(S), 519/12/5(S), 519/12/6(S), 519/13(S), 519/2(S), 519/5(S), 519/7(S), 519/9(S) रकबा 16.217 भूमि जिसका भूमि उपयोग PUBLIC AND SEMI PUBLIC है, के स्वामी है द्वारा उपरोक्त भू-खण्ड / भू- खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा https://alpass.mp.gov.in/web/Objection.aspx? RefApp=OPDd4r8XLI2090 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल मध्यप्रदेश,

परिशिष्ट B संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमएससी/4080/2025
श्रीमती गुड्डी बाई बनाम चन्द्रेश लोधी
NEXT DATE: 07-09-2026

प्रेषिती- चन्द्रेश लोधी, झुमक लाल लोधी
पता- मकान नंबर 14, अशोका गार्डन अलकापुरी भोपाल थाना अशोका गार्डन भोपाल

यह कि प्रार्थी श्रीमती गुडडी बाई ने आपके विरूद्ध एमएससी/4080/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 14-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश (हिमांशु कौशल) मैक ट्रिब्यूनल
सदस्य इक्कीसवें मोटर. दु. दावा अधि.
भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सामन्य) सीहोर

E-Mail:-sdoftsehore@mp.gov.in
Mob. No. 9424790851

क्रमांक/1820 :: विज्ञप्ति :: सीहोर, दिनांक 03/08/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन एवं अतिक्रमण करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5(1)15,16 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52,41 एवं 26 (1) क के अन्तर्गत जप्त किये गये हैं। कुछ प्रकरणों में वाहन मालिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नहीं हो रहे हैं। प्रकरण ज्ञात अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अतः विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहन में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहन को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	परिक्षेत्र का नाम	वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक	वाहन का विवरण	वाहन का पंजीयन क्रमांक	वाहन मालिक /आरोपी का नाम/पता	अपराध का प्रकार	जप्ती स्थल
1	2	3	4	5	6	7	8
1	इछावर	42296/15 22.07.2026	1. मो.सा. हीरो होण्डा काला रंग 2. मो.सा. हीरो स्पलेण्डर	नम्बर अस्पष्ट नम्बर अस्पष्ट	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	डूण्डालाबा से नगाराघाटी पर दोनों मोटर साइकिलों द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त
2	इछावर	42245/17 24.07.2026	1. मो.सा. एच.एफ. डीलक्स काला रंग 2. मो.सा. हीरो स्पलेण्डर प्लस काला रंग	नम्बर अस्पष्ट नम्बर अस्पष्ट	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	बीट बोरदीखुर्द कक्ष क्रमांक 221 अनघाटा के समीप दोनों मोटर साइकिलों द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त।
3	इछावर	42241/23 25.07.2026	मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस	बिना नम्बर, चेचिस, इंजन नम्बर अस्पष्ट	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	सिराली से डूण्डालाबा मार्ग एल. एन.टी. पाईप लाईन के पास मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त।
4	इछावर	42241/24 27.07.2026	1. मो.सा. हीरो एच.एफ.डीलक्स 2. मो.सा. हीरो एच.एफ.डीलक्स	बिना नम्बर बिना नम्बर	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	ग्राम बोरदीखुर्द के पास दोनों मोटर साइकिलों द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त
5	लाड़कुई	42731/11 28.07.2026	मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर	नम्बर अस्पष्ट, चेचिस, इंजन नम्बर अस्पष्ट	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	बीट घुटवानी के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 372 में सिराड़ी घाट पर मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त।
6	लाड़कुई	42726/14 28.07.2026	मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर	नम्बर अस्पष्ट, चेचिस, इंजन नम्बर अस्पष्ट	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	सिराड़ी से सनकोटा मार्ग पर मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त

(कृतिका जायसवाल)
प्राधिकृत अधिकारी / उपवनमंडलाधिकारी (सामान्य) सीहोर

G-16767/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 11/सेतु/2026/का.यं. भोपाल, दिनांक 28/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेंण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रू लाख में)	टीप
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	2026_PWDRB_524548_1	नर्मदापुरम	पुल कार्य	नर्मदापुरम जिले के सेमरी से सांगाखेड़ा मार्ग के कि.मी. 6/2 में नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य	तृतीय	444.14	मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें।
2.	2026_PWDRB_524495_1	नर्मदापुरम	पुल कार्य	नर्मदापुरम जिले में बाबई से नसीराबाद ढाना मार्ग के कि.मी. 13/2 पर बाकुड नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य	तृतीय	445.01	मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें।
3.	2026_PWDRB_524541_1	बैतूल	पुल कार्य	नर्मदापुरम जिले के ग्राम भीरापुर से बलेगांव मार्ग पर नाला पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य	द्वितीय	244.64	मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें।
				योग		1133.79	

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/08/2026, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाईन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेगें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग
भोपाल (म.प्र.)

G-16765/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

बड़ी राहतः आज से रानी कमलापति-रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस में दोगुने होंगे कोच

रक्षाबंधन, गणेशोत्सव और दशहरे सहित अन्य त्योहारी सीजन में भोपाल के लोगों को रेलवे की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति (भोपाल) के बीच संचालित वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को रक्षाबंधन और त्योहारी सीजन के दौरान बड़ी राहत मिलने जा रही है। रेलवे प्रशासन ने गाड़ी संख्या 20173/20174 रानी कमलापति-रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस की रैक संरचना में 75 दिनों के लिए अस्थायी बदलाव करने का निर्णय लिया है।

जानकारी के अनुसार सात अगस्त से 24 अक्टूबर 2026 तक 16 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस रेक का संचालन किया जाएगा। 16 कोच के रैक के संचालन से ट्रेन में सीटों की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी, जबलपुर, कटनी होकर रीवा के बीच संचालित होती है, जिससे हजारों यात्रियों को प्रतिदिन तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल सेवा का लाभ मिलता है। यात्रियों की बढ़ती मांग एवं परिचालन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पमरे जोन यह निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि अभी रानी कमलापति-रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस 8 कोच की बजाय 16 कोच से संचालित होगी। जिससे वर्तमान में एग्जीक्यूटिव चेयर कार एवं चेयर कार सहित कुल 530 बर्थों से बढ़कर 1128 तक होगी अर्थात 598 बर्थ अपेक्षाकृत बढ़ जाएंगे।

आठ की बजाए सोलह कोच से होगी संचालित | 75 दिनों के लिए अस्थाई बदलाव का लिया फैसला

गणेशोत्सव और दशहरे पर यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ

फाइल फोटो।

आने वाले दिनों में रक्षाबंधन का त्योहार है। इसके बाद गणेशोत्सव एवं दशहरा है। वैकल्पिक रेक की क्षमता दोगुनी सीटों की होने से त्योहारी सीजन के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक संख्या में आरक्षित सीटें उपलब्ध हो सकेंगी। वेटिंग लिस्ट कम होने की संभावना रहेगी और अंतिम समय में टिकट मिलने की उम्मीद भी बढ़ेगी।

16 कोच के साथ चलेगी रानी कमलापति-रीवा वंदे भारत

यात्रियों की बढ़ती मांग एवं परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 20174/20173 रानी कमलापति–रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस की कोच संरचना में 7 अगस्त से 24 अक्टूबर तक अस्थाई संशोधन किया गया है। अर्थात उक्त अवधि में रानी कमलापति–रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस 8 कोच की बजाय 16 कोच से संचालित होगी। जिससे वर्तमान में एग्जीक्यूटिव चेयर कार एवं चेयर कार सहित कुल 530 बर्थों से बढ़कर 1128 तक होगी अर्थात 598 बर्थ अपेक्षाकृत बढ़ जाएंगे। वर्तमान कोच संरचना में गाड़ी में 01 एग्जीक्यूटिव चेयर कार कुल सीट 52, 02 चेयर कार कुल सीट 44, 05 चेयर कार (कुल सीट 78) सहित कुल 08 कोच संचालित किए जा रहे हैं। संशोधित कोच संरचना के अनुसार गाड़ी में 02 एग्जीक्यूटिव चेयर कार कुल सीट 52, 02 चेयर कार कुल सीट 44, 12 चेयर कार कुल सीट 78 सहित सहित कुल 16 कोच रहेंगे।

भोपाल मंडल होकर संचालित भागलपुर अजमेर हमसफर एक्सप्रेस निरस्त

पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल में प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण भोपाल मंडल के अशोकनगर-गुना से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 13423/13424 भागलपुर–अजमेर हमसफर एक्सप्रेस को आगामी माह में कुछ फेरे निरस्त करने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 13423 भागलपुर–अजमेर हमसफर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन भागलपुर से 24 सितंबर एवं 01 अक्टूबर को तथा गाड़ी संख्या 13424 अजमेर–भागलपुर हमसफर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन अजमेर से 26 सितंबर एवं 03 अक्टूबर को निरस्त रहेगी।

टैक्सी चालक संघ ने दी प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी, कहा- प्रभावित हो रही आजीविका

पहले आंशिक किराया बढ़ाया, फिर कैब कंपनियों ने लागू कर दिए वही पुराने रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल टैक्सी चालक संघ ने दावा किया है कि 23, 24 और 25 जून को एयरपोर्ट राइड के बहिष्कार के बाद एग्रीगेटर कंपनियां दबाव में आई थीं और उन्होंने किराए में आंशिक सुधार किया था।

हालांकि, संघ का आरोप है कि यह राहत कुछ समय तक ही रही और बाद में कंपनियां फिर पुराने किराए पर लौट आईं। संगठन का कहना है कि मौजूदा किराया बढ़ती महंगाई और संचालन लागत के मुकाबले पर्याप्त नहीं है, जिससे टैक्सी चालकों की आजीविका बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा | मंत्रालय में संगठन के साथ बैठक आयोजित करने का आश्वासन

परिवहन मंत्री को सौंपा ज्ञापन, बैठक का मिला भरोसा

प्रतीकात्मक फोटो।

संघ के महामंत्री राजेश कुमार नागले ने बताया कि 4 अगस्त को संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किराया निर्धारण, एग्रीगेटर कंपनियों की कार्यप्रणाली, अवैध बाइक-टैक्सी और कार संचालन समेत प्लेटफॉर्म वर्कर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया गया। परिवहन मंत्री ने ज्ञापन का अध्ययन करने के बाद परिवहन आयुक्त और परिवहन सचिव से चर्चा कर मंत्रालय में संगठन के साथ बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया है।

नई गाइडलाइन बनाने की मांग

संघ का कहना है कि मप्र में टैक्सी किराए के लिए स्पष्ट सरकारी गाइडलाइन नहीं होने से एग्रीगेटर कंपनियां मनमाने तरीके से किराया तय कर रही हैं।

संगठन ने सरकार से टैक्सियों के लिए अलग से किराया निर्धारण, स्पष्ट नीति और नियामक व्यवस्था लागू करने की मांग की है। इसके साथ ही संगठन ने मोटर वाहन अधिनियम-2025 की उन व्यवस्थाओं पर भी आपत्ति जताई है, जिनका हवाला देकर कंपनियां किराए में मनमानी करने का आरोप झेल रही हैं।

पैनिक बटन से बढ़ा खर्चा

ज्ञापन में पैनिक बटन और जीपीएस जैसे सुरक्षा उपकरणों के नाम पर ड्राइवरों पर बढ़ रहे आर्थिक बोझ का मुद्दा भी उठाया गया। इन व्यवस्थाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा, जबकि इनका खर्च टैक्सी चालकों पर पड़ रहा है। इसके अलावा एग्रीगेटर कंपनियों के माध्यम से कथित रूप से संचालित अवैध बाइक टैक्सी और कार संचालन पर भी कार्रवाई की मांग की गई है।

अब स्कूल बस संचालकों ने की किराया बढ़ाने की मांग

यात्री बसों के बाद अब स्कूल बस संचालक भी किराया बढ़ाने की मांग कर रहे है। अगर स्कूल बसों का किराया बढ़ता है, तो अभिभावकों को महंगाई की एक माह झेलनी पड़ेगी। दरअसल राजधानी में करीब 3300 से ज्यादा प्राइवेट और 200 से अधिक सरकारी स्कूलों के बच्चों को परिवहन सुविधा देने वाले स्कूल बस संचालक व ऑपरेटर 15 से 25 फीसदी तक किराया बढ़ाने की मांग कर रहे। इस संबंध में स्कूल बस संचालकों की एक बैठक हुई। जिसमें इस प्रस्ताव को पास किया गया। जल्द ही इस संबंध में निर्णय लेकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। स्कूल बस संचालकों के अनुसार हालाकि में पेट्रोल डीजल का किराया काफी बढ़ गया है।

डेढ़ लाख बच्चे जाते हैं बसों में

भोपाल में 3300 से अधिक बसों का संचालन किया जा रहा है। इनसे हर दिन लगभग डेढ़ लाख छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। अगर बस का किराया बढ़ता है,तो ऐसे में बसों से जाने वाले छात्रों के अभिभावकों पर औसतन 180 से लेकर 200 रुपए तक का बोझ पड़ेगा।

निरीक्षण के दौरान मिली कमियों पर सीएमएचओ ने की कार्रवाई

पीसीपीएनडीटी एक्ट उल्लंघन पर निरामय की सोनोग्राफी मशीन सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के उल्लंघन पर सीएमएचओ भोपाल एवं समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एक्ट द्वारा निरामय अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन को सील किया गया है। अस्पताल संचालक डॉ अखिलेश मोहन लहरी एवं रेडियोलॉजिस्ट डॉ.

सौरभ मिश्रा को नोटिस जारी कर दोनों के खिलाफ माननीय न्यायालय में परिवाद दायर किया जा रहा है। गुरुवार को सीएमएचओ कार्यालय की टीम द्वारा किए गए नियमित निरीक्षण के दौरान फॉर्म एफ में गंभीर अनियमितता मिली थी। फॉर्म में कुछ गर्भवती महिलाओं की प्रविष्टी मिली लेकिन एएनसी रजिस्टर में उनकी प्रविष्टि नहीं की गई। फॉर्म एफ में परीक्षण और परिणाम का उल्लेख नहीं किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ फॉर्म में मरीज के नाम के अलावा अन्य कोई भी प्रविष्टि नहीं पाई गई।

नगर निगम की कार्रवाईः मलबा फेंकती 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने गंदगी-प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ देर रात सख्त कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, एक ठेकेदार और एक रेस्टोरेंट पर 29,100 रुपए का जुर्माना लगाया। यह कार्रवाई निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और संबंधित जोनों के अमले ने की। जोन-21 की टीम ने केएन प्रधान चौराहा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सड़क पर सीएंडडी वेस्ट (निर्माण मलबा) गिराते हुए पकड़ा। मौके पर ही राज मंगल कंपनी के सुपरवाइजर से 8 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया। इसी दौरान 7 नंबर स्टॉप स्थित आरबीआई कॉलोनी में निर्माण कार्य में लगे डंपरों और ट्रकों से सड़क पर मिट्टी और गंदगी फैलती मिली। निगम ने संबंधित ठेकेदार के कर्मचारियों से तत्काल सफाई कराई और 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 134 पानी के सैंपल लिए, 37 लीकेज सुधारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के जल कार्य विभाग के अमले ने गुरुवार को शहर के 134 स्थानों से पानी के सैपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा 37 जगहों पर पाइप लाइन लीकेज सुधारे और गंदे पानी से संबंधित 12 शिकायतों का निराकरण किया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर यह कार्रवाई नवजीवन कॉलोनी, शंकर नगर, यादवपुरा, कोटरा सुल्तानाबाद, शिवाजी नगर, अर्जुन नगर, अवधपुरी, सोनागिरी, लालघाटी, सुभाष नगर, बरखेड़ा पठानी सहित कई क्षेत्रों में की गई। निगम अमला अब तक शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 27,205 पानी के सैंपल लेकर जांच करवा चुका है।

सीएमएचओ कार्यालय की पहल

निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को दिया गया जरूरी प्रशिक्षण

निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को सीएमएचओ कार्यालय ने दिया प्रशिक्षण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोनोग्राफी के माध्यम से गर्भवती महिला एवं गर्भस्थ शिशु में उत्पन्न हो रही उच्च जोखिम स्थिति के निदान किए जाने हेतु निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा प्रदायगी का विस्तार किया जा रहा है। महिलाओं को त्वरित सोनोग्राफी सुविधा उत्पन्न प्रदान किए जाने हेतु प्राइवेट सेक्टर के सोनोलॉजिस्ट का सहयोग लिया जा रहा है। सीएमएचओ कार्यालय द्वारा निजी क्षेत्र के सोनोलॉजिस्ट को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ई वाउचर जनरेट करने, रिकॉर्ड संधारण, आदि की जानकारी दी गई। ऐसे जिला चिकित्सालय जहां पर शासकीय सोनोलॉजिस्ट नहीं है एवं एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिन्हित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं को यूएसजी जांच हेतु प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटर में रेफर किया जा सकेगा।

एम्स के डॉ. अभिषेक सिंघई को एफआईएसएच फेलोशिप सम्मान

भोपाल। एम्स भोपाल के मेडिसिन विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सिंघई को प्रतिष्ठित एफआईएसएच (फेलोशिप ऑफ इंडियन सोसायटी ऑफ हाइपरटेंशन) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उच्च रक्तचाप के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नैदानिक कार्य, शोध तथा शैक्षणिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। उन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान चेन्नई में आयोजित इंडियन सोसायटी ऑफ हाइपरटेंशन के 36वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। यह सम्मान उच्च रक्तचाप के उपचार, अनुसंधान और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान तथा उत्कृष्ट कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है।

ऑडिट के दौरान किया गहन मूल्यांकन

आईईएचई को प्रदान किया आईएसओ सर्टिफिकेट

भारतीय मानक ब्यूरो ने संस्थान को आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन ने गुणवत्ता प्रबंधन एवं पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। भारतीय मानक ब्यूरो ने संस्थान को आईएसओ 9001:2015 तथा आईएसओ 14001:2015 का सर्टिफिकेट दिया है। इस उपलब्धि के लिए संस्थान में 14 से 18 जुलाई 2026 तक भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ ऑडिटरों द्वारा विस्तृत फेज-2 ऑडिट संपन्न किया गया। ऑडिट के दौरान संस्थान की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सहायक प्रक्रियाओं, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, पर्यावरणीय प्रबंधन, अभिलेखों, मानक संचालन प्रक्रियाओं, तथा संस्थागत कार्यप्रणाली का विभिन्न विभागों एवं समितियों में गहन मूल्यांकन किया गया।

प्रथम विश्व युद्ध (1917) में नगर सेठ ने दिए थे 35 हजार रुपए

यूके के डेप्ट मैनेजमेंट ऑफिस ने लीगल नोटिस के बाद शुरू की प्रक्रिया

109 साल बाद अब ब्रिटेन की सरकार लौटाएगी कर्ज सीहोर के सेठ परिवार से यूके सरकार ने मांगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सीहोर के प्रतिष्ठित नगर सेठ परिवार द्वारा ब्रिटिश हुकूमत को दिए गए 35 हजार रुपए के कर्ज (वार लोन) को लेकर एक बड़ी और ऐतिहासिक खबर सामने आई है। ब्रिटेन सरकार ने 109 साल पुराने इस कर्ज को चुकाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए देनदारी स्वीकार करने के संबंध में सेठ परिवार से आवश्यक दस्तावेज मांगे हैं। रूठिया परिवार के अनुसार साल 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत पर ब्रिटिश हुकूमत का शासन था। उस दौर में सेना के राशन, पानी और युद्ध से जुड़े भारी खर्चों की पूर्ति के लिए ब्रिटिश सरकार ने भोपाल रियासत सहित भारत के प्रमुख रईसों से (वॉर लोन) के रूप में फंड जुटाया था। इसी दौरान सीहोर के तत्कालीन रईस नगर सेठ जुम्मा लाल रूठिया ने ब्रिटिश सरकार को 35 हजार रुपए की राशि कर्ज के तौर पर दी थी। हालांकि 1937 में

राशन, पानी और युद्ध से जुड़े भारी खर्चों की पूर्ति के लिए ब्रिटिश सरकार ने भोपाल रियासत सहित भारत के प्रमुख रईसों से के रूप में फंड जुटाया था। इसी दौरान सीहोर के तत्कालीन रईस नगर सेठ जुम्मा लाल रूठिया ने ब्रिटिश सरकार को 35 हजार रुपए की राशि कर्ज के तौर पर दी थी।

मांगे गए दस्तावेज गिल्ट रजिस्ट्रार के सामने पेश किए जाएंगे

दस्तावेज मिलने के बाद रूठिया परिवार ने अपने अधिवक्ता श्रीयांश रानीवाल के माध्यम से ब्रिटेन सरकार के 'डेप्ट मैनेजमेंट ऑफिस' को ईमेल और हार्ड कॉपी भेजकर लीगल नोटिस दिया था। इस नोटिस के जवाब में यूके सरकार ने मामले को खारिज न करते हुए सकारात्मक रुख अपनाया है। ब्रिटेन सरकार ने लोन से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी और प्रासंगिक दस्तावेज मांगे हैं, जिन्हें वहां के गिल्ट रजिस्ट्रार के समक्ष पेश किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930